राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-157
लखनऊ, बुधवार 24 जनवरी, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 4.00
लखनऊ व कानपुर से प्रकाशित

आमंत्रण मूल्य ₹3

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



भारत के शौर्य व पराक्रम का प्रतीक हैं नेताजी : सीएम योगी 03

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नेताजी को अर्पित की श्रद्धांजलि 12

## यूपी गौरव सम्मान से नवाजी जाएंगी प्रदेश की प्रतिभाएं

### उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस पर आज अलग-अलग क्षेत्रों में उपलब्धि हासिल करने वाली हस्तियों को मिलेगा गौरव

▸ लखनऊ से डॉ. ऋतु करिधल व कानपुर से नवीन होंगे सम्मानित





समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** हर साल यूपी दिवस पर प्रदेश की प्रतिभाओं को उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। इसके तहत 11 लाख रुपए, स्मृति चिह्न, अंगवस्त्र और प्रमाण पत्र भेंट किया जाएगा।

इस साल भी उत्तर प्रदेश के अलग-अलग क्षेत्रों में उपलब्धि हासिल करने वाली प्रतिभाओं को उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान से नवाजा जाएगा। यूपी दिवस पर दिया यह सम्मान जाएगा। जिसमें लखनऊ की डॉक्टर ऋतु करिधल श्रीवास्तव और कानपुर के नवीन तिवारी को यह सम्मान दिया जाएगा। उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान के लिए चयनित वैज्ञानिक डॉ. ऋतु करीधल श्रीवास्तव लखनऊ की रहने वाली हैं। उन्होंने भारत के मार्स से ऑर्बिटर मिशन, मंगलयान के विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई हैं। वह इस मिशन की उप संचालन निदेशक भी थीं। मंगलयान इसरो की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक था। इसने भारत को मंगल ग्रह पर पहुंचने वाला दुनिया का चौथा देश बना दिया था। डॉ. ऋतु करीधल ने लखनऊ विश्वविद्यालय से भौतिकी में अपनी बीएससी पूरी की। वह छह महीने तक लखनऊ विश्वविद्यालय में शोध छात्रा रही हैं। उन्हें वार्षिक दीक्षांत समारोह 2019 के दौरान लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा डीएससी की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया है। करीधल 1997 से इसरो के लिए काम कर रही हैं। एयरोस्पेस इंजीनियरिंग में मास्टर डिग्री हासिल करने के लिए वह आईआईएससी, बैंगलोर में भी रही हैं। फोर्ब्स और फॉर्च्यून जैसी पत्रिकाओं के कवर पर नियमित रूप से छपने वाले कानुपर के नवीन तिवारी उत्तर प्रदेश और भारत को दुनिया में गौरवान्वित कर रहे हैं। उन्होंने दो यूनिकॉर्न बनाए और भारत को अपना पहला यूनिकॉर्न दिया। उन्होंने दुनिया में सबसे बड़ा स्वतंत्र मोबाइल एडटेक प्लेटफॉर्म स्थापित किया है, जो उत्तर प्रदेश और भारत के स्थानीय व्यवसायों को राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय दर्शकों से जोड़ता है। उनका लॉक स्क्रीन सॉफ्टवेयर वैश्विक स्तर पर 40 करोड़ से अधिक स्मार्टफोन पर मौजूद है। उद्यमी नवीन ने भारत को विश्व मंच पर स्थापित करने के साथ ही 26 देशों में उपस्थिति दर्ज की है। साथ 3000 लोगों को प्रत्यक्ष रूप से रोजगार दिया जबकि हजारों लोगों को अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार दिया है।

## यूपी पीसीएस 2023 का परिणाम घोषित

### देवबंद के सिद्धार्थ गुप्ता ने किया टॉप, प्रयागराज के प्रेम शंकर पांडेय दूसरे तथा हरदोई के सात्विक श्रीवास्तव तीसरे स्थान पर रहे

समृद्धि न्यूज



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग यूपीपीएससी ने मंगलवार को राज्य प्रवर अधीनस्थ सेवा पीसीएस परीक्षा-2023 का अंतिम चयन परिणाम जारी कर दिया गया। दूधा मोहल्ला, देवबंद के सिद्धार्थ गुप्ता ने परीक्षा में शीर्ष स्थान हासिल किया है। वहीं, प्रयागराज के प्रेम शंकर पांडेय मेरिट में दूसरे और हरदोई के सात्विक श्रीवास्तव तीसरे स्थान पर हैं। चयनित अभ्यर्थियों में 167 पुरुष और 84 महिलाएं 33.46 फीसदी हैं। पीसीएस 2023 की टॉप टेन मेरिट में आठ पुरुष एवं दो महिला और टॉप 20 मेरिट में 13 पुरुष एवं सात महिलाएं शामिल हैं। महिला वर्ग में मेरठ की शुभि गुप्ता अव्वल हैं जबकि मेरिट में उन्हें सातवां स्थान मिला है। 19 प्रकार के पदों के लिए 251 अभ्यर्थियों को अंतिम रूप से चयनित घोषित किया गया है। आयोग ने आठ माह नौ दिन में परिणाम देकर नया कीर्तिमान बनाया है। चयनितों में ओबीसी श्रेणी के 77 एससी श्रेणी के 55 और एसटी श्रेणी के दो अभ्यर्थी शामिल हैं। अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित एक पद और अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित एक पद यानी दो पद संगत श्रेणी में उपयुक्त अभ्यर्थी उपलब्ध न होने के कारण खाली रह गए। आयोग ने इन दोनों पदों के पुनर्विज्ञापन की संस्तुति की है। पीसीएस 2023 की प्रारंभिक परीक्षा 14 मई 2023 को हुई थी जिसके लिए 565459 अभ्यर्थी पंजीकृत थे और इनमें से 345022 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए थे। आयोग ने 26 जून 2023 को प्रारंभिक परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया था जिसमें 4047 अभ्यर्थियों को मुख्य परीक्षा के लिए सफल घोषित किया गया था।

## संक्षिप्त समाचार

### एटीएस ने पांच बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा

**मुंबई।** पुणे जिले के निगड़ी में एंटी टेरोरिस्ट स्क्वायड (एटीएस) ने छापा मारकर अवैध रूप से रह रहे पांच बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। तीन आरोपितों ने गोवा से अवैध पासपोर्ट हासिल किया है जबकि दो आरोपितों की अवैध पासपोर्ट बनाने की प्रकिया चल रही थी। एटीएस की टीम इनसे गहन पूछताछ कर रही है। टीम ने निगड़ी पुलिस के साथ मिलकर साईनाथ नगर में छापा मारकर पांच बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया है। इन आरोपितों की पहचान रॉकी समोर बरुआ (28), जयधन अमीरन बरुआ (28), अंकुर सुसेन बरुआ (26), रतुल शेल्फन् बरुआ (28) और राणा नंदन बरुआ (25) के रूप में की गई है।

### ईडी ने झारखंड के सीएम सोरेन को फिर बुलाया

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को एक बार फिर पूछताछ के लिए बुलाया है।ईडी ने 27-31 जनवरी की तारीख दी है और कहा है कि मुख्यमंत्री अपने हिसाब से इसके लिए तारीख तय कर सकते हैं। 20 जनवरी को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से ईडी के अधिकारियों ने लंबी पूछताछ की थी। लगभग सात घंटे की पूछताछ के बाद मुख्यमंत्री आवास से ईडी की टीम बाहर निकली थी। मुख्यमंत्री से ईडी ने बड़गाई अंचल में डीएवी बरियातू के पीछे स्थित 8.46 एकड़ जमीन के संबंध में पूछताछ की थी। मुख्यमंत्री से उनके और पारिवारिक सदस्यों द्वारा अर्जित संपत्ति के बारे में भी पूछताछ की थी।

### जामिया यूनिवर्सिटी में लगे बाबरी के नारे, वीडियो वायरल

**नई दिल्ली।** दिल्ली की जामिया मिल्लिया इस्लामिया यूनिवर्सिटी में 'स्ट्राइक फॉर बाबरी' जैसे नारे लगाए जाने का वीडियो सामने आया है। इसके बाद एतहियात के तौर पर सोमवार को यूनिवर्सिटी के बाहर पुलिसकर्मियों को तैनात कर दिया गया है। डीसीपी राजेश देव ने बताया कि लुबाबिब बशीर के नेतृत्व में फ्रेटरनिटी मूवमेंट नामक एक समूह द्वारा कुछ विरोध प्रदर्शन के बारे में सोमवार को जानकारी प्राप्त हुई थी। उसी को देखते हुए एहतियातन फोर्स की तैनाती की गई है। डीसीपी के अनुसार कैंपस के बाहर कोई विरोध प्रदर्शन नहीं किया गया। स्थानीय पुलिस परिसर के अंदर नहीं गयी। सोशल में मीडिया में चलने वाला वीडियो कैंपस के अंदर का हैं।

### 13 आरोपितों की 23 अवैध संपत्तियों पर चला बुलडोजर

**मुंबई।** मीरा रोड में स्थित नयानगर में मंगलवार को 13 आरोपितों की 23 अवैध संपत्तियों को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया गया है। बुलडोजर चलाते समय मीरा रोड और भाइंदर में तगड़ा पुलिस बंदोबस्त रखा गया था। इन आरोपितों ने रविवार रात को रामलला प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर निकाले गए जुलूस पर पथराव किया था। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर रविवार रात को मीरा रोड के नया नगर में हैदरी चौक पर जुलूस पर पथराव किया गया था। इसके बाद सोमवार को पुलिस ने इस घटना में शामिल 13 आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। इन सभी आरोपितों से पुलिस की पूछताछ जारी है, लेकिन आज पुलिस और मीरा भाईंदर नगर निगम के अधिकारियों ने मिलकर 13 आरोपितों के 23 अवैध निर्माण ध्वस्त कर दिये।

# उमड़ा रामभक्तों का सैलाब

### राम मंदिर में भीड़ को नियंत्रित करने के लिए सुरक्षाकर्मियों को करनी पड़ी मशक्कत, धक्का-मुक्की में श्रद्धालु बेहोश

▸ देर शाम तक साढ़े तीन लाख श्रद्धालुओं ने किए रामलला के दर्शन

समृद्धि न्यूज



**अयोध्या।** । श्रीराम जन्मभूमि पर रामलला के दर्शन को लगी कतार टूटने का नाम नहीं ले रही है। अयोध्या में भक्तों का सैलाब आ गया है। भगवान राम के दर्शन के लिए हजारों की तादाद में लगातार श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। राम मंदिर भक्तों से खचाखच भर गया है।

भीड़ इतनी बढ़ गई है कि मंदिर प्रबंधन को उन्हें संभालने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस दौरान धक्का-मुक्की में एक श्रद्धालु बेहोश हो गया।

उत्तर प्रदेश सरकार का कहना है कि मंगलवार की शाम तक साढ़े तीन लाख श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं और उतनी ही संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने के लिए बाहर हैं। अयोध्या में इतने भक्त आए हैं कि आज सबको दर्शन नहीं मिल पाएगा। वहीं, भक्तों का कहना है कि दर्शन करके ही जाएंगे। भले ही इंतजार क्यों न करना पड़े। राम दरबार में इंतजार करना भी हमारे लिए सौभाग्य होगा।

#### मुख्यमंत्री योगी ने हेलीकाप्टर से परखी अयोध्या की व्यवस्था

अयोध्या में भक्तों के जनसैलाब की वजह से दर्शन में अव्यवस्था की भनक लगते ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लखनऊ से हेलीकॉप्टर से अयोध्या पहुंचे और भीड़ व इंतजाम का हवाई निरीक्षण किया। प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद और डीजी कानून एवं व्यवस्था प्रशांत कुमार मंदिर परिसर में ही मौजूद रहे हैं। दोनों अफसर भक्तों की भीड़ और दर्शन की व्यवस्था के बीच संतुलन बनाने की कोशिश करते नजर आये।

## सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च का एफसीआरए लाइसेंस रद्द

एजेंसी

▸ गृह मंत्रालय ने नियमों के कथित उल्लंघन के कारण लिया फैसला

**नई दिल्ली।** गृह मंत्रालय ने नियमों के कथित उल्लंघन के कारण प्रसिद्ध गैर-सरकारी संगठन सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च (सीपीआर) का विदेशी योगदान विनियमन अधिनियम (एफसीआरए) लाइसेंस रद्द कर दिया है। विदेशी अंशदान पंजीकरण अधिनियम के तहत सीपीआर का लाइसेंस ग्यारह महीने पहले निलंबित कर दिया गया था।

रिपोर्ट के मुताबिक रद्द करने का आदेश 10 जनवरी को जारी किया गया था। सीपीआर ने दृढ़ता से दोहराया कि वह कानून के दायरे में काम कर रहा है। भारतीय सार्वजनिक जीवन और नीति के लिए गहराई से मायने रखने वाले मुद्दों पर विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त उच्च गुणवत्ता वाले अनुसंधान प्रदान करने के लिए इसका काम दशकों से किया गया है। हमारे एफसीआरए को रद्द करना दुखद है, क्योंकि यह एक ऐसा रद्दीकरण है जो असंगत है और सुनवाई के पर्याप्त अवसर के बिना है। हम न्याय पाने के लिए अपने विकल्पों पर विचार करेंगे। हम अपने मूल लक्ष्यों के प्रति प्रतिबद्ध हैं और अपने विश्वास पर कायम हैं कि इस मामले को संवैधानिक मूल्यों और गारंटी के अनुरूप हल किया जाएगा। कानून के अनुसार, भारत में कार्यरत गैर-लाभकारी संगठन केवल एफसीआरए के तहत पंजीकृत होने के बाद ही विदेशी धन प्राप्त करने के पात्र हैं। लाइसेंस निलंबन के कारण देश में गैर-लाभकारी संस्थाएं गृह मंत्रालय की मंजूरी के बिना पहले से प्राप्त विदेशी दान का उपयोग करने या नए दान प्राप्त करने में असमर्थ हैं।

### हथियारबंद बदमाश 90 लाख लूटकर हुए फरार

**अररिया।** बिहार के अररिया जिले में दिनदहाड़े बैंक डकैती हुई है। करीब आधा दर्जन अपराधी बैंक में घुसे। इसके बाद हथियार के बल पर करीब 90 लाख रुपए लूटकर मौके से फरार हो गए। वहीं, इस घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है। घटना अररिया शहर के एडीबी चौक स्थित एक्सिस बैंक की है। बताया जा रहा है कि मंगलवार सुबह रोजाना की तरह समय पर एक्सिस बैंक खुली। करीब साढ़े ग्यारह बजे करीब आधा दर्जन अपराधी बैंक में घुस गए। अपराधियों को देखते ही बैंक के स्टाफ दहशत में आ गए। अपराधियों ने बैंक के कर्मचारी और ग्राहकों को बैंक के चेस्ट रूम में बंद दिया। अपराधियों ने डराने के लिए फायरिंग भी की और फिर बैंक में रखे रुपए लूटकर मौके से फरार हो गए। इधर, घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और कमरे में बंद लोगों को बाहर निकाला। पुलिस ने मौके से बैंक में खाली खोखा बरामद किया।

## बाला साहेब की जयंती पर गृह मंत्री अमित शाह ने किया नमन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को शिवसेना के संस्थापक बाला साहेब ठाकरे को प्रखर राष्ट्रवादी नेता बताया और उनकी जयंती पर उन्हें नमन करते हुए कहा कि सार्वजनिक जीवन के माध्यम से उन्होंने सिखाया है कि संघर्षों व कठिनाइयों के बाद भी कैसे अपनी विचारधारा और राष्ट्रहित के प्रति अडिग रहा जाता है। बाला साहब ठाकरे का जन्म 23 जनवरी 1926 को हुआ था। उन्होंने 1966 में शिवसेना की स्थापना की थी। बाला साहब की मृत्यु के बाद उनके पुत्र उद्धव ठाकरे पार्टी की कमान संभाल रहे हैं।

अमित शाह ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ष्प्रखर राष्ट्रवादी नेता आदरणीय बाला साहेब ठाकरे जी की जयंती पर उन्हें नमन करता हूं। बाला साहेब ने अपने लंबे सार्वजनिक जीवन के माध्यम से सबको सिखाया कि अनेक संघर्षों और कठिनाइयों के बाद भी कैसे अपनी विचारधारा और राष्ट्रहित के प्रति अडिग रहा जाता है। अपनी निर्भीकता व स्पष्टवादिता के लिए वे सदैव हमारी स्मृति में रहेंगे।

गौरतलब है कि शिवसेना लंबे समय तक भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का हिस्सा रही लेकिन मतभेदों के बाद साल 2019 में यह गठबंधन टूट गया। इसके बाद शिवसेना ने कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के साथ मिल कर राज्य में सरकार बनाई और उद्धव ठाकरे महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री बने। बाद में शिवसेना में फूट पड़ गई जिससे उद्धव ठाकरे की सरकार गिर गई और एकनाथ शिंदे की अगुवाई में अलग हुए गुट ने भाजपा के समर्थन से राज्य में सरकार बनाई।

### चार दिन बंद रहेंगे बैंक जल्द निपटा लें जरूरी काम



**लखनऊ।** बैंक से जुड़ा कोई भी काम हो तो शहरवासियों को जल्द निपटा लेना चाहिए। क्योंकि चार दिनों तक बैंक बंद रहेंगे और लोगों को बैंक से जुड़े मामलों में दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। जानकारी के मुताबिक, बैंक चार दिनों तक बंद रहेंगे। चौंकिए मत, बैंक एसोसिएशन की ओर से कोई हड़ताल नहीं होने जा रही है लेकिन सरकारी छुट्टी के कारण बैंक बंद रहेंगे। 25 जनवरी को हजरत अली की जयंती, 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस, 27 जनवरी को चौथा शनिवार और 28 जनवरी को रविवार के कारण बैंक बंद रहेंगे। इससे पहले 24 जनवरी यानी बुधवार को बैंक खुलेगा और जो भी काम करना हो वो उसी दिन निपटा लें।

### प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रीय बाल पुरस्कार विजेताओं से की बातचीत



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को अपने आवास, 7 लोक कल्याण मार्ग पर 19 प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार (पीएमआरबीपी) विजेताओं के साथ बातचीत की। प्रधानमंत्री ने प्रत्येक पुरस्कार विजेता को स्मृति चिन्ह भेंट किए और फिर उनके साथ खुलकर बातचीत की। बच्चों ने प्रधानमंत्री के साथ अपनी-अपनी उपलब्धियों का विवरण साझा किया जिसके कारण उन्हें पुरस्कार के लिए चुना गया है। इस दौरान संगीत, संस्कृति, सौर ऊर्जा, बैडमिंटन, शतरंज खेल जैसे विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार कला और संस्कृति, बहादुरी, नवाचार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, सामाजिक सेवा, खेल और पर्यावरण जैसी सात श्रेणियों में असाधारण उपलब्धि के लिए बच्चों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित करती रही है। प्रत्येक पुरस्कार विजेता को एक पदक, प्रमाण पत्र और प्रशस्ति पुस्तिका दी जाती है।

## विशिष्ट वैभव फेलोशिप की हुई शुरुआत, 22 वैज्ञानिकों का चयन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जितेन्द्र सिंह ने मंगलवार को विशिष्ट वैश्विक भारतीय वैज्ञानिक (वैभव) फेलोशिप की शुरुआत की और पिछले साल शुरू किए गए फेलोशिप कार्यक्रम में चयनित वैज्ञानिकों के नामों की घोषणा की। वैभव फेलोशिप के तहत विदेशों में रह रहे भारतीय मूल के 22 वैज्ञानिकों का चयन किया गया है।

इस मौके पर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री जितेन्द्र सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय प्रवासी समग्र वैश्विक आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं और वे उन देशों की प्रगति में अपना योगदान दे रहे हैं, वे बसे हुए हैं। वे अपनी मातृभूमि से भी जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि आज का भारत उन्हें अधिक अवसरों और काम में अधिक आसानी के साथ वापस बुला रहा है। उन्होंने कहा कि आज का भारत कल के भारत से बिलकुल अलग है। आज शोध -अध्ययन के लिए भारत में वातावरण तैयार किया गया है, जो कि नौ साल पहले देश में नहीं हुआ करता था। आज देश के युवाओं का पलायन विदेशों की तरफ बेहद कम है। जितेन्द्र सिंह ने भारतीय प्रवासी लोगों से कहा कि देश में आज हर क्षेत्र में शोध और अध्ययन करने के लिए अनुकूल वातावरण है। जितेन्द्र सिंह ने कहा कि यह फेलोशिप हमारे भारतीय मूल के शोधकर्ताओं के लिए ऐसा मंच है, जिससे वे अपना अनुभव साझा करने के साथ-साथ उनके लिए भारत की संस्कृति को भी करीब से जानने का मौका होगा।

तैयारी

### एविएशन टर्बाइन फ्यूल और बायोफ्यूल के मिश्रित मिश्रण का उपयोग करके उड़ान भरेंगे विमान

## वायु सेना पहली बार फ्लाईपास्ट में दिखाएगी टैंगेल फॉर्मेशन

एजेंसी



**नई दिल्ली।** गणतंत्र दिवस परेड में फ्लाईपास्ट के दौरान उड़ाए जाने वाले 'टैंगेल' फॉर्मेशन में हेरिटेज विमान डकोटा शामिल होगा, जिसके साथ दो डोर्नियर-228 विमान होंगे। यह विमान एविएशन टर्बाइन फ्यूल और बायोफ्यूल के मिश्रित मिश्रण का उपयोग करके उड़ान भरेंगे। इस 'टैंगेल' फॉर्मेशन का पहली बार भारत ने पाकिस्तान के साथ युद्ध के दौरान 11 दिसंबर, 1971 को इस्तेमाल किया था, जब वायु सेना के जवानों को पैराशूट से एयरड्रॉप किया गया था।

गणतंत्र दिवस परेड में इस बार वायु सेना के फ्लाईपास्ट का हिस्सा महिला लड़ाकू पायलट भी होंगी। फ्रांस से भारत को मिला पहला सी-295 परिवहन विमान भी गणतंत्र दिवस परेड में हिस्सा लेगा। भारतीय वायु सेना 1971 में पाकिस्तान पर विजय के प्रसिद्ध टैंगेल एयरड्रॉप को भी चित्रित करेगी, जिसमें एक डकोटा विमान और दो डोर्नियर टैंगेल फॉर्मेशन में उड़ान भरेंगे। परेड में कुल 51 विमान भाग लेंगे, जिनमें 29 लड़ाकू विमान, 8 परिवहन और 13 हेलीकॉप्टर और एक विरासत विमान शामिल होंगे। चार विमान भारतीय सेना के और एक भारतीय नौसेना से होगा। परेड में सुखोई-30 लड़ाकू विमान को फ्लाइंग ऑफिसर अस्मा शेख और फ्लाइट लेफ्टिनेंट अनन्या शर्मा उड़ाएंगी। परेड में 6 राफेल वज्रांग फॉर्मेशन इनवर्टेड वाइन ग्लास फॉर्मेशन में उड़ान भरेंगे। भारतीय सेना एडवांस लाइट हेलीकॉप्टर (एएलएच) ध्रुव के हथियारयुक्त संस्करण का भी प्रदर्शन करेगी, जिसे रुद्र के नाम से भी जाना जाता है। इस बार परेड में फ्रांसीसी सेना की 95 जवानों वाली मार्चिंग कंटीजेंट, 33 जवानों का बैंड और फ्रांसीसी वायु सेना के राफेल जेट और मल्टीरोल टैंकर ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट शामिल होंगे।

### 100 महिला कलाकार वाद्य यंत्रों के साथ करेंगी परेड का आगाज

**नई दिल्ली।** देश के 75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर कर्तव्य पथ पर निकलने वाली परेड का आगाज पहली बार 100 महिला कलाकार पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ करेंगी। मंगलवार को संस्कृति मंत्रालय द्वारा आयोजित संवाददाता सम्मेलन में केन्द्रीय राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी ने बताया कि विकसित भारत और भारत-लोकतंत्र की मातृका थीम पर होने वाली परेड का पहली बार आगाज 100 महिला कलाकार अपने अपने राज्यों के वेषभूषा के साथ शंख, नगाड़ा और अन्य पारंपरिक वाद्य यंत्रों को बजाते हुए करेंगी। इसके साथ पहली बार 30 राज्यों की 1500 महिला कलाकार लोकनृत्य और शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुत करेंगी। इसके साथ कर्तव्य पथ पर सभी राज्यों की करीब 1900 साड़ियां प्रदर्शित की जाएंगी। संगीत नाटक अकादमी की सचिव संध्या पुरेचा ने बताया कि 26 जनवरी परेड की शुरुआत हमेशा सैन्य बैंड के साथ की जाती है लेकिन इस बार देशभर की 100 महिला सांस्कृतिक कलाकार पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ परेड का आगाज करेंगी।

# सड़क सुरक्षा अन्तर्गत शपथ कार्यक्रम आयोजित

## सड़क सुरक्षा नियमों से जागरूक हो बच्चें, परिवार के लोगों को भी यातायात नियमों से परिचित कराएंः उपजिलाधिकारी

**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**




सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह दिनांक 15 जनवरी से 14 फरवरी तक सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है। उसी के उपलक्ष्य में क्रम में नेता जी सुभाष चन्द्र बोस जयंती के अवसर पर मानव श्रृंखला का निर्माण एवं सड़क सुरक्षा शपथ का कार्यक्रम राजकीय इण्टर, कॉलेज, बाराबंकी के मैदान (ऑडिटोरियम) में किया गया।

उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उप जिलाधिकारी, विजय कुमार त्रिवेदी सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) अंकिता शुक्ला, जिला विद्यालय निरीक्षक ओपी त्रिपाठी, राजकीय इण्टर कॉलेज के प्रधानाचार्य राधेश्याम धीमान, राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज की प्रधानाचार्या नंदिता सिंह, यातायात निरीक्षक रामयतन यादव, जिला स्काउट मास्टर राजेन्द्र त्रिपाठी कलाध्यापक एवं पूर्व दिव्यांग यूथ आईकॉन कृत, जिला गाइड कैप्टन रितु अग्निहोत्री, स्काउट मास्टर रामाधार भारती, गाइड कैप्टन साधना द्विवेदी एवं परिवहन विभाग के समस्त कर्मचारी गण उपस्थित रहें।

कार्यक्रम का संचालन राजेन्द्र त्रिपाठी, जिला स्काउट गाइड मास्टर के द्वारा किया गया, सर्वप्रथम विद्यालय के छात्र/छात्राओं द्वारा मानव श्रृंखला का निर्माण करते हुए हेलमेट की आकृति बनायी गयी, जिसके पश्चात जीआईसी ग्राउंड में उपस्थित सभी लोगों का स्वागत किया गया, जिसके पश्चात वहां उपस्थित अधिकारियों/शिक्षकों के द्वारा सुभाष चन्द्र बोस के विषय में परिचय के साथ-साथ छात्र/छात्राओं को सड़क सुरक्षा सम्बन्धी नियमों से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में उपस्थित यातायात निरीक्षक के द्वारा छात्र/छात्राओं से सकारात्मक जिद किये जाने का अनुरोध करते हुए बताया गया कि वह अपने परिवार के लोगों को नियमों से परिचित कराएं तथा उनके घर से बाहर निकलने के समय जिद करके यह सुनिश्चित करवायें कि उनके द्वारा दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट तथा चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट अवश्य धारण की जाये तथा जिन छात्र/छात्राओं की आयु 18 वर्ष पूर्ण नहीं हुई है तथा लाईसेन्स नहीं प्राप्त किया है उनको कभी भी घर वालों से जिद करके वाहन नहीं मांगना चाहिए। उप जिलाधिकारी द्वारा भी छात्र/छात्राओं को सड़क सुरक्षा सम्बन्धी नियमों के प्रति सजग रहने तथा दूसरों को भी सजग करने हेतु प्रेरित किया गया, जिसके उपरान्त सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) द्वारा सभी को सड़क सुरक्षा शपथ दिलाते हुए सड़क सुरक्षा के सम्बन्ध में विस्तार से बताया गया एवं कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को विशेषकर छात्र/छात्राओं को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कार्यक्रम को समाप्त किया गया।

# वनमाफियाओं ने महुआ के प्रतिबंधित पेड़ काटे

**हैदरगढ़, बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**



वन अधिकारियों का कथित संरक्षण पाकर बेखौफ हुए वन माफियाओं ने सरकारी जंगल में लगे कई दशक पुराने आम महुआ प्रजाति के प्रतिबंधित पेड़ काट डाले। पीछले कई दिनों से सरकारी जंगल में चल रही है अवेद कटन की जानकारी होने पर अप जिला अधिकारी द्वारा बन विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों को कार्यवाही के निर्देश दिये गए हैं उप जिला अधिकारी की इस कार्यवाही से हड़कम्प मचा हुआ है।

जानकारी के अनुसार तहसील मुख्यालय से तीन किमी दूर कौड़िया मजरे कनवा गांव के समीप दस बीघा सरकारी भूमि पर कौड़िया जंगल के नाम से एक जंगल स्थितहै। इस जंगल में बड़ी संख्या में आम,महुआ नीम व शीशम के अलावा जंगली पेड़ लगे हुए हैं। बताते हैं कि वन माफियाओं की बुरी नजर इस सरकारी जंगल पर पड़ गई। जिसके कारण चार दिन पहले जंगल में पुराने प्रतिबंधित आम व महुआ के पेड़ों पर आरा चलने लगे। प्रतिदिन कटान के साथ ही लकड़ी की उठान भी होने लगी। चार दिन से सरकारी जंगल में लगातार हो रही अवैध कटान की सूचना मंगलवार की देर शाम एसडीएम अनुराग सिंह को मिली। एसडीएम ने बताया कि वन विभाग ने एक सूखे पेड़ की परमिट जारी होने की बात कही है। बताया कि रेंजर को तत्काल कटान रोकने के आदेश दिए गए हैं। बुधवार को राजस्व टीम मौके पर भेजकर गहनता से जांच कराई जाएगी साथ ही जरूरत पड़ने पर पैमाइश भी कराई जाएगी। ।बताया कि जांच के बाद दोषी लोगों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।



## विशाल भंडारे के साथ हुई श्रीमद्भागवत कथा

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** सार्वजनिक इंटर कॉलेज के सामने स्थित खेल मैदान पर सब्जी मंडी वार्ड के सभासद विपिन सोनी द्वारा पिछली 14 जनवरी से चल रही श्रीमद् भागवत कथा का आज विशाल भंडारे के साथ समापन हो गया। जिसमें कई हजार श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर सभासद विपिन सोनी ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अयोध्या धाम से पधारे महाराज जी द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का भव्य गुणगान किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से व्यापार मंडल अध्यक्ष योगेश द्विवेदी नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी सभासद सूरज दीक्षित शिवा वर्मा सौरभ अग्रवाल दीपक सोनी राजकुमार सोनी रमन सोनी बैजनाथ मौर्य विवेक मिश्रा शेखर मिश्रा ज्ञानू मिश्रा अनिल सोनी सत्यम सोनी अश्वनी अग्रवाल संतोष शुक्ला सहित लोग उपस्थित रहे।

## 16 घण्टे अंधेरे में रहे नगर पंचायत जैदपुर के लोग

**जैदपुर, बाराबंकी।** रात मे अचानक खराबी होने के चलते लाईट कटने से अधेरे मे डूबा पूरे जैदपुर सहित आस पास के ग्रामीण क्षेत्र के सैकड़ो गांव 16 घंटे लोग परेशान रहे। बताते चले कि बीती रात लगभग 11 बजे से अचानक लाईट में खराबी होने के चलते कस्बे सहित सोकडों गांव में अधेरा छा गया।पड़रा गांव मे बाक्स में दिक्कत होने के चलते रात 11 बजे से दूसरे दिन देर शाम तक बिजली सप्लाई बाधित रही। जबकि फाल्ट को खोजने में अधिक समय लग गया फाल्ट मिलते ही बिजली कर्मचारियों द्वारा कड़ी मेहनत के बाद सप्लाई चालू कर दी गयी है।

इस संबंध में जेई शमशुल लका ने बताया कि अचानक फाल्ट होने से यह असुविधा हुई है जबकि सब लोग रात भर कोशिश करते रहे।

# जयंती पर श्रद्धा के साथ याद किये गए नेता जी

**हैदरगढ़, बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**




तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा जैसे नारे को जन्म देने वाले महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद बोस का जन्म 23 जनवरी 1897 को ओडिशा के कुट्टक गांव में हुआ। उनके पिता जानकीनाथ बोस वकील थे। उनकी माता का नाम प्रभावती था।

वे भारत के स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी तथा सबसे बड़े नेता थे। द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ लड़ने के लिए जापान के सहयोग से आजाद हिन्द फौज का गठन किया था। नेताजी सुभाष चंद बोस द्वारा दिया गया जय हिंद का नारा भारत का राष्ट्रीय नारा है उक्त विचार ग्राम्यांचल इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रेम कुमार गुप्ता ने सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर व्यक्त किये। उन्होंने आगे कहा कि नेताजी ने आत्मविश्वास, भाव-प्रवणता, कल्पनाशीलता और नवजागरण के बल पर युवाओं में राष्ट्र के प्रति मुक्ति व इतिहास की रचना का मंगल शंखनाद किया।

मनुष्य इस संसार में एक निश्चित, निहित उद्देश्य की प्राप्ति, किसी संदेश को प्रचारित करने के लिए जन्म लेता है। जिसकी जितनी शक्ति, आकांक्षा और क्षमता है वह उसी के अनुरूप अपना कर्मक्षेत्र निर्धारित करता है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से इंटर कॉलेज के प्रबंधक शिवकुमार चतुर्वेदी सरवर सिद्दीकी सहित अध्यापक स्टाफ उपस्थित रहा।

# ग्राम्यांचल में आयोजित हुई संगीतमयी सुन्दरकाण्ड का पाठ

**हैदरगढ़, बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

अयोध्या में श्री राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर ग्राम्यांचल लॉ कॉलेज में ग्राम्यांचल सेवा समिति के महासचिव आशुतोष अवस्थी द्वारा संगीतमयी सुंदरकांड पाठ के आयोजन के उपरांत प्रसाद वितरण और करीब तीन सैकड़ा निराश्रित और गरीब लोगों के बीच कंबल वितरण किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता आशुतोष अवस्थी द्वारा क्षेत्रीय कांग्रेसी नेताओं के साथ मिलकर केक काटकर पूर्व सांसद पीएल पुनिया का जन्मदिन मनाया गया। आशुतोष अवस्थी टिंकू भैया ने कहा कि हमारे पिता स्व.पंडित सुरेंद्रनाथ अवस्थी को वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं समाजसेवी के रूप में पूरा प्रदेश जानता था वह हमेशा समाज के सभी व्यक्तियों को साथ लेकर चलने वाले व्यक्ति थे। वह गरीबों और निराश्रितों की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहते थे पूरा प्रदेश उन्हें जमीनी नेता के नाम से भी जानता था। आशुतोष अवस्थी टिंकू भैया ने कहा कि भले ही आज मेरे पिता श्री और माता जी इस दुनिया में नहीं है और मैं हमेशा उन्हीं के पद चिन्हों पर चलने का प्रयास करूंगा इसके लिए मुझे आप सभी लोगों का आशीर्वाद और मार्गदर्शन भी चाहिए। इस अवसर पर ग्राम्यांचल सेवा समिति के निदेशक शरद अवस्थी कोषाध्यक्ष सिद्धार्थ अवस्थी ने आए हुए सभी अतिथियों के प्रति आभार प्रकट किया। सुंदरकांड पाठ का सफल आयोजन सोनू बाजपेई व उनकी टीम द्वारा किया गया।

## खबरें एक नजर में

### पं दीन दयाल उपाध्याय के सपनो को साकार कर रही सरकार

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** भाजपा सरकार अंतिम व्यक्तियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है। सबको आवास ,निःशुल्क राशन, हर घर नल से जल पहुच रहा है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सपनों को साकार हमारी सरकार बिना भेद भाव कर रही है। अयोध्या में रामलला विराजमान हो गए हैं देश के लोगों में रामराज्य की अनुभूति हो रही है। यह बात भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री रामबाबू द्विवेदी ने महाभारत कालीन कुंतेश्वर धाम में नागेन्द्र प्रताप सिंह जिला शोसल मीडिया प्रभारी किसान मोर्चा के संयोजन में आयोजित कम्बल वितरण कार्यक्रम में कही। मंगलवार को भाजपा प्रदेश महामंत्री रामबाबू द्विवेदी ने कुंतेश्वरधाम पहुंचकर भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना किया। इसके बाद उन्होंने मंदिर परिसर में क्षेत्र से आये जरूरतमंद लोगों में ठंड से बचने के लिए कंबल वितरण किया। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार लगातार तहसील प्रशासन के द्वारा कंबल वितरण करवा रही है। ठंड अधिक पड़ रही है।

### कृषि सिंचाई योजना में किसान लाभ लेने के लिए करें आवेदन

**बाराबंकी।** भूमि संरक्षण अधिकारी द्वारा बताया गया कि जनपद के विकास खण्ड-देवा, फतेहपुर, निंदूरा, सूरतगंज, रामनगर, सिरौलीगौसपुर, पूरेडलई एवं मसौली के कृषकों के लिये प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजनान्तर्गत वर्षा जल संचयन हेतु भूमि संरक्षण इकाई कुर्सी, स्थित-बाराबंकी द्वारा सामान्य वर्ग के कृषको हेतु दो खेत तालाब का लक्ष्य इकाई हेतु अवशेष है जो लाभार्थी अपने निजी खेत में तालाब खुदवाने हेतु इच्छुक हो, का आवेदन आमंत्रित किया जाता है। एक लघु खेत तालाब पर मृदा कार्य पर होने वाला व्यय धनराशि रू0-82,600 / एवं पक्की सरचना इनलेट के निर्माण पर लागत रु0-22,400/ जो कि खेत तालाब की कुल लागत धनराशि रू0-1,05000 / होती है जिस धनराशि का 50 प्रतिशत अधिकतम रू0-52,500 / मात्र का अनुदान अनुमन्य है पहले आओ और पहले पाओं के आधार पर कृषकों को अनुदान का लाभ दिया जायेगा। इस हेतु पंजीकरण कराया जाना अनिवार्य है।

### श्री श्याम प्रभु खाटू श्याम के जगराते में झूमे भक्त

**उचौलिया खीरी।** खाटू नरेश श्री श्याम प्रभु के हुए जगराते, श्रद्धालु जमकर झूमे। देर शाम से शुरू जगराते में मंगलवार तड़के तक भक्त श्याम के भजनों से सराबोर होते रहे। श्याम दरबार की पूजा- अर्चना के बाद गायको ने एक से बढ़कर एक खाटू श्याम के भजनों को गाकर श्रद्धालुओं को थिरकने पर मजबूर कर दिया। मंगलवार को श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन भी किया गया जो शाम तक निरंतर चलता रहा। कार्यक्रम मे प्रियांशु गुप्ता, केपी सिंह, संतोष गुप्ता, रवि गुप्ता, पुष्पेंद्र विश्वकर्मा, अभिषेक गुप्ता, नीरज गुप्ता, अशोक संखवार, प्रेम बाबू, मुदित गुप्ता आदि लोगों का सहयोग रहा।

### नगर के सौंदर्य की ओर एक और कदम, बना सेल्फी पॉइन्ट




**लखीमपुर खीरी।** समाज सेविका डॉक्टर इरा श्रीवास्तव की सद्प्रेरणा एवं प्रयासों के क्रम में स्पन्दन हास्पिटल के सौजन्य से निर्मित सेल्फी पॉइन्ट बनाया गया। मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम प्राण-प्रतिष्ठा के स्वर्णिम दिवस के अवसर पर नगर के पहले सेल्फी प्वाइन्ट निकट डान बास्को स्कूल का उद्घाटन डॉ इरा श्रीवास्तव चेयरमैन न.पा.प. लखीमपुर द्वारा इ.ओ. नगर पालिका एवं अन्य गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में भारी जनसमूह के मध्य किया गया। बता दे शहर मे अभी तीन सेल्फी पॉइन्ट बनना शेष है। डॉ. इरा ने बताया कि दो सेल्फी पॉइन्ट अन्य की सौजन्यता तथा एक उनके द्वारा बनना शेष है। यह पहला सेल्फी पॉइन्ट मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा की यादगार को समर्पित है।

### धूमधाम से निकाली गई भव्य शोभा यात्रा

**बिजुआ खीरी।** थाना भीरा क्षेत्र के ग्राम पंचायत गोंधिया में माता भगवती के पौराणिक मंदिर का जीर्णोद्धार समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से करवाया गया। अयोध्या श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को देखते हुए गोंधिया निवासी विकासनी वर्मा ने समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से मां भगवती की मूर्ति स्थापना व प्राण प्रतिष्ठा करवाई और भंडारे का आयोजन भी किया गया। जिसमे सीतापुर से मुख्य आचार्य बालेश्वर मिश्र श्याम जी व मयंक शरण शास्त्री महोली सीतापुर द्वारा पांच दिवस की यज्ञ का आयोजन किया गया जिसकी पूर्ण आहुति के बाद माता जी की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा गोंधिया माता जी के मंदिर से पूरे गांव में होते हुए पड़रिया तुला बाला जी पावन धाम व ठाकुर जी मंदिर से होते हुए मलूका पुर लक्ष्मी नारायण मंदिर पहुंची वहां से कई ग्रामों से होते हुए चौसांधे बाबा आश्रम तक गई।

# संस्कार गीत महोत्सव सम्पन्न




**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

भारत गौरव समाज सेवा संस्थान, बाराबंकी के द्वारा संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली के सहयोग से शुभम् गेस्ट हाउस, आवास विकास में संस्कार गीत महोत्सव का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीरबल शर्मा (सदस्य, टीजीबी बोर्ड उत्तर प्रदेश शासन) ने भारतीय लोक गीतों में संस्कार गीतों के महत्व के बारे में जानकारी दी, इसी क्रम में कुलदीप शर्मा, डॉ. आरके वर्मा, दिनेश वर्मा, कात्यानी पाण्डेय ने विचार प्रस्तुत किये। इसके उपरान्त लोक गीत गायिका मानसी गुप्ता, पूनम सिंह, जनक नन्दनी मिश्रा, कात्यनी, कविता, किरन तिवारी, रंजना तथा लोक गीत गायक दिवाकर मिश्रा, रजनीष श्रीवास्तव, सुरेन्द्र कुमार, अभय नाल, सर्वेश वर्मा, मीनू कुमार सोनी जी ने सोहर, विवाह गीत, दोहद, चाती बरहा गवाना आदि लोक संस्कार गीतों की प्रस्तुति की गयी।

## नगर पंचायत में मासूमों से कराई जा रही सफाई

**जैदपुर, बाराबंकी।** बाल कानून व नियम को ताख पर रख नगर पंचायत जैदपुर में छोटे मासूम बच्चो से झाड़ू लगवाकर कुड़ा उठाने का कार्य कराया जा रहा है। फिर भी कोई कार्यवाही न होने से इन सफाई कर्मियों के हौसले आज भी बुलन्द है। ज्ञात होकि नगर पंचायत जैदपुर में सफाई व्यवस्था की बात करना मुनासिब नहीं है। जिसे कस्बे का हर एक बच्चा जानता है। मंगलवार की सुबह रईस कटरा की पूरानी पूलिस चौकी के पास भयंकर ठंड में सफाई करते एक मासूम को देख लोगों में चर्चाओं का माहोल बन गया। जबकि यह बात कोई नयी नही है। पूर्व में कई बार इसी मासूम को रईस कटरा के राजन बक्सोर के आवास व आसपास झाड़ू लगाते देखा गया है।जिसकी सूचना मैट शबनम को देने के बाद आज भी मासूम बालक सफाई कार्य मे लगा हुआ है।

# हाईवे पर दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में बच्ची समेत दो की मौत

**निघासन खीरी। समृद्धि न्यूज**

पलिया निघासन स्टेट हाईवे पर दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में एक बच्ची समेत दो लोगों की मौत हो गई जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे, तीनों घायलों को सीएचसी निघासन भेजा गया था, जहां से तीनों गंभीर घायलों को डॉक्टरों ने जिला अस्पताल लखीमपुर रेफर कर दिया गया था, जहां इलाज के दौरान हिमांशु की भी मौत हो गई, एक ही गांव में दो मौतों से गांव में मातमी माहौल छा गया।

निघासन थाना क्षेत्र के रकेहटी निवासी सुनील कुमार अपनी पत्नी कविता और दो माह की बच्ची परी के साथ बाईक से बल्लीपुर ससुराल जा रहे थे। पलिया निघासन स्टेट हाईवे पर बौधिया क्रेशर के पास सामने से मझगईं थाना क्षेत्र के छेदुई पतिया के रहने वाले शिवम 20 वर्ष पुत्र सम्बारी अपने चचेरे भाई हिमांशु के साथ बाइक पर पिरथीपुरवा चौराहे की तरफ जा रहे थे कि दोनों बाईकों की आमने-सामने की टक्कर हो गई। आमने-सामने की टक्कर में शिवम की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। कविता की गोद में दो माह की बच्ची परी थी जो टक्कर में छिटक कर दूर जा गिरी। जिससे बच्ची की भी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दोनों बाईकों की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि एक बाइक में आग भी लग गई, जिसे राहगीरों ने मिट्टी डालकर बुझाया। मौके पर पहुंची मझगई थाने के दरोगा दिलीप कुमार राय, कांस्टेबल पवन तथा हिमांशु गौतम पुलिस ने हालत की गंभीरता को देखते हुए सभी को निजी वाहन से सीएचसी निघासन भिजवाया।

निघासन सीएचसी में डॉक्टरों ने दो माह की बच्ची परी तथा शिवम 20 वर्ष को मृत घोषित कर दिया। सुनील कुमार तथा हिमांशु तथा कविता की हालत की गंभीरता को देखते हुए होने पर तीनों को लखीमपुर रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान घायल हिमांशु की भी मौत हो गई, एक ही गांव में दो युवकों की मौत से मातम सा छा गया।

# यूपी दिवस को भव्य बनाने में जुटे अधिकारी

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज**



उत्तर प्रदेश दिवस 2024 को उत्साह, उल्लास और उमंग के साथ मनाने के लिए प्रशासन ने तैयारियों को अंतिम रूप दिया। बुधवार को 11 बजे यूपी दिवस पर तीन दिवसीय भव्य कार्यक्रम का आगाज होगा।

मंगलवार की दोपहर सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने यूपी दिवस कार्यक्रम स्थल पहुंचकर सभी तैयारियों का बारीकी से पड़ताल की, निर्देश दिए आयोजन में किसी तरह की कोई कमी ना रहे, इसे सभी संबंधित अफसरों द्वारा सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने मुख्य कार्यक्रम पंडाल, विभागीय योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु लगाए गए स्टालों की तैयारियां परखी। संबंधित विभागवार लगने वाले स्टालों के विषय में गहन पूछताछ की। निर्देश दिए कि यहां सरकारी योजनाओं का संगम हो, यहां न केवल सरकारी योजनाओं की जानकारी दे बल्कि छूटे हुए पात्र लोगों को योजनाओं से जोड़ कर उनका भविष्य संवारे। बताते चलें कि उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देश पर आयोजित यूपी दिवस को दिव्य और भव्य बनाने में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह के नेतृत्व एवं सीडीओ अनिल कुमार सिंह के मार्गदर्शन में सभी सरकारी विभागों ने पूरी ताकत झोंक दी है। सीडीओ के निरीक्षण के दौरान सभी विभागीय अफसर अपने स्टालों पर मौजूद नजर आए। निर्देश दिए कि बुधवार को सभी कार्मिक एवं जिम्मेदार लोग समय से अपने उत्तरदायित्व का सम्यक निर्वाहन करेंगे। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह यूपी दिवस को दिव्य और भव्य बनाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे।

## सीजीएनपीजी कालेज में सुभाष चन्द्र बोस की मनाई गई जयंती

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** सी.जी.एन. (पी.जी.) कॉलेज, गोला गोकर्णनाथ-खीरी में दिनांक 23 जनवरी, 2024 को नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जन्म जयंती (पराक्रम दिवस) के अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.पंकज सिंह द्वारा माल्यार्पण कर सुभाष चन्द्र बोस के जीवन के संदर्भ में छात्र/छात्राओं को बताया कि सुभाष चन्द्र जी को नेता जी का नाम जर्मनी के तानाशाह हिटलर ने दिया तभी से यह नेता जी के नाम से जाने जाते हैं। साथ ही यह भी बताया कि गाँधी जी और सुभाषचन्द्र जी में वैचारिक मत-भेद होते हुए भी राष्ट्र पिता शब्द का सर्व प्रथम वर्लिन रेडियो से नामकरण किया गया।



## दिव्यांग को डीएम ने दिया हाथ साइकिल

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।** दुखी मन से डीएम के जनता दर्शन में पहुंचे दिव्यांग आदेश कुमार को जैसे मनमांगी मुराद मिल गई। भविष्य के सपने संजोते हुए वह मुस्कराते वापस लौटे। आदेश कुमार को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने नई हाथ साइकिल दिलवाकर उनकी कई परेशानियों का निदान कर दिया। मंगलवार की सुबह तहसील, ब्लॉक मितौली के ग्राम उसरी निवासी दोनों पैरों से दिव्यांग आदेश कुमार जिलाधिकारी जनता दर्शन में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह के समक्ष प्रस्तुत होकर ट्राई साइकिल प्रदान किए जाने का प्रार्थना पत्र दिया। इस पर डीएम ने दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी अभय कुमार सागर को बुलाकर उसकी पात्रता का परीक्षण कराने के बाद जनता दर्शन के दौरान ही डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की ओर से उन्हें नई हाथ साइकिल दी गई। इस दौरान उन्होंने कंबल भी प्रदान किया।

## अभियान चलाकर आम जनमानस को किया जागरुक

**गौरीफण्टा खीरी।** थाना एएचटीयू खीरी से प्रभारी निरीक्षक जैनेंद्र कुमार हेड कांस्टेबल राजेश कुमार , मका नीरज गिल, सीमा सिंह चौहान की टीम द्वारा थाना गौरीफण्टा, चन्दनचौकी के क्षेत्र में भिन्न भिन्न स्थानों पर स्थित बस स्टॉप, होटल पर बालश्रम, अनैतिक देह व्यापार व मानव तस्करी तथा नशीले पदार्थों की नाबालिक बच्चों से बिक्री न करने के विरुद्ध पोस्टर पैंपलेट चस्पा करते हुए व चेकिंग अभियान चलाकर आम जनमानस को जागरुक किया गया। चेकिंग अभियान के अन्तर्गत होटल को चेक किया गया। चेकिंग के दौरान होटल मालिक व कर्मचारियों को बालश्रम, अनैतिक देह व्यापार व मानव तस्करी तथा नशीले पदार्थों की नाबालिक बच्चों को बिक्री न करने के संबंध निर्देशित करते हुए जागरूक किया गया।

सहायता

## सुंदरकांड पाठ व कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित

# पूर्व विधायक के सुपुत्र ने निराश्रितों के बीच किया कंबल वितरित

**हैदरगढ़, बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**



अयोध्या में श्री राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा एवं पिता स्वर्गीय सुरेंद्रनाथ स्वास्थ्य के पदचिन्हों पर चलने का प्रयास करते हुए ग्राम्यांचल लॉ कॉलेज में ग्राम्यांचल सेवा समिति के महासचिव आशुतोष अवस्थी द्वारा संगीतमयी सुंदरकांड पाठ के आयोजन के उपरांत प्रसाद वितरण और करीब तीन सैकड़ा निराश्रित और गरीब लोगों के बीच कंबल वितरण किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता आशुतोष अवस्थी द्वारा क्षेत्रीय कांग्रेसी नेताओं के साथ मिलकर केक काटकर तनुज पुनिया का जन्मदिन मनाया गया। आशुतोष अवस्थी टिंकू भैया ने कहा कि हमारे पिता स्व.पंडित सुरेंद्रनाथ अवस्थी को वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं समाजसेवी के रूप में पूरा प्रदेश जानता था वह हमेशा समाज के सभी व्यक्तियों को साथ लेकर चलने वाले व्यक्ति थे। वह गरीबों और निराश्रितों की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहते थे पूरा प्रदेश उन्हें जमीनी नेता के नाम से भी जानता था। आशुतोष अवस्थी टिंकू भैया ने कहा कि भले ही आज मेरे पिता श्री और माता श्री इस दुनिया में नहीं है और मैं हमेशा उन्हीं के पद चिन्हों पर चलने का प्रयास करूंगा इसके लिए मुझे आप सभी लोगों का आशीर्वाद और मार्गदर्शन भी चाहिए। इस अवसर पर ग्राम्यांचल सेवा समिति के निदेशक शरद अवस्थी कोषाध्यक्ष सिद्धार्थ अवस्थी ने आए हुए सभी अतिथियों के प्रति आभार प्रकट किया। सुंदरकांड पाठ का सफल आयोजन सोनू बाजपेई व उनकी टीम द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से ला कालेज के प्रबंधक जगदीश प्रसाद शर्मा सह प्रबंधक श्रुति तिवारी विश्रुत तिवारी प्राचार्य अजय कुमार तिवारी पीजी कॉलेज के प्रबंधक राजेश प्रकाश सिंह प्राचार्य लाल माली शुक्ला कांग्रेसी नेता सियाराम यादव सभासद सूरत दीक्षित दिनेश शुक्ला बृजेश त्रिपाठी भाजपा नेता अरुण शुक्ला विष्णु शंकर पांडे जयप्रकाश शुक्ला विनोद कुमार सिंह चौहान अंबिकेश द्विवेदी रामदीन यादव जया यज्ञसैनी आलोक पांडे आशीष सिंह नीलम मिश्रा दिलीप मिश्रा भरत सिंह देवव्रत मिश्रा निलेश शर्मा सहित समस्त अवस्थी परिवार एवं विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

# डीजी स्कूल शिक्षा का शिक्षकों को फरमान : बच्चा स्कूल न आए तो जाओ अभिभावक के द्वार

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** परिषदीय स्कूलों में विद्यार्थियों की उपस्थिति बढ़ाने के लिए अगले महीने से अभियान शुरू किया जाएगा। यही नहीं स्कूलों में शिक्षकों की उपस्थिति की जांच के लिए भी टीमें गठित की जाएंगी। औसतन 70 प्रतिशत तक विद्यार्थी विद्यालय आ रहे हैं।

पिछले महीनों के इस रिकार्ड को देखते हुए इसमें सुधार के निर्देश दिए गए हैं। ऐसे में अब शिक्षक अभिभावकों से संपर्क साधेंगे और उन्हें विद्यार्थियों को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित करेंगे। यही नहीं चार दिन से अधिक अनुपस्थित होने पर छात्र के घर शिक्षक जाएंगे। डीजी स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा की ओर से सभी जिलों के बेसिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि एक फरवरी से लेकर 29 फरवरी तक विद्यालयों का विशेष जांच अभियान चलाया जाएगा। विद्यालयों में शिक्षक समय पर पहुंच रहे हैं या नहीं, विद्यार्थियों की उपस्थिति कितनी है और सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की क्या स्थिति है। सिर्फ बागपत, बस्ती, बुलंदशहर, शामली, सोनभद्र, अंबेडकर नगर और महोबा ही ऐसे जिले हैं जहां पर 70 प्रतिशत से अधिक विद्यार्थी स्कूल आ रहे हैं। बाकी 68 जिलों में इससे कम उपस्थिति बीते महीनों में रही है। अगर विद्यार्थी चार से अधिक अनुपस्थित छात्रों के घर शिक्षक जाएंगे और अभिभावक को कारण बताना होगा कि आखिर क्यों बच्चा स्कूल नहीं आ रहा था। परिषदीय स्कूलों में 1.91 करोड़ विद्यार्थी हैं। पिछले छह वर्षों में सुविधाएं बढ़ने के कारण करीब 40 लाख विद्यार्थी बढ़े हैं।

# अयोध्या होगा सबसे बड़ा पर्यटन केंद्र, सालाना आएंगे 5 करोड़ लोग

▸ जेफरीज की रिपोर्ट में खुलासा, जीडीपी में 443 अरब डॉलर का होगा योगदान

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अब अयोध्या हर साल कम से कम पांच करोड़ पर्यटकों के आने की उम्मीद है। यह संख्या स्वर्ण मंदिर और तिरुपति मंदिर में जाने वाले श्रद्धालुओं से कहीं अधिक है।

ब्रोकरेज फर्म जेफरीज की रिपोर्ट के मुताबिक हवाईअड्डे और बेहतर रेलवे स्टेशन जैसी बुनियादी इंफ्रास्ट्रक्चर पर बड़े पैमाने पर खर्च से अयोध्या शहर देश के सबसे बड़े पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित हो जाएगा। रिपोर्ट के मुताबिक एक नए हवाईअड्डे, विस्तारित रेलवे स्टेशन, आवासीय योजनाओं और बेहतर सड़क संपर्क जैसी सुविधाओं के लिए अयोध्या पर 10 अरब डॉलर से अधिक खर्च हुए हैं। नए होटल खुलेंगे और आर्थिक गतिविधियां बढ़ेंगी। अयोध्या में पर्यटकों की संख्या में काफी तेजी से इजाफा होगा। जेफरीज के मुताबिक धार्मिक पर्यटन अब भी भारत में पर्यटन का सबसे बड़ा खंड है। कई लोकप्रिय धार्मिक केंद्र बुनियादी ढांचे की बाधाओं के बावजूद हर साल एक से तीन करोड़ तक पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। बेहतर संपर्क व बुनियादी ढांचे के साथ एक नए धार्मिक पर्यटन केंद्र अयोध्या बड़ा आर्थिक प्रभाव पैदा कर सकता है।

रिपोर्ट के मुताबिक पर्यटन ने कोविड पूर्व यानी 2018-19 के दौरान जीडीपी में 194 अरब डॉलर का योगदान दिया। 2032-33 तक इसके 8 फीसदी की दर से बढ़कर 443 अरब डॉलर पहुंचने की उम्मीद है। बताया जाता है कि अमृतसर के स्वर्ण मंदिर में हर साल 3-3.5 करोड़ लोग आते हैं। तिरुपति मंदिर में 2.5-3 करोड़ पर्यटक आते हैं। वेटिकन सिटी में हर साल करीब 90 लाख पर्यटक आते हैं। सऊदी अरब के मक्का में सालाना करीब दो करोड़ पर्यटक आते हैं। अयोध्या में हर साल 5 करोड़ से अधिक पर्यटकों के आने की संभावना है।

### 73 होटल किए जा रहे तैयार

रिपोर्ट के मुताबिक अयोध्या में नए हवाईअड्डे का पहला चरण शुरू हो गया है। यह 10 लाख यात्रियों को संभाल सकता है। रेलवे स्टेशन को प्रतिदिन 60,000 यात्रियों को संभालने के लिए विस्तारित किया गया है। अयोध्या में 590 कमरों वाले करीब 17 होटल हैं। 73 नए होटल तैयार किए जा रहे हैं। इंडियन होटल्स, मैरियट और विंडहैम पहले ही होटल बनाने के लिए समझौते कर चुके हैं। आईटीसी अयोध्या में अपने लिए संभावनाएं तलाश रही है। ओयो की योजना अयोध्या में 1,000 कमरे जोड़ने की है। 1,200 एकड़ की ग्रीनफील्ड टाउनशिप बनाने की योजना है।

## खबरें एक नजर में

### प्राण प्रतिष्ठा पर राधा कृष्ण मंदिर में हुआ भजन-कीर्तन व भंडारा



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उदयगंज में स्थित दो सौ साल पूराने राधा कृष्ण मंदिर में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के मौके पर भजन कीर्तन व भंडारे का भव्य आयोजन किया गया। इस मंदिर को स्थापित करने वाले स्वर्गीय उदय सिंह जी के नाम पर ही उदयगंज का नाम रखा गया है। राधा कृष्ण मंदिर के व्यवस्थापक श्री नरेश सिंह जी के कर कमलो से इस मंदिर का पुनर्निर्माण कराया है। नरेश सिंह के बेटे मनीष सिंह ने बताया कि रामलला प्राण प्रतिष्ठा के दिन का वर्षो से इंतज़ार था। आज इस पल को हम शब्दों में नहीं बयां कर सकते हैं इतनी ख़ुशी ज़िंदगी में पहली बार हुई। इस मौके पर वहाँ उपस्थित आशीष हितैषी पार्षद ने उच्च न्यायालय और मोदी जी को प्रति आभार प्रकट करते हुए देशवासियों के सुख समृद्धि की कामना की।

### हज ट्रेनर्स के लिए यूपी के 19 जिलों से एक भी आवेदन नहीं

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** हज कमेटी ऑफइंडिया मुंबई के सर्कुलर के मुताबिक सभी प्रदेश से जाने वाले हज यात्रियों को यात्रा से पहले ट्रेनिंग दी जाती है। इसके लिए प्रत्येक 140 हज आवेदकों के रूप पर एक ट्रेनर चयनित किया जाना है। इस साल उत्तर प्रदेश से फ्री में आवेदन फार्म भरने की व्यवस्था के बावजूद मात्र 19517 लोगों ने आवेदन किया है। इस वर्ष सबसे अधिक हज ट्रेनिंग के लिए 14 आवेदक लखनऊ के हैं। दूसरा नम्बर मुरादाबाद का है। यहां से 1733 लोगों ने हज जाने के लिए आवेदन किया है लेकिन ट्रेनरों की संख्या मात्र 12 ही है। अलीगढ़ से 511 हज यात्रियों ने आवेदन किया है लेकिन ट्रेनर के लिए मात्र 10 लोगों ने आवेदन किया है। यूपी हज कमेटी ने जिला अल्पसंख्यक अधिकारियों को पत्र भेजकर अनुरोध है कि निर्धारित गाइडलाइंस के अन्तर्गत अपने स्तर से आवेदकों के साक्षात्कार के बाद चयनित ट्रेनरों की सूची तीन दिवस के भीतर उपलब्ध कराएं ताकि चयनित ट्रेनरों की सूची हज कमेटी ऑफइंडिया मुम्बई को आवश्यक कार्यवाही के लिए 25 जनवरी तक भेज सके।

### बिजली अभियंताओं व कर्मचारियों में बढ़ रहा रोष

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** बिजली हड़ताल के दौरान निलंबित कर्मियों में सभी की बहाली नहीं की गई है। इसको लेकर बिजली अभियंताओं व कर्मचारियों में रोष बढ़ रहा है। पिछली गर्मी के मौसम में हड़ताल किये जाने व हाईकोर्ट के सख्ती के बाद 170 बिजली कर्मियों को निलंबित कर दिया गया था, पर हड़ताल के खत्म होने पर राज्य सरकार ने इन कर्मियों के खिलाफ़ गई कार्रवाई वापस लेने का निर्णय लिया। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा, ऊर्जा विभाग, उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन व विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के पदाधिकारियों के बीच हुई वार्ता में सभी बिजली कर्मियों के खिलाफ उत्पीड़नात्मक कार्रवाई वापस लेने का आश्वासन दिया गया था, पर अभी तक 70 बिजली कर्मियों की ही बहाली हो सकी है। निलंबित चल रहे कर्मियों का कहना है कि सभी कर्मियों ने निलंबन के दौरान एक साथ आरोप पत्र दिये गये थे। सभी कर्मियों ने उसके जवाब दाखिल कर दिये हैं, पर शेष कर्मियों को बहाल नहीं किया जा रहा है।

### नगर निगम में भ्रष्टाचार के खिलाफ युवक ने किया प्रदर्शन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** नगर निगम में भ्रष्टाचार के खिलाफ मंगलवार को एक व्यक्ति ने अर्ध नग्न प्रदर्शन करने लगा। आरोप है कि उसके वार्ड में अलाव के लिए लकड़ी नहीं मिलती है। उसके अलावा स्ट्रीट लाइट नहीं जल रही है। प्रदर्शनकारी राकेश यादव ने बताया कि कई बार शिकायत के बाद भी काम नहीं हो रहा है। इसकी वजह से स्थानीय लोगों का रहना मुश्किल हो गया है। इंजीनियर किशोरी लाल के खिलाफ भी आरोप लगाया। बताया कि नगर निगम भ्रष्टाचार में डूबा हुआ है। अलाव की लकड़ियों में बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार हुआ है। गीली लकड़ियां भेजी जा रही है। जबकि कई जगह तो लकड़ी गिराई ही नहीं जाती है। प्रदर्शनकारी राकेश यादव पहले समाजवादी पार्टी से चुनाव लड़ चुका है। हालांकि वह चुनाव हार गया था। बताया जा रहा है कि इलाके में जहां वर्तमान पार्षद को वोट नहीं मिलता है वहां काम नहीं होता है। ऐसे में लोगों की नाराजगी बढ़ती जा रही है। ऐसे में प्रदर्शनकारी अनिश्चित कालीन धरने पर बैठ गया है। राजा राम मोहन राय वार्ड में हजारों की संख्या में लोग सिविल विभाग और स्ट्रीट लाइट की समस्या से परेशान है। भीषण ठंडक में भी राजा राम मोहन राय वार्ड के कई इलाकों में अलाव नहीं जल रहा है।

### रोजगार दिवस में 57 अभ्यर्थियों को मिला रोजगार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राज कुमार यादव प्रधानाचार्य ने बताया कि मंगलवार को रोजगार दिवस का आयोजन किया गया जिसमें 57 अभ्यर्थियों को विभिन्न कम्पनियों में रोजगार के लिए चयनित किया गया। एम0 ए0 खाँ, ट्रेनिंग काउंसिलिंग एण्ड प्लेसमेन्ट अधिकारी ने बताया कि चयन के विचार हेतु 22 नये महिला अभ्यर्थी 25 जनवरी 2024 को संस्थान में टाटा मोटर्स लखनऊ के द्वारा आयोजित महिला कैम्पस ड्राइव में प्रतिभाग कर सकती है तथा महिला एवं पुरुष दोनो के लिए 31 जनवरी 2024 को होने वाले वृहद रोजगार मेंले में अभ्यर्थी भाग ले सकते है।

### रविदास मेहरोत्रा लड़ेंगे सपा के टिकट पर लोकसभा का चुनाव

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी समाजवादी पार्टी ने टिकट का ऐलान शुरू कर दिया है। समाजवादी पार्टी ने हाई-प्रोफाइल लखनऊ लोकसभा सीट से रविदास मेहरोत्रा का नाम फाइनल किया है। रविदास मेहरोत्रा लखनऊ लोकसभा सीट से सपा के उम्मीदवार होंगे रविदास मल्होत्रा फिलहाल लखनऊ मध्य से समाजवादी पार्टी के विधायक हैं। वे सपा शासन काल में परिवार कल्याण मंत्री रहे हैं। समाजवादी पार्टी के नेता रविदास मेहरोत्रा काफी सुर्खियों में रहते हैं। अपने बयानों और जनहित के मुद्दों को लेकर वे सड़कों पर उतरते रहे हैं।

# भारत के शौर्य-पराक्रम का प्रतीक हैं नेताजी

## मुख्यमंत्री योगी ने जयंती पर नेताजी सुभाषचन्द्र बोस की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

समृद्धि न्यूज





**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस भारत के शौर्य व पराक्रम के प्रतीक हैं। मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर परिवर्तन चौक स्थित नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। मुख्यमंत्री ने कहा, ''आज जब 127वीं पावन जयंती पर उन्हें स्मरण कर रहे हैं तो आंतरिक व बाहरी सुरक्षा की रणनीति क्या होनी चाहिए, इन स्थितियों में अब हमारे सामने 'सक्षम भारत है। पूरी दुनिया नए भारत की ओर देख रही है।

भारत विश्व शक्ति के रूप में स्थापित हो रहा है। योगी ने कहा, ''सौभाग्य है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की पावन जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में आयोजित करने और सासाहिक आयोजन को इससे जोड़ने का कार्यक्रम बनाया है। नेताजी भारत के शौर्य व पराक्रम के प्रतीक रहे हैं। उन्होंने युवाओं को भारत के पराक्रम से जोड़ने का कार्य किया है। नेताजी के संघर्ष व बलिदान की चर्चा करते हुए योगी ने कहा, ''नेताजी ने युवाओं में ऊर्जा भरी। भारत की आजादी के आंदोलन के दौरान उन्होंने युवाओं को विदेशी हुकूमत के खिलाफ एकजुट करके लड़ने की नयी प्रेरणा दी थी। न केवल भारत, बल्कि बाहर भी हमें देश की आजादी की लड़ाई को कैसे आगे ले जाना है, नेताजी ने उस समय इसकी गजब रणनीति तैयार की थी।

मुख्यमंत्री ने कहा, ''आज उसी का परिणाम है कि जब हम भारत के बाहर जाते हैं तो बहुत सारी जगहों पर हमें नेताजी से जुड़े स्थल देखने को मिलते हैं। नेताजी भारत के शौर्य व पराक्रम के प्रतीक रहे हैं। योगी ने कहा कि नेताजी ने आजाद हिंद फौज का गठन किया और नौजवानों से आह्वान करते हुए ''तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा का नारा दिया। मुख्यमंत्री ने कहा, ''देश की आजादी के इस मंत्र की बदौलत लाखों युवा सर्वस्व न्योछावर करने को तैयार हो गए। युवा व हर भारतवासी आजाद हिंद फौज के नेतृत्व में लड़ी जाने वाली लड़ाई का हिस्सा बना। नेताजी ने न केवल भारत, बल्कि म्यांमा, सिंगापुर समेत दुनिया के कई देशों में इस लड़ाई को प्रखरता के साथ बढ़ाने का कार्य भी किया।

### रालोद कार्यालय में मनाई गई नेता जी की जयंती

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश कार्यालय में शौर्य और पराक्रम के प्रतीक नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयन्ती मनाई गयी। इस अवसर पर राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे व रालोद नेताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उनको नमन किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने कहा कि नेताजी सुभाष चन्द्र बोस भारत के स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी तथा बहुत बडे नेता थे। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान अंग्रेजों के खिलाफ लड़ने के लिए उन्होंने आजाद हिन्द फौज का गठन किया था। उनके द्वारा दिया गया जय हिन्द का नारा भारत का राष्ट्रीय नारा है। इस अवसर पर श्रम प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद पटेल, महानगर अध्यक्ष चंद्रकांत अवस्थी, रमावती तिवारी, अम्बुज पटेल, महेश पाल धनगर, सुमित सिंह, रमेश कश्यप, शहजाद, रवीन्द्र मिश्र, जगजीवन राम पाल, वीरेंद्र तोमर आदि लोगों ने नेताजी को याद किया।

# ड्यूटी छोड़कर भाजपा नेता के स्वागत में पहुंचे दरोगा और सिपाही नपे

समृद्धि न्यूज

▸ वीडियो वायरल होने पर डीसीपी ने किया सस्पेंड

**लखनऊ।** भाजपा नेता की स्वागत सभा में बिना अनुमति के पहुँचे दरोगा और सिपाही सस्पेंड कर दिये गए। वीडियो वायरल होने पर डीसीपी ने एक्शन लिया। सिपाही तो सभा के बाद पूर्व ब्लाक प्रमुख के साथ सुरक्षाकर्मी बनकर चलता हुआ दिख रहा था। डीसीपी रवि कुमार ने दारोगा और सिपाही को निलंबित कर दिया है। दोनों की विभागीय जांच कराई जा रही है।

मंसुखपुरा के शाहपुर खालसा में विगत शनिवार को एक सभा हुई। इसमें गुर्जर समाज के चार-पांच गांवों के लोग इकट्ठे हुए थे। सम्मान समारोह में 200 से 250 लोग मौजूद थे। गुर्जर समाज के लोगों ने सभा में भाजपा नेता और पूर्व ब्लाक प्रमुख सुग्रीव चौहान का सम्मान किया गया। चांदी का मुकुट और माला पहनाई। मंसुखपुरा थाने में तैनात एक दारोगा और सिपाही मौजूद थे, जबकि उनकी वहां ड्यूटी नहीं थी। फोटो में भाजपा नेता के साथ सिपाही सुरक्षाकर्मी की तरह चलता हुआ दिख रहा था। पूर्व में भाजपा नेता को गनर दिए गए थे मगर नवागत पुलिस कमिश्नर जे रविन्दर गौड ने गनर वापस बुला लिए थे। कार्यक्रम का वीडियो और फोटो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो गया। फोटो और वीडियो पुलिस अधिकारियों तक पहुंच गए। कार्यक्रम के लिए कोई पूर्व अनुमति नहीं थी। गोपनीय रूप से जांच में स्पष्ट हुआ कि मंसुखपुरा थाने में तैनात दारोगा रविंद्र कुमार और सिपाही जनमेश की ड्यूटी कहीं और थी। उनसे पूछा गया कि वे सम्मान समारोह में क्यों गए थे जबकि उनकी वहां ड्यूटी नहीं थी। अगर वे कानून व्यवस्था की दृष्टि से वहां गए थे तो थाने की जनरल डायरी में बीट सूचना क्यों नहीं लिखवाई? उन्होंने उच्च अधिकारियों को सभा के बारे में जानकारी क्यों नहीं दी? इन सवालों के जवाब पुलिसकर्मी नहीं दे सके। ऐसे में उन्हें निलंबित कर दिया गया। डीसीपी रवि कुमार ने बताया कि दारोगा रविंद्र कुमार और सिपाही जनमेश को निलंबित किया गया है। विभागीय जांच शुरू दी है। पूर्व ब्लाक प्रमुख सुग्रीव चौहान ने कुछ दिन पहले से फतेहपुर सीकरी क्षेत्र में सक्रियता बढ़ा दी है। अलग-अलग स्थानों पर हो रहे स्वागत समारोहों की भीड़ के फोटो इंटरनेट मीडिया पर खूब वायरल हो रहे हैं।

# सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने किए जगदीश गांधी के अंतिम दर्शन



समृद्धि न्यूज

▸ आज किया जाएगा सीएमएस के संस्थापक का अंतिम संस्कार

**लखनऊ।** सीएमएस स्कूल संस्थापक डॉ. जगदीश गांधी का अंतिम दर्शन करने लोग पहुंच रहे हैं। सपा प्रमुख अखिलेश यादव, पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा भी उन्हें श्रद्धाजलि देने पहुंचे। शाम 5 बजे तक सीएमएस गोमतीनगर एक्सटेंशन परिसर के ऑडिटोरियम हॉल में उनका पार्थिव शरीर रखा गया है।

मुख्यमंत्री कार्यालय से शोकाकुल परिवार को पत्र भेजा गया है, जिसमें योगी ने लिखा कि यह शिक्षा जगत के लिए बड़ी क्षति है। इसके बाद उनका अंतिम संस्कार बुधवार को किया जाएगा। सीएमएस की तरफ से ये बयान जारी किया गया हैं। सोमवार को डॉ. जगदीश गांधी का मेदांता लखनऊ में निधन हो गया हैं। उनका लंबे समय से इलाज चल रहा था। 28 दिसंबर से वो वेंटिलेटर पर चल रहे थे।

बुधवार डॉ. जगदीश गांधी का अंतिम संस्कार किया जाएगा। बहाई धर्म के अनुसार अंतिम संस्कार से जुड़ी सभी प्रक्रिया निभाई जाएंगी। इससे पहले अंतिम दर्शन के लिए शव रखे जाने पर बड़ी संख्या में स्कूल के टीचर्स और स्टॉफके मौजूदगी है। इसके बाद रविवार के दिन 4 फरवरी को प्रार्थना सभा का आयोजन किया जाएगा।

# धूप खिलने के बाद भी गलन से राहत नहीं सर्दी का सितम जारी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में इन दिनों भीषण ठंड का प्रकोप जारी है। शीतलहर और घने कोहरे से लोग काफी परेशान है। धूप खिलने के बाद भी गलन से राहत नहीं मिल रही। विभाग के मुताबिक, अगले कुछ दिनों तक प्रदेशवासियों को ठंड से राहत नहीं मिलेगी। कोल्ड डे जैसी स्थिति रहने की संभावना है। घना कोहरा छाया रहने और बर्फीली हवाओं चलने का दौर जारी रहेगा। बता दें कि सर्द हवाओं से पूरा यूपी ठिठुर रहा है। मंगलवार सुबह भी कोहरे की घनी चादर छाई रही। कई इलाकों में हल्की धूप खिली, लेकिन ठंडी हवाएं चलने से गलन और भी बढ़ गई। दृश्यता प्रभावित होने से वाहन चालकों को परेशानी उठानी पड़ी। रजाई में लोग दुबके रहे। सर्दी से बचने के लिए लोग अलाव और हीटर का सहारा ले रहे है। आगरा में तो ठंड के कारण स्कूलों में 23 और 24 जनवरी को अवकाश रखने की घोषणा कर दी है। मौसम विभाग के मुताबिक, अगले कुछ दिनों तक लोगों को सर्दी से राहत नहीं मिलेगी। 24 से 25 जनवरी तक कोल्ड डे कंडीशन रहेगी। शीतलहर का प्रकोप जारी रहेगा और घना कोहरा छाया रहेगा।

# मतदाता सूची में जोड़ें अधिक से अधिक नाम

▸ यूपी के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने दी जानकारी

समृद्धि न्यूज




**लखनऊ।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार अर्हता 01 जनवरी के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रदेश के कुल 403 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में दिनांक 27.10.2023 से 09.12.2023 तक ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यम से दावे और आपत्तियां प्राप्त की गयीं। प्राप्त दावे और आपत्तियों के निस्तारण के उपरान्त मतदाता सूची का अन्तिम प्रकाशन आज दिनाँक 23.01.2024 को प्रदेश के समस्त पदाभिहित/मतदेय स्थलों पर किया जा रहा है। इस पूरे अभियान के तहत मान्यता प्राप्त सभी राजनीतिक दल हमारे सहभागी रहे हैं। मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की प्रदेश स्तर पर बैठक 27.09.2023, 26.10.2023 एवं 31.10.2023 को आयोजित की गयी तथा सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों से अपने बूथ लेवल एजेण्ट नियुक्त किए जाने का अनुरोध भी किया गया। परिवर्धित, अपमार्जित एवं संशोधित किए गए समस्त नामों की सूची सभी स्तरों पर सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के साथ साझा की गयी। उक्त के अतिरिक्त ऑफलाइन एवं ऑनलाइन माध्यमों से अधिक से अधिक अर्ह मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल कराने तथा अनर्ह मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से विलोपित कराए जाने से सम्बन्धित फार्म सम्बन्धित मतदाताओं से भरवाने हेतु जागरूक किया गया।

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने मंगलवार को जनपथ सचिवालय स्थित अपने कार्यालय के 7वें तल में स्थापित मीडिया सेन्टर में प्रेसवार्ता कर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के उपरान्त मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन की जानकारी दे रहे थे। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची में विद्यमान प्रविष्टियों में संशोधन, डुप्लीकेट मतदाता फोटो पहचान पत्र हेतु आवेदन, शिफ्टेड मतदाताओं के लिए आवेदन और दिव्यांग मतदाताओं के चिन्हांकन हेतु निर्धारित फार्म-8 की व्यवस्था दी गयी है तथा इस संबंध में प्रचार-प्रसार किया गया। इस बात पर विशेष ध्यान आकर्षित किया गया कि किसी वर्तमान मतदाता के एक स्थान से दूसरे स्थान पर स्थानान्तरण की दशा में फार्म-8 का उपयोग किया जाए न कि फार्म-6 का। इस पुनरीक्षण अवधि में फोटो सिमिलर इन्ट्रीज, डेमोग्राफिकल सिमिलर इन्ट्रीज एवं नामावली में विद्यमान त्रुटियों को दूर करने सम्बन्धी कार्य का भी सफलतापूर्वक निष्पादन किया गया।

### निर्विरोध निर्वाचित एमएलसी चुने गए बीजेपी के दारा सिंह चौहान



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** विधान परिषद उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी दारा सिंह चौहान निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। उप चुनाव मे भाजपा से दारा सिंह ने नामांकन दाखिल किया था। सपा बसपा ओर कांग्रेस सहित किसी अन्य दल ने प्रत्याशी नहीं उतारा था। आलमबाग निवासी ओमकार सिंह ने निर्दलीय नामांकन दाखिल किया था। लेकिन उनके नामांकन पत्र मे प्रस्तावक नहीं होने के कारण उनका नामांकन निरस्त किया गया। निर्वाचन अधिकारी ब्रजभूषण दुबे ने बताया कि दारा सिंह निर्विरोध चुने गए हैं। दारा सिंह सपा छोड़कर भाजपा मे शामिल हुए थे। सपा विधायक पद से इस्तीफा देने के बाद घोसी मे हुए उप चुनाव मे दारा सिंह चुनाव हार गए थे। भाजपा ने अब उन्हें विधान परिषद भेजा हैं। इस मौके पर डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक और डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह भी रहे मौजूद रहे।

**शुभारंभ** | श्रम व सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने आईटीआई लखनऊ में स्किल टेस्ट कार्यक्रम शुरु किया

# अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में श्रमिकों की भूमिका महत्वपूर्ण

समृद्धि न्यूज



▸ 10 हजार भारतीय श्रमिकों को इजरायल में कार्य का मिल रहा अवसर : कपिल देव

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री मिशन रोजगार योजना के तहत इजराइल में भारतीय श्रमिकों को रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित स्किल टेस्ट कार्यक्रम में प्रदेश के श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने मुख्य अतिथि के रूप में और व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री स्वतन्त्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल ने विशिष्ट अतिथि के रूप में राजकीय आईटीआई लखनऊ में कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

श्रम मंत्री ने कहा कि देश के निर्माण और अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में श्रमिकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। यूरोप के देशों में भारतीय श्रमिकों की मांग बढ़ रही है। श्रमिकों के आने-जाने में कोई समस्या न हो, उनकी सभी जरूरतों को ध्यान में रखा जा रहा है। आवश्यकता पड़ने पर उन्हें कम ब्याज पर ऋण भी उपलब्ध कराया जायेगा। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में देश एवं प्रदेश के युवाओं को हुनरमंद बनाकर उन्हें रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर प्रदान किये जा रहे है। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि भगवान राम की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहले दिन ही निर्माण श्रमिकों को इजरायल देश मे रोजगार देने का कार्यक्रम किया जा रहा है। इजराइल सरकार एवं भारत सरकार के मध्य हुई अनुबन्ध के अन्तर्गत शटरिंग कारपेन्टर, आयरन वेन्डिंग, सेरेमिक टाईल,प्लास्टरिंग के क्षेत्र में 10 हजार प्रशिक्षित श्रमिको को इजराइल भेजने की तैयारी की जा रही है। इजराइल में श्रमिको को 1,37,250 रुपये प्रतिमाह वेतन दिए जाएंगे। आईटीआई अलीगंज लखनऊ को टेस्टिंग कराने हेतु नोडल नामित किया गया है।

### पीएम मोदी व सीएम योगी श्रमिकों के लिए समर्पित

देश के प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री श्रमिकों के लिए पूरी तरह समर्पित हैं। उनकी प्रेरणा से श्रमिकों की स्थिति बेहतर बनाने के लिए निरन्तर कार्य किये जा रहे हैं। भारतीय श्रमिकों को इजराइल में सेवायोजित किये जाने से भारत और इजराइल के सम्बन्धों का नया अध्याय शुरू होने जा रहा है। दोनों देशों के सम्बन्ध और गहरे होंगे। श्रम मंत्री ने कहा कि इजराइल को नवनिर्माण कार्य के लिए कुशल श्रमिकों की आवश्यकता है। यह भारतीय श्रमिकों के लिए बहुत बड़ा अवसर है। उन्होंने श्रमिकों से अपील की कि जिनका भी चयन हो जायेगा, वे पूरे मनोबल के साथ इजराइल जाकर मेहनत और लगन से कार्य करें। श्रमिकों की स्थिति को सुधारने और अधिक बेहतर बनाने के जितने विकल्प हो सकते हैं, उन सभी पर कार्य किया जा रहा है।

# मंदिर में पूजा करने से रोकने पर किया प्रदर्शन

▸ मौके पर भारी पुलिस बल तैनात, कैसरगंज पुलिस की भूमिका पर लग रहे सवालिया निशान

**बहराइच,समृद्धि न्यूज।**



श्रीराम मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दौरान कैसरगंज के शिव मंदिर में नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा स्थानीय लोगों को पूजा पाठ करने से रोक दिया गया, जिससे नाराज लोगों ने जय श्रीराम के नारे लगाते हुए प्रदर्शन शुरू कर दिया।

लोगों के आक्रोश को देखते हुए रात में ही शिव मन्दिर पर भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया। शिव मन्दिर में पूजा पाठ रोकने से स्थानीय लोगों में आक्रोश व्याप्त हैं। कैसरगंज पुलिस की भूमिका पर भी सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं। श्रीराम मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा के दौरान कैसरगंज थानाक्षेत्र के नगर पंचायत स्थित पूर्व ब्लाक प्रमुख सय्यूब अली की आरा मशीन में एक शिव मंदिर स्थापित है। मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के मन्दिरों में दीप जलाने के आह्वान पर स्थानीय लोग पूजा पाठ करने शिव मंदिर पहुंचे। तभी कैसरगंज नगर पंचायत अध्यक्ष युसूफ अली उर्फ सोनू ने शिव मंदिर के दरवाजे पर ताला जड़ दिया और लोगों को पूजा पाठ करने से रोक दिया। पूजा पाठ रोकने की खबर जंगल में आज की तरह फैल गई। सैकड़ो की संख्या में स्थानीय लोग जय श्रीराम के नारे लगाते हुए इकट्ठा हो गए और प्रदर्शन करने लगे।हंगामा बढने पर स्थानीय पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे। शिव मंदिर का ताला खुलवाया गया और लोगों ने पूजा पाठ कर दीप जलाया। स्थानीय लोगों के आक्रोश को देखते हुए आरा मशीन स्थित शिव मन्दिर पर भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। प्रभारी निरीक्षक कैसरगंज राजनाथ सिंह ने बताया की कोई मामला नहीं है, लोगों ने पूजा पाठ किया है।

**यह है मामला**

राम सरन शर्मा ने अपनी जमीन करीब 12 वर्ष पूर्व सय्यूब अली के हाथों बिक्री की थी। उस जमीन पर शिव मन्दिर बना हुआ था।इस जमीन पर बने शिव मन्दिर में राम शरन शर्मा की बेटी निशा शर्मा अपने पति और परिवार के साथ पूजापाठ और दीप जलाने पहुंची, तो चेयरमैन युसुफ अली उर्फ सोनू ने मन्दिर के दरवाजे पर ताला लगा दिया। पूजा अर्चना और दीप जलाने से रोक दिया।

**नहीं रिसीव हुआ अध्यक्ष का फोन**

इस सम्बंध में कैसरगंज नगर पंचायत के चैयरमैन युसुफ अली उर्फ सोनू को फोन किया गया, लेकिन मोबाइल पर घंटी बजती रही, फोन रिसीब नही हुआ।

# होमगार्ड को बस ने मारी टक्कर, लखनऊ में मौत

▸ सोमवार शाम को ड्यूटी के बाद होमगार्ड जवान बाइक से वापस जा रहे था अपने घर

**बहराइच,समृद्धि न्यूज।**



जनपद के फखरपुर थाने से ड्यूटी कर वापस घर जाते समय बाइक सवार होमगार्ड जवान को रोडवेज बस ने टक्कर मार दी। गंभीर हालत में लखनऊ रेफर कर दिया गया। लखनऊ में इलाज के दौरान मौत हो गई। जिस पर साथी होमगार्ड शव लेकर घर आ रहे हैं। फखरपुर थाना क्षेत्र के माधवपुर गांव निवासी राम मूरत यादव (50) पुत्र सियाराम यादव होमगार्ड के पद पर तैनात थे उनकी ड्यूटी फखरपुर थाने में थी। सोमवार शाम को ड्यूटी के बाद होमगार्ड जवान बाइक से वापस अपने घर जा रहे थे। लखनऊ बहराइच मार्ग पर फखरपुर थाना क्षेत्र के पारले चीनी मिल रोडवेज बस में बाइक में टक्कर मार दी। इसमें होमगार्ड जवान गंभीर रूप से घायल हो गया।

आसपास के लोगों की मदद से उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया। यहां हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने होमगार्ड जवान को लखनऊ रेफर कर दिया। लखनऊ ट्रामा सेंटर में मंगलवार सुबह इलाज के दौरान मौत हो गई। जिस पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। होमगार्ड के निधन पर जिला कार्यकारिणी के जिलाध्यक्ष हीरालाल भास्कर, ओमकार वर्मा, बेचू लाल यादव, मीडिया प्रभारी रमाकांत श्रीवास्तव, सत्येंद्र मोहन श्रीवास्तव, शोभाराम चौरसिया, गंगा प्रसाद दुबे, राजू बाजपेई, राजकुमार सिंह, कंपनी कमांडर निर्मल कुमार जैन, ठाकुर प्रसाद तिवारी ने शोक जताया है।

# जरवलरोड में क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ आयोजन

▸ ब्लॉक प्रमुख विपेन्द्र प्रताप सिंह ने फीता काटकर किया शुभारंभ

**बहराइच,समृद्धि न्यूज।**



जरवल रोड के सब्जी मंडी स्थित फील्ड में मंगलवार को तीन दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट प्रतियोगिता की शुरुआत हुई। प्रतियोगिता का आयोजन अंकुर श्रीवास्तव के द्वारा किया गया। पहला मुकाबला जरवल की टीम व बढौली की टीम के बीच खेला गया। जरवल की टीम ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 98 रन का स्कोर खड़ा किया। जवाब में खेलने उतरी बढौली की टीम 8 विकेट के नुकसान पर 92 रन पर ही सिमट गई। जरवल की टीम ने 6 रन से मुकाबला जीत लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ जरवल ब्लॉक प्रमुख विपेन्द्र सिंह द्वारा किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी इन्हीं में से निकलते हैं।

आज हमारे देश की युवा पीढ़ी में खेलों का होना बहुत महत्वपूर्ण है। समय-समय पर ऐसे आयोजन क्षेत्र में होते रहने चाहिए जिससे ग्रामीण क्षेत्र से छुपी प्रतिभाएं बाहर आती हैं। वही टूर्नामेंट में क्षेत्र की कई टीमों ने हिस्सा लिया। उद्घाटन मैच को देखने के लिए मैदान में भारी संख्या में खेल प्रेमियों ने खिलाड़ियों की हौसला अफजाई करते रहे।इस दौरान सिद्धार्थ सिंह, राहुल सिंह, विवेक मिश्रा, विपिन यादव, माधव राम शुक्ला, जीतू श्रीवास्तव, बबलू यादव, बीडीसी मोनू सिंह, विनय कुमार यादव, आसिफ, तबरेज, मोहम्मद राशिद, सलमान, टनटन कनौजिया, पप्पू वर्मा, , निशांत सोनी, पुष्कर, आयुष आदि लोग मौजूद रहे।

## आशीष का जेआरएफ में हुआ चयन



**बहराइच समृद्धि न्यूज।** शहर के मोहल्ला घसियारी पुर निवासी आशीष सिंह पुत्र दिनेश सिंह का चयन असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर हुआ है। दीवानी न्यायालय के अधिवक्ता दिनेश सिंह ने बताया कि उनके पुत्र का चयन जेआरएफ की परीक्षा में होने से परिवार में खुशी है मोहल्ले के साथ रिश्तेदारी के लोग बधाई दे रहे हैं। आशीष सिंह ने बताया कि कड़ी मेहनत के द्वारा उन्होंने यह सफलता पाई है। ऐसे में युवा लक्ष्य साधकर कड़ी मेहनत करे तो उन्हें जरुर सफलता मिलेगी।

# सीएचओ भवन निर्माण में घटिया सामग्री का हो रहा प्रयोग



**बहराइच,समृद्धि न्यूज।**

जिले के ग्राम पंचायत गायघाट में स्वास्थ्य विभाग की ओर से सीएचओ भवन का निर्माण कराया जा रहा है। लाखों रुपए की लागत से बन रहे भवन में मानक के विपरीत कार्य कराया जा रहा है। गांव के लोगों ने मानक विहीन कार्य की शिकायत मुख्यमंत्री से की है। बलहा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत गायघाट में कम्युनिटी हेल्थ ऑफिस निर्माण के लिए सरकार की ओर से पांच लाख रूपये का बजट जारी किया गया था। भवन का निर्माण संबंधित कार्यदाई संस्था के ठेकेदार द्वारा कराया जा रहा है। लेकिन भवन निर्माण में जमकर मानकों की अनदेखी की जा रही है।

गांव के लोगों ने बताया कि दीवाल निर्माण में पीले ईट का प्रयोग किया जा रहा है। इतना ही नहीं मसाले में अधिक बालू का प्रयोग कर निर्माण कराया जा रहा। है। ऐसे में भवन निर्माण होने के बाद या ज्यादा दिन तक नहीं टिकेगी।

इसकी शिकायत गांव के लोगों ने मुख्यमंत्री, जिलाधिकारी और मुख्य चिकित्सा अधिकारी को शिकायती पत्र भेजकर की है। कम्युनिटी हेल्थ ऑफिस का मुख्य उद्देश्य गांव के लोगों को सरकार की ओर से संचालित सुविधाएं गांव स्तर पर दिलाना है। लेकिन इस तरह के निर्माण से लोगों में नाराजगी है।

**टीम भेजकर कराएंगे जांच**

गायघाट गांव में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के निकट ही कम्युनिटी हेल्थ ऑफिस बना है, यहां पर इसके कर्मचारियों की तैनाती होगी। मानकों की अनदेखी कर अगर निर्माण कराया जा रहा तो इसकी जांच कर कार्रवाई की जाएगी टीम जांच के लिए भेजी जा रही है।
-डॉक्टर एसके सिंह सीएमओ

## अल जामेअतुल हशमतिया के प्रमुख अल्लामा मुफ्ती मुहम्मद मासूम रजा खान हशमती का निधन

**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।** सुन्नी जमात के शहजाद-ए-मजहरे आला हजरत मुफ्ती-ए-आजम पीलीभीत व अल जामेअतुल हशमतिया पिपरा माहिम, गोण्डा के प्रमुख अल्लामा मुफ्ती मुहम्मद मासूम रजा खान हशमती पीलीभीती का निधन हो गया।

उनकी नमाज़े जनाज़ा बुधवार को जुहर की नमाज़ के बाद मुबारक मोड़, सादुल्लाह नगर के पास खेल मैदान में पढ़ी जाएगी। 24 जनवरी को, फज्र की नमाज़ के बाद से लेकर दिन के 12 बजे तक हुज़ूर मासूमे मिल्लत की जियारत कराई जाएगी। यह जानकारी देते हुए हजरत मासूमे मिल्लत के खलीफा और खादिम अलहाज कारी शरफुद्दीन खान हशमती ने बताया कि सोमवार को सुबह 9 बजे अपने घर पीलीभीत शरीफ में हजरते वाला ने अपनी जिंदगी की आखिरी सांस ली। इस वक्त हजरत की उम्र करीब 75 वर्ष थी। वे काफी दिनों से बीमार चल रहे थे। हजरत 6 भाई थे, जिनमें से अब केवल दो ही लोग जिंदा हैं।

## खबरें एक नजर में

### निर्वाचक नामावलियों का हुआ अंतिम प्रकाशन

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी अपर जिलाधिकारी सुरेश कुमार सोनी ने बताया कि एक जनवरी 2024 के आधार पर जनपद में विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचन नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनिष्क्षण कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि जनपद में अवस्थित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 295 मेहनोन, 296 गोंडा, 297 कटरा बाजार, 298 कर्नलगंज, 299 तरबगंज, 300 मनकापुर अनुसूचित जाति तथा 301 गौरा से संबंधित निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन मंगलवार को नियत स्थलों पर कर दिया गया है।

### मैजापुर चीनी मिल में मनाया गया राम उत्सव



**कटरा बाजार/गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।** सोमवार को अयोध्या में प्रभु श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर बलरामपुर चीनी मिल्स लिमिटेड इकाई मैजापुर में अधिकारियों,कर्मचारियों ने परिवार सहित बड़े ही धूमधाम से रामोत्सव मनाया। मिल बच्चों द्वारा में राम, लक्ष्मण,सीता, माता शबरी तथा हनुमान जी की झांकी निकाली गई। कार्यक्रम में कस्तूरबा विद्यालय की छात्राओं ने भजन की प्रस्तुति दी। बच्चों ने राम आयेंगे तो अंगना सजाऊंगी गाने पर नृत्य कर उपस्थित लोगो का मन मोह लिया।इस अवसर पर मिल में भंडारे का आयोजन भी किया गया जिसमे सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए।इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक संदीप अग्रवाल ने छात्राओं को उपहार देकर सम्मानित किया। रूबी अग्रवाल ने प्रधानाचार्य कस्तूरबा विद्यालय को सम्मानित किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक वाणिज्य मुकेश झुनझुनवाला, प्रबंधक प्रशासन सौरभ गुप्ता,श्री प्रकाश सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### मेरे प्रभु श्री राम मै तेरा हो गया..गगनदीप

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** अयोध्या धाम में भगवान मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा समारोह पर सोमवार को दुखहरण नाथ मंदिर पर भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। जिसमें भजन गायक गितेश प्रकाश ने गणेश वंदना गाया, उसके बाद गाया बजाये जा प्यारे हनुमान चुटकी .. उसके बाद गायक राघव पंडित ने गाया जय जय श्री राम नित्य जपते हनुमान.. राम जी की निकली सवारी राम जी की लीला है न्यारी ...सहित कई भजनों की हाजिरी लगाई। उसके बाद भजन गायिका अंजलि मौर्या ने गाया, तेरा बालाजी सरकार बाजे डंका मेंहदीपुर में ... रामा रामा रटटे रटटे ....मेरी झोपड़ी के भाग्य आज खुल जायेंगे राम आयेगे .... गायक गगन दीप सिंह ने गाया श्रीराम का सेवक हूं मैं फिर से अयोध्या जाऊंगा,जब भी खुलेगा राम का मंदिर पहला दर्शन पाऊंगा ...दुनिया में पावन अयोध्या धाम है जहां पर चलता श्रीराम का नाम है ...जब भी देखा तुम्हें जाने क्या हो गया, मेरे प्रभु श्री राम मै तेरा हो गया .सब दीप जलाओ मंगल गाओ राम आयें है,लंका में बजा के डंका वीर हनुमान आयें है।

# मनकापुर कोतवाली में नहीं मिलती पीड़ितों को बैठने की जगह



**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़**

सांसद कीर्ति वर्धन सिंह उर्फ राजा भैया के गृह क्षेत्र मनकापुर कोतवाली में महिलाओं की सुरक्षा के लिए अलग से थाने बनाए गए हैं, लेकिन मनकापुर कोतवाली की स्थिति यह है कि यहाँ बैठने के लिए जगह तक नहीं है। ऐसे में मनकापुर कोतवाली में पहुंचने पर फरियादियों को घंटों खड़े रहने या फिर जमीन पर बैठने को मजबूर होना पड़ता है।मंगलवार को मनकापुर कोतवाली में कुछ ऐसे ही नजारा देखने को मिला है। कोतवाली में भीड़ लगी हुई थी कई फरियादी जमीन पर बैठे हुए थे आपसी झगड़ा लड़ाई को लेकर कोतवाली में आए हुए थे।और दोनों पक्षों को बुलाया गया था जो महिला हेल्प डेक्स के आफिस के सामने कोतवाली थाना परिसर में जमीन पर इधर उधर बैठे नजर आ रहे थे।इससे अलग भी तीन से चार महिलायें अन्य मामलों में शिकायत करने पहुंची थीं।वह भी थाने में बने पेड़ व पत्थर पर बैठकर इंतजार कर रही थीं।वही सूत्र बता रहे है कि महिलाओं की फरियाद सुनने के कोतवाल साहब अपने किसी अन्य काम के लिए बाहर चले गए और महिलाओं की फरियाद को नहीं सुना उसके बाद वहां पर बैठे एसआई ने कोतवाली परिसर में बैठकर कुछ अन्य महिलाओ की फरियाद सुनी।और सूत्र बता रहे है कि जब महिलाऐं थाना प्रभारी के पास जातीं तो वहां पर तैनात एक महिला पुलिस कर्मचारी बार बार उन्हें बाहर बैठने के लिये कह देती,कई बार तो उस महिला कर्मचारी ने उन्हें फटकार भी लगायी। तुम्हे कितनी बार बोला है कि बाहर बैठ जाओ।ऐसे में अंदाजा लगाया जा सकता है कि महिलाओं की समस्याओं को कोतवाली में ही कितनी गंभीरता से लिया जा रहा है। यह तो सोचने वाली ही बात है।

**कोतवाली में जमीन पर बैठने के लिए मिल रही जगह**

डीजीपी का आदेश था कि फरियादियों को थाने में मिलेगी इज्जत थाने में हाथ जोड़कर होगा स्वागत, पानी पिलाकर पूछेंगे- कहिए कैसे आना हुआ वही बीजेपी सांसद कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया के गृह क्षेत्र में स्थित कोतवाली में महिलाओं को जमीन में बैठने के लिए मिल रही है जगह।वही एडीजी ने बताया कि प्रमुख सचिव गृह व डीजीपी का निर्देश है कि जनता ही सर्वोपरि के उद्देश्य के लिए हर थाने में महिला सिपाही या उनके न होने पर पुरुष सिपाही आने वाले फरियादियों का कुर्सी से खड़े होकर हाथ जोड़कर नमस्ते कर अभिवादन करेंगे।थाने में पहुंचने पर अब अगर पुलिसकर्मी कुर्सी से उठकर हाथ जोड़कर स्वागत करें, फिर पानी के लिए पूछें और आराम से बैठाकर पूछें-कहिए कैसे आना हुआ तो चौकिएगा मत। अब यही नजारा हर थाने में नजर आएगा।लेकिन मनकापुर कोतवाली में उसका उल्टा हो रहा है वहां पर महिलाओं को भी सम्मान नहीं मिल रहा है।



## नेताजी की जयंती पर बच्चों ने बनाई मानव श्रृंखला

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।** नेताजी सुभाषचन्द्र बोस जी की जन्म जयन्ती के अवसर पर जनपद में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। इस जागरूकता अभियान के तहत पूरे जनपद में 1 लाख 60 हजार छात्र-छात्राओं की मानव श्रृंखला बनाकर रिकॉर्ड कायम किया गया। जनपद के विभिन्न विद्यालयों के छात्राओं ने लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मानव श्रृंखला बनाकर यात्रियों को जागरूक किया। मानव श्रृंखला का नेतृत्व जिलाधिकारी नेहा शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी सुरेश कुमार सोनी, यात्रीकर अधिकारी शैलेन्द्र तिवारी, प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक शैलेश कुमार, यातायात निरीक्षक जगदम्बा सहित अनेक विद्यालयों के प्रधानाचार्य एवं अध्यापक भी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी द्वारा यात्रियों से यातायात नियमों के पालन करने की अपील की जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी लायी जा सकें। छात्र छात्राओं के उत्साहवर्धन हेतु जिलाधिकारी द्वारा अम्बेडकर चौराहें से टॉमसन कालेज तक पैदल चलकर सड़क सुरक्षा की शपथ भी दिलाई गयी। इस अवसर पर बच्चों द्वारा राहगीरों को यातायात नियमों का पाठ पढ़ाते हुए उनके बीच पैम्फलेट का वितरण भी किया गया।

# कोहरे से ट्रैक्टर ट्राली और कार में हुई भिड़ंत

## पुलिस ने घंटों बाद खुलवाया जाम, दोनों जिलों के यात्री हुए परेशान

**बहराइच,समृद्धि न्यूज।**



जिले के नानपारा बहराइच मार्ग पर स्थित गायघाट पुल पर मंगलवार सुबह ट्रैक्टर ट्राली और जायलो में आमने सामने की भिड़ंत हो गई। हादसे में नानपारा लखीमपुर मार्ग पर पर मंगलवार सुबह पुल पर ट्रैक्टर ट्रॉली और जायलो की आमने सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में जायलो सवार चालक चोटहिल हो गया। हादसे के बाद जाम लग गया। पुलिस ने घंटों मशक्कत कर जाम खुलवाया। मोतीपुर थाना क्षेत्र में नानपारा लखीमपुर मार्ग पर गायघाट पुल स्थित है। इस पुल से मंगलवार सुबह दोनों जिलों के यात्री आवागमन कर रहे थे। सुबह आठ बजे रायबोझा से ईंट लादकर जा रही ट्रैक्टर ट्रॉली और लखीमपुर की ओर से आ रही जायलो वाहन में आमने सामने की भिड़ंत हो गई। बीच सड़क पर हादसा होने के चलते जाम लग गया। हादसे की सूचना पुलिस को दी गई। प्रभारी निरीक्षक दद्दन सिंह ने बताया कि पुलिस ने दुर्घटना ग्रस्त दोनों वाहन को हटवा दिया। जिससे आवागमन बहाल हो गया है। उन्होंने बताया कि किसी को गंभीर चोट नहीं आई है। वहीं एक घंटे से अधिक समय तक लोगों को जाम का सामना करना पड़ा। पूरी तरह से बड़े वाहनों का संचालन रुक गया। हादसा कोहरे के चलते हुआ है।

# आग लगने से महिला का घर जलकर हुआ राख

▸ लेखपाल को गांव भेजकर पीड़िता को दिलाई जाएगी आर्थिक मदद: उपजिलाधिकारी सदर

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**



पड़रीकृपाल क्षेत्र के चिलबिला खत्तीपुर के मजरा बनकटी गांव में अचानक सोमवार/ मंगलवार के रात्रि में आग लग गई जिससे महिला का घर जलकर खाक हो गया। मजरा बनकटी की रहने वाली महिला मझिला ने मंगलवार को जानकारी देते हुए बताया कि सोमवार रात्रि में वह सो रही थी तभी अचानक उसके घर के पीछे आग लग गई महिला जब तक कुछ समझ पाती तब तक आग की लपटें विकराल रूप धारण कर लिया। महिला के हल्ला गुहार मचाने पर गांव के लोग इकट्ठा होकर घर को बुझने पूरा प्रयास किए आज महिला के घर के चारों तरफ फैल चुकी थी जिससे लाखों का सामान जलकर खाक हो गया।

चिलबिला खत्तीपुर के ग्राम प्रधान जगदंबा प्रसाद मौर्य ने अपने सहयोगी रवि यादव रघुनाथ प्रसाद शुक्ला के साथ पीड़ित के घर पहुंच कर पहुंचकर आर्थिक सहयोग किया,और हर संभव मदद करने की बात कही, उपजिलाधिकारी सदर सुशील कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मामला संज्ञान में है,लेखपाल संतोष कुमार शर्मा को गांव भेज कर पीड़ित महिला मझिला को आर्थिक सहायता दिलाई जाएगी।

# शाम होते ही दीयों से जगमगाये घर, हुई आतिशबाजी

## शहर के अस्पताल चौराहा स्थित गुरुनानक चौक और भगवान परशुराम चौक को सजाया गया



**बहराइच,समृद्धि न्यूज।**

भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की खुशी जिले में जारी है। शाम होते ही मकान झालरों और दीयों से सज गए। चौक चौराहे पर जमकर आतिशबाजी हुई। शहर के मोहल्ला में पूरे सड़क को दीया से सजा दिया गया है। जिसके लिए सुबह से ही मोहल्ले के लोग लगे रहे। लंबे अरसे बाद सोमवार को अयोध्या में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रभु राम की प्राण प्रतिष्ठा भव्य मंदिर में रखी। इसको लेकर खुशियों का दौर जारी है। लोग अपने अपने तरह से खुशी मना रहे हैं। लोगों के द्वारा दिया और भगवान राम के कार्यक्रम देख दीपोत्सव की खुशी लोगों के चेहरे पर दिख रही थी। उधर शहर के मोहल्ला मोहल्ला कानूनगोपुरा में एक लाख दिया जलाने का दावा किया जा रहा है। आयोजक अखिलेश, मनीष सैनी, मुन्ना, राजेश कुमार ने बताया कि सुबह से पूरे सड़क मार्ग पर दीया रखा गया। शाम होते ही दीया जला दिए गए। सभी ने बताया कि पूरे मोहल्ले की सड़क पर एक लाख दीया जल रहे हैं। इसमें घर की महिलाओं ने भी योगदान दिया है।

**डीजे पर थिरके लोग:** शहर के अस्पताल चौराहा स्थित गुरुनानक चौक और भगवान परशुराम चौक को सजाया गया। चौक में भगवान श्री राम की मूर्ति लगाकर पूजा की गई। वहीं पास में ही बज रहे डीजे की धुन पर लोग जलकर थिरके।

**बयान** — आग कैसे लगी इसकी जांच फायर विभाग की ओर से की जाएगी: अपर पुलिस अधीक्षक

# कबाड़ के गोदाम में लगी भीषण आग, दमकल ने आग पर पाया काबू



**बहराइच,समृद्धि न्यूज।**

शहर के मोहल्ला नाजिरपुरा नई बस्ती में स्थित कबाड़ के गोदाम में सोमवार रात आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरे गोदाम को आगोश में ले लिया। डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत कर चार दमकल वाहनों से आग बुझाया जा सका। अभी नुकसान का अनुमान नहीं लग सका है।कोतवाली देहात के मोहल्ला नाजिरपुरा के नईबस्ती में नानपारा बाईपास मार्ग पर हसीब अहमद के कबाड़ का गोदाम है। गोदाम में काफी मात्रा में प्लास्टिक और लोहे के सामान रखे हुए थे। सोमवार रात आठ बजे अचानक गोदाम के पीछे हिस्से में आग लग गई। आसपास के लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन गोदाम में मौजूद प्लास्टिक से आग ने विकराल रूप ले लिया। इस पर आग लगने की सूचना दमकल विभाग को दी गई।

दमकल विभाग के कर्मचारी वाहनों के साथ मौके पर पहुंचे। चार दमकल वाहनों से डेढ़ घंटे बाद आग पर काबू पाया गया। आग लगने की जानकारी मिलने पर अपर जिला अधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, एसपी सिटी रामानंद कुशवाहा, सीओ सिटी राजीव सिसोदिया और कोतवाली देहात की पुलिस मौके पर पहुंची। सभी ने अग्निकांड के नुकसान का जायजा लिया अपर पुलिस अधीक्षक नगर ने बताया कि आज कैसे लगी है इसकी जांच फायर विभाग की ओर से की जाएगी गोदाम जल गया है। नुकसान कितने का हुआ है, अभी इसका पता नहीं चल सका है।

**पटाखे से लगी आग**

कोतवाली देहात के मोहल्ला नजीरपुरा नई बस्ती निवासी कबाड़ गोदाम संचालक हसीब अहमद के भाई मोनू ने बताया कि पटाखे से आग लगी है। किसी के द्वारा पटाखा छुड़ाकर पीछे छोड़ दिया गया। जिसके चलते आग लगी है। हालांकि पुलिस इस मामले में कुछ नहीं बोल रही है।

# डीएम ने बच्चों को सड़क सुरक्षा की दिलाई शपथ




**रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

परिवहन विभाग रायबरेली द्वारा सड़क सुरक्षा के प्रति आम जनमानस को जागृत करने के दृष्टिगत नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर जनपद के न्यू स्ट्रैण्डर्ड पब्लिक स्कूल, त्रिपुला चौराहा, रायबरेली में मानव श्रृंखला एवं सड़क सुरक्षा शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया।

जिसमें जिलाधिकारी हर्षिता माथुर द्वारा बच्चों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलवायी गई। इस अवसर पर न्यू स्ट्रैण्डर्ड पब्लिक स्कूल के छात्रों द्वारा ट्रैफिक लाइट की प्रतिकृति भी बनायी गयी। नेताजी की जयंती के अवसर पर ट्रैफिक नियमों के प्रति लोगों को किया गया जागरूक जिलाधिकारी ने कड़ाके की ठंडक में बैठे विद्यालय के छात्र/छात्राओं को सराहना की गयी। उन्होंने कहा कि विद्यालय में कार्यक्रम इसलिए रखा गया कि बच्चों को जागरूक किया जा सके। जो व्यक्ति सुबह घर से निकलते हैं उनके परिवार वाले घर वापस आने का बेसब्री से उनका इंतिजार करते हैं तथा बच्चों से अपने माता-पिता को घर से हेलमेट न लगाकर चलने पर टोकने के लिए कहा, साथ ही साथ बच्चों को अपने अभिवावकों को सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करवाने हेतु कहा गया।

छोटे-छोटे नियमों का पालन कर बहुमूल्य जीवन को बचाया जा सकता है। जिलाधिकारी ने बच्चों को जागरूक करते हुए कहा कि सभी लोगों को यातायात नियमों के बारे में पता होना चाहिए। बच्चे न केवल स्वयं इन सभी नियमों को जाने बल्कि अपने परिवार के सदस्यों और मिलने वाले लोगों को भी इसके बारे में बताएं। जिससे कि हो रही सड़क दुर्घटनाओं में कमी आ सके।

**चौराहों पर लगे हुए ट्रैफिक सिग्नल के नियमों का करें पालन**




जिलाधिकारी ने कहा कि बाइक चलाते समय हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें। कार चलाते समय सीट बेल्ट पहने और शराब पीकर गाड़ी ना चलाएं। उन्होंने कहा कि वाहन चलाते समय मोबाइल से बिल्कुल बातचीत ना करें। साथ ही चौराहों पर लगे हुए ट्रैफिक सिग्नल के नियमों का अवश्य पालन करें। पुलिस अधीक्षक अभिषेक कुमार अग्रवाल ने इस बात पर बल दिया गया कि लोगों को स्वयं नियमों का पालन करना चाहिए न कि चालान के भय से। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी ने कहा गया कि सड़क सुरक्षा को अपने जीवन शैली में लाना होगा। अन्त में सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए सभी से अनुरोध किया कि वैध प्रपत्रों के साथ चले एवं सुरक्षित चलने की सलाह दी।

# उपजिलाधिकारी ने ठंड से ठिठुर रही बुजुर्ग महिला को दिया कंबल

**महराजगंज,रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

निरंतर अपने सौम्य स्वभाव एवं शालीनता के कारण आम जनमानस में चर्चा का विषय बने हुए उप जिला अधिकारी महराजगंज राम राजित गुप्ता की दरिया दिली सामने आई जानकारी के अनुसार मंगलवार को दोपहर के समय तहसील प्रांगण में एक वृद्ध महिला जो बछरावां विधानसभा क्षेत्र के महराजगंज क्षेत्र के बरूहा गांव निवासी सुखदेव की पत्नी थी, वह किसी काम से तहसील आई हुई थी। ठंड अत्यधिक होने के कारण वह तहसील के किसी कोने में बैठी थी ठिठुर रही थी यह देखकर उपजिलाधिकारी राजितराम गुप्ता ने एक कंबल मगाकर उस वृद्ध महिला



को भेंट किया इस संबंध में जब संवाददाता ने दूरभाष के माध्यम से उप जिलाधिकारी राजितराम गुप्ता से बातचीत की तो उन्होंने कहा कि अगर मनुष्य अपने जीवन में पूर्ण रूप से सक्षम है तो उसे निरंतर ऐसे लोगों की सेवा करनी चाहिए जो वास्तव में उस सेवा के पात्र हैं मैंने तो सिर्फ अपना कर्तव्य किया है।



## शिक्षक संगठनों ने अपनी मांगों को लेकर रैली निकालते हुए किया धरना प्रदर्शन

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा विभाग के खिलाफ जिले के समस्त शिक्षक संगठनों ने एकत्रित होकर बीएसए कार्यालय से धरना प्रदर्शन करते हुए कलेक्ट्रेट में पहुंचकर अपनी मांगों को लेकर डीएम को ज्ञापन सोपा है आपको बता दे  मंगलवार को समय  रायबरेली जनपद के विकास भवन परिसर स्थित बीएसए कार्यालय से जनपद के विभिन्न शिक्षा संगठनों ने एकत्रित होकर बीएसए कार्यालय से रैली निकालते हुए कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचे यहां पीएम कार्यालय के सामने अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन करते हुए जमकर बेसिक शिक्षा विभाग के खिलाफ नारेबाजी की शिक्षकों का कहना है कि शिक्षा महानिदेशक उत्तर प्रदेश के कार्यालय से जो बेसिक परिषदों के विद्यालयों में डिजिटा ईजेसन व्यवस्था लागू किया गया है उसका सभी शिक्षक संगठन विरोध कर रहा है और अगर मांगे पूरी न हुई तो आगे भी है धरना प्रदर्शन जारी रहेगा।

# युवा कवि के नेतृत्व में निकाली गई विशाल शोभायात्रा

**श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा पर युवाओं ने भोज पुर में निकाली राम यात्रा**

**सरेनी,रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

पूरा देश राममय है। हर जगह हर संस्थान और प्रतिष्ठान पर राम धुन हर जुबान पर राम का नाम। हर जगह कार्यक्रम,अनुष्ठान और पूजा पाठ का आयोजन देखने को मिला। इसी क्रम में सरेनी विकास क्षेत्र के भोज पुर में युवा कवि शिवतोष संघर्षी की अगुवाई में विशाल राम शोभा यात्रा निकाली गई जो भोज पुर के प्रसिद्ध माता दशारानी मंदिर से प्रारंभ हुई और सरेनी क्षेत्र के सिद्ध भगवान शिव के धाम सोहलेश्वर में समापन हुआ। इस दौरान यात्रा में हर आयु वर्ग के लोग सम्मिलित हुए। जय श्री राम के गगन भेदी जयकारों से वातावरण



गुंजायमान हो रहा था। राम यात्रा में मुख्य रूप से पशुपति शंकर बाजपेई,अंजनेय बाजपेई, राकेश त्रिवेदी, पवन द्विवेदी, हिमांशू दीक्षित, आशुतोष शुक्ल,रवि सिंह,आशीष पांडेय,सुनील सरगम, डॉ गोविंद गजब,मुन्नी लाल साहू और राजेंद्र विश्वकर्मा,शिवतोष संघर्षी (जिला प्रमुख नीति एवं शोध विभाग) ,पप्पू मिश्रा (जिला प्रवक्ता किसान यूनियन),गुरु द्विवेदी (जिलाध्यक्ष किसान यूनियन), अवधेश दीक्षित, किशोर कुमार मिश्रा (कोटेदार) ,मयंक मिश्रा,लक्ष्मीकान्त विश्वकर्मा, गौरव सिंह (जिला पंचायत सदस्य), मूलन सिंह,पूतनी साहू (प्रधान भोजपुर),आशीष त्रिवेदी, आशु त्रिवेदी और प्रभात सिंह जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि सहित हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# शहीद चौक की सज्जा न करना दुर्भाग्यपूर्ण: ओमकार मिश्र

**रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

22 जनवरी को अयोध्या में श्री राम प्राण प्रतिष्ठा में जहां पूरा देश रोशनी से नहाया हुआ था।

तो वहीं रायबरेली डिग्री कॉलेज चौराहे पर शहीद चौक एक दीपक के लिए राह जोहता  रहा और रात बीत गई रायबरेली के नौजवानों को शहीदों का अपमान बर्दाश्त नहीं हुआ उन्होंने ट्विटर के माध्यम से मुख्यमंत्री को अवगत करने का प्रयास किया ट्विटर पर वायरल होने पर भारतीय जनता पार्टी के विधि प्रकोष्ठ के जिला संयोजक ओंकार नाथ मिश्रा ने एक पत्र लिख कर फैक्स किया गया मिश्रा ने अपने पत्र में उल्लेख किया है की मुख्य सचिव के आदेश होने के बावजूद नगर पालिका परिषद रायबरेली और नगर के प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा जानबूझकर ऐसी गलती की गई है।

जो उनके कर्तव्य निष्ठा पर प्रश्न चिन्ह लगती है उन्होंने कहा यदि स्थानीय प्रशासन चाहता तो पडाका की कालाबाजारी रोकने के लिए विवेक अधिकार प्रयोग कर पटाखे के दुकान के लिए स्थान निश्चित कर सकता था लेकिन उसे उसने ऐसा ना करके सरकारी आदेश का इंतजार का बहाना करते रहे।

जिससे उनके कुशल नेतृत्व कार्य व्यवहार पर प्रश्न चिन्ह लगता है पत्र में मांग किया गया है दोनों कृत्य समाज और शहीदों से जुड़ा हुआ है इसलिए आवश्यक कार्यवाही की जाए ताकि भविष्य में इसका पुनर्विर्त ना हो सके।

## वाहन की टक्कर से बुजुर्ग की दर्दनाक मौत

**बछरावां, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत लखनऊ प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर नगर पंचायत कार्यालय के सामने टोडरपुर गांव के पास एक तिलक समारोह में शिरकत करने जा रहे बुजुर्ग की सड़क पार करते समय अज्ञात वाहन की टक्कर से दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार आपको बताते चले की मृतक रामनारायण उम्र 56 वर्ष बीते सोमवार की रात एक तिलक समारोह में शिरकत करने जा रहे थे, जैसे ही वह टोडरपुर गांव के पास सड़क पार कर रहे थे, तभी उनके साथ यह दर्दनाक हादसा हो गया और मौके पर उनकी मौत हो गई।

सूचना पर एनएचएआई एंबुलेंस द्वारा उनको प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां लाया गया जहां पर प्रभारी चिकित्सक डॉ प्रभात मिश्रा ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## खबरें एक नजर में

### हनुमान मंदिर पर हुआ भव्य सुंदरकांड पाठ



**बछरावां, रायबरेली।** विकास क्षेत्र की शेखपुर समोधा ग्राम सभा के मजरे खालेगांव में स्थित मुक्तिधाम हनुमान मंदिर के प्रांगण में भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष आकाश मिश्रा की अगुवाई में भव्य सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया जानकारी के अनुसार आपको बताते चलें कि आकाश मिश्रा द्वारा मंदिर परिसर में 1100 दीप जलाकर पृथ्वी पर जय श्री राम की कलाकृति को पिरोया गया और संगीतमय सुंदरकांड पाठ के उपरांत भंडारे का भी आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ो की संख्या में भक्त जनों ने पवन पुत्र महाबली हनुमान का प्रसाद चखा सुंदरकांड पाठ के इस मौके पर भारी संख्या में राम भक्त, संगीत प्रेमी, आम जनमानस एवं ग्रामवासी मौजूद रहे।

### खाना बनाते समय कूकर फटा, महिला झुलसी

**शिवगढ़, रायबरेली।** रसोई घर में खाना बनाते समय प्रेशर कूकर के ब्लास्ट होने से महिला गंभीर रूप से झुलस गई जानकारी मिलते हैं परिजनों ने आनन - फानन में महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवगढ़ पहुंचाया जहां मौजूद चिकित्सकों ने महिला का प्राथमिक उपचार कर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया जानकारी के मुताबिक मंगलवार की शाम बेड़ारु गांव निवासी लक्ष्मी पत्नी आनंद कुमार उम्र लगभग 22 वर्ष अपने घर की रसोई में चूल्हे पर खाना पका रही थी तभी अचानक प्रेशर कुकर ब्लास्ट हो गया जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गई जैसे ही इसकी जानकारी परिजनों को हुई तो वह गंभीर रूप से झुलसी लक्ष्मी को आनन फानन में अपने निजी वाहन से लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवगढ़ पहुंचाया जहां मौजूद चिकित्सकों ने महिला का प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### पहरावां हनुमान मंदिर पर भंडारे व मेले का हुआ आयोजन

**महराजगंज, रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के पहरावा चौराहा हनुमान मंदिर पर विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी विशाल मेले और भंडारे सहित तमाम तरह संस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। पिछले सत्रह वर्षों से अनरावत 23 जनवरी को मेले और भंडारे का आयोजन किया जाता रहा वहीं 22 जनवरी को रामचरितमानस के पाठ का आयोजन किया उसके बाद भंडारे और मेले सहित दिनभर संस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन चलता रहा और रात को संगीत पार्टी का आयोजन किया गया। मेलू में पहुंचे हजारों लोगों ने मेले का जमकर लुत्फ उठाया और बजरंगबली से सुख समृद्धि का आशीर्वाद मांगा और भंडारे का महाप्रसाद ग्रहण किया।

### महिला बच्चों संग लापता

**उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के जाजमऊ चौकी अंतर्गत ग्राम गजियाखेड़ा के रहने वाले मनोज वर्मा ने पुलिस को दी तहरीर में यह हवाला दिया है कि बीते शुक्रवार को उसकी पत्नी संगीता अपने दो बच्चे प्रिंस 8 वर्ष व लड़की प्रियंका 6 वर्ष को घर से लेकर कही चली गई है। वही गंगाघाट पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरु कर दी है।

## 31 जनवरी तक जनपद में धारा 144 लागू

**रायबरेली।** जनपद में 24 जनवरी 2024 को उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस, 25 जनवरी को मो0 हजरत अली, 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस व अन्य संक्रामक महामारी के रोकथाम हेतु प्रभावी रूप से नियंत्रित किये जाने के लिए जनपद में शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा-144 के अंतर्गत निषेधाज्ञा लागू की गई है। अपर जिला मजिस्ट्रेट (प्रशासन) प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी ने जानकारी देते हुए बताया है कि 20 जनवरी से दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के अन्तर्गत निषेधाज्ञा जारी कर दी है। यह निषेधाज्ञा 31 जनवरी 2024 तक सम्पूर्ण जनपद में लागू रहेगी।

# एसडीएम की दिखी दयालुता



**डलमऊ, रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

असहाय एवं जरूरतमंदों के प्रति प्रेम रखने वाले उपजिलाधिकारी डलमऊ अभिषेक वर्मा की दरियादिली उस समय दिखाई पड़ी जब वह किसी कार्य के लिए अपने सरकारी वाहन से कहीं जा रहे थे कि जैसे ही वह मुराई बाग चौराहे के पास पहुंचे तो उन्हें एक अर्धविक्षिप्त महिला दिखाई पड़ी जो ठंड से कंपकँपा रही थी।जिसे देखकर उनसे रहा नहीं गया उन्होंने तत्काल अपने वाहन को रोका और गाड़ी के अंदर रखा कंबल निकाल कर उस अर्द्धविक्षिप्त महिला को पहनाकर ठंड से राहत दिलाई। डलमऊ एसडीएम की यह दरियादिली देख लोगों ने खूब सराहना की। कड़ाके की पड़ रही इस ठंड में असहाय एवं जरूरतमंदों की मदद करने वाले उप जिलाधिकारी डलमऊ अभिषेक वर्मा की क्षेत्र में जमकर सरहना हो रही है।

# कार पेड़ से टकराई, दो की मौत, चार घायल

**रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

जनपद में सोमवार देर रात तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला है। जनपद में एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में दो किशोरों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि चार किशोर घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया है, जहां घायलों की हालत गंभीर देखते हुए लखनऊ ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ये दर्दनाक हादसा रायबरेली जनपद के शहर कोतवाली के पडरी गनेशपुर में हुआ है।जानकारी के कार सवार सभी 6 लोग शादी समारोह में शामिल होने के लिए आए थे। देर रात जयमाला कार्यक्रम के बाद कार में सवार होकर

**पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा**

सामान लेने जा रहे थे, लेकिन घने कोहरे के कारण कार पेड़ से टकराकर खाई में पलट गई। हादसे में नमन शुक्ला पुत्र स्वर्गीय अजय शुक्ला उम्र 15 वर्ष परडी गणेशपुर व लखनऊ कल्याणगंज निवासी प्रखर शुक्ला पुत्र संजय शुक्ला उम्र 17 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गयी। वहीं, कार सवार चार अन्य नाबालिग किशोर गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनको इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया जहां उनकी हालत गंभीर होने पर उन्हें लखनऊ ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया।

**मातम में बदली शादी की खुशी :** एक साथ दो बच्चों की मौत से परिवार में कोहराम मच गया और शादी की खुशियां मातम में बदल गई।

ईएमओ जिला अस्पताल डॉ अनुराग शुक्ला ने बताया की 1:00 बजे के करीब एक्सीडेंट का मामला सामने आया था, जिसमें नमन व प्रखर की दो लोगो की मौत हो चुकी थी बाकी चार लोगों को गंभीर हालत होने के चलते लखनऊ रेफर कर दिया गया है। घायलों में आरो मिश्रा, नमन शुक्ला, आनंद दीक्षित, आयुष शामिल थे।
**-डॉ अनुराग शुक्ला**
**(ईएमओ जिला अस्पताल, रायबरेली)**

सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कानपुर के आनंद त्रिवेदी ने बताया कि बच्चे गाड़ी लेकर बाहर गए थे और एक्सीडेंट हो गया, जिसमें दो लोग खत्म हो गए चार लोग गंभीर रूप से घायल है जिनको लखनऊ के लिए भेज दिया गया है।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा में लाभार्थियो को स्वीकृति पत्र वितरित



**उन्नाव। समृद्धि न्यूज**

बांगरमऊ क्षेत्र की ग्राम पंचायत छतरापुर और साईपुर सगौड़ा में मंगलवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक श्रीकान्त कटियार ने लाभार्थियों को विभिन्न सरकारी योजनाओं के स्वीकृति पत्र वितरित किए। आयोजन में विधायक कटियार ने कहा कि कल का दिन ऐतिहासिक था। जब प्रभु श्रीराम जी अपने घर में विराजमान हो गए। वह दिन अब दूर नही जब अयोध्या नगरी भारत की दिव्य भव्य नगरी कहलाएगी। अब चहुं ओर केवल राम नाम की गूंज है। आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत विकास की ओर अग्रसर है। गरीबों को योजनाओं का लाभ मिल रहा है। बिना रुके, बिना थके मोदी जी गरीबों की सेवा और देश को विकास के शिखर पर ले जाने के लिए अग्रसर हैं। कार्यक्रम में विधायक श्रीकांत कटियार ने आंगनवाड़ी बच्चों का अन्नप्रासन व गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की। उन्होंने उपस्थित सभी ग्रामीणों को विकसित भारत की शपथ दिलाई। साथ ही एलईडी वाहन से केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं को चलचित्र के माध्यम से ग्रामीणों एवं किसानों को दिखाया गया। कार्यक्रम में प्रधान बलीराम निषाद, आलोक निषाद, जिला पंचायत सदस्य शिवकुमार तिवारी, सांसद प्रतिनिधि विजय निषाद, कुशल तिवारी, रामनरेश सिंह, जयपाल पटेल, मिथलेश गुप्ता व जगजीत राजपूत सहित ग्रामीण मौजूद रहे।



## नगर में निकली मतदाता जागरुकता रैली

**उन्नाव।** नगर पंचायत गंजमुरादाबाद द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के दौरान मतदाताओं को मतदान हेतु जागरूक किया गया। रैली हरदोई-उन्नाव मार्ग व मुख्य चौराहा तथा दरगाह शरीफ रोड होते हुए वापस आकर कार्यालय पर समाप्त हुई। रैली भ्रमण के दौरान लोगों को नारों के माध्यम से मतदान के प्रति जागरूक किया गया। रैली में शामिल नागरिक 'बनो देश के भाग्य विधाता, अब जागो प्यारे मतदाता', डालें वोट बूथ पर जाएं, लोकतंत्र का पर्व मनाए, छोड़ के अपने सारे काम, पहले चलो करें मतदान, वोट डालने जाना है, अपना फर्ज निभाना है, आदि नारे लगाते हुए चल रहे थे। रैली का नेतृत्व चेयरमैन पति हाजी सलीम कुरैशी ने किया। रैली में प्राथमिक पाठशाला व कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र-छात्राएं तथा शिक्षकगण शामिल रहे।

## शार्ट सर्किट से साइकिल की दुकान जलकर राख

**उन्नाव।** मौरावां थाना क्षेत्र के संदाना गांव में स्थित साइकिल की दुकान में शार्ट सर्किट होने से आग लग गयी। जिससे दुकान में रखा करीब 50 हजार का सामान जलकर राख हो गया। मौरावां थाना क्षेत्र के गांव रामपुर निवासी राजकुमार पुत्र लल्लूराम रावत की संदाना स्थित साइकिल की दुकान में सोमवार रात लगभग आठ बजे शार्ट सर्किट होने से आग लग गई जिससे दुकान में रखे टायर, ट्यूब व हवा भरने वाली मशीन, आदि लगभग 50 हजार रुपये का सामान जलकर खाक हो गया। वहीं इस संबंध में मौरावां थाना प्रभारी भवन सिंह मौर्य ने बताया कि सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड को सूचित कर समय से मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया गया और कोई भी जनहानि नहीं वहीं है।

# नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को दिलाई गई शपथ

**उन्नाव। समृद्धि न्यूज**

बांगरमऊ बार एसोसिएशन की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने आज आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में पद और गोपनीयता की शपथ ली। शपथ के बाद सभी पदाधिकारियों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए।




स्थानीय तहसील सभागार में मंगलवार को उन्नाव बार एसोसिएशन अध्यक्ष रामसुमेर सिंह ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुभाष चंद्र शुक्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रतीक कटियार, सहायक उपाध्यक्ष सर्वोत्तम अवस्थी व सुधीर प्रजापति, महामंत्री राजमणि हंस, संयुक्त मंत्री ब्रजेश कुमारी, संयुक्त मंत्री संजय कुमार व हरिओम दीक्षित, कनिष्ठ उपाध्यक्ष कमलकांत तिवारी व दिनेश कुमार गोयल, कोषाध्यक्ष सुरभ श्रीवास्तव तथा सदस्य गवर्निंग काउंसिल राघवेंद्र सिंह, अमित कुमार यादव, विपिन पटेल, संजय पटेल, सोनू सिंह, संजीव कुमार, परवेज अहमद, अनुभव सिंह, मिथिलेश कुमार मिश्रा, रामचंद्र व रामपाल यादव को कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। शपथ के बाद मंत्री अजय गौतम ने नई कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए। शपथ ग्रहण समारोह में निवर्तमान अध्यक्ष रामभरोसे वर्मा, पूर्व महामंत्री छोटेलाल गौतम, सत्यपाल वर्मा, अनिल वर्मा, अश्वनी शुक्ला अंचल, श्रीकांत द्विवेदी, मनोज सेंगर, मनीष मिश्रा, विपुल बाजपेई, मोईन अंसारी, महमूद आलम, आकिब अली, पुष्पेंद्र सिंह, मुजम्मिल व मनोज गौतम आदि अधिवक्तागण मौजूद रहे।

**बयान**

**शिक्षक शशांक तिवारी ने उनके स्वाधीनता और समाजवाद की जिज्ञासा की व्याख्या की**

# न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल में मनी सुभाष चंद्र बोस की जयंती

**लालगंज,रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी एवम् विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित शैक्षणिक संस्थान न्यू स्टैण्डर्ड पब्लिक स्कूल लालगंज रायबरेली में नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की प्रतिमा पर विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवांग अवस्थी ने माल्यार्पण कर उन्हे प्रमाण किया। तत्पश्चात् विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं व बच्चों ने भी पुष्प अर्पित कर उन्हें प्रणाम किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवांग अवस्थी ने अपने सम्बोधन में बताया कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जन्म 23 जनवरी 1897 को उड़ीशा के




कटक में एक बंगाली परिवार में हुआ था। भारत को अंग्रेजों की गुलामी से मुक्त कराने में इनका बहुत बड़ा योगदान था। तुम मुझे खून दो-मैं तुम्हें आजादी दूंगा जय हिंद-जय भारत और दिल्ली चलो जैसे नारों से उन्होंने देश के युवाओं में देशभक्ति की लौ जलाई थी। स्वतंत्रता की लड़ाई में पहले ये महात्मा गांधी के ही साथ थे, लेकिन बाद में अलग होकर इन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ लड़ने की योजना बनाई। जिसके तहत उन्होंने साल 1939 में फॉरवर्ड ब्लॉक की स्थापना की और इसके बाद साल 1943 में 21 अक्टूबर को आजाद हिंद फौज की स्थापना की। इसकी स्थापना के पीछे उनका उद्देश्य था कि स्वतंत्रता की लड़ाई में ज्यादा से ज्यादा युवा उनकी फौज से जुड़ सकें। 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती मनाई जाती है। कार्यक्रम की अगली कड़ी में विद्यालय के सामाजिक विज्ञान शिक्षक शशांक तिवारी ने उनके स्वाधीनता और समाजवाद की जिज्ञासा की व्याख्या की। इसी कड़ी में कक्षा-7 की छात्रा अन्वी सिंह ने भी नेता जी की वीरता की व्याख्या की। संपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन आजाद हाऊस के सदस्यों के द्वारा सम्पन्न कराया गया।

**पराक्रम दिवस के रूप में मनी सुभाष जयंती**

**महराजगंज,रायबरेली।** महावीर स्टडी इस्टेट सीनियर सेकेंडरी कॉलेज महराजगंज में सुभाष चंद्र बोस की जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई प्रधानाचार्य कमल वाजपेई ने बताया कि सुभाष जी का जन्म 1897 में उड़ीसा के कटक में माता प्रभावती देवी पिता जगदीश नाथ के घर हुआ सुभाष जी ने 1920 में इंग्लैंड में आईसीएस की परीक्षा प्रभावशाली ढंग से पास कि इसे छोड़कर 1921 कांग्रेस में शामिल हुए असहयोग आंदोलन में भाग लिया 1939 में विचारधारा में अंतर के कारण भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस छोड़ना पड़ा। वह पूर्वी एशिया की तरफ गए वहां द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जर्मनी में नाजी नेतृत्व जापान में शाही सेनाओ से सहायता की मांग की।

## प्रतिष्ठा मूर्ति में प्राण की या हिंदू राज की

प्राण प्रतिष्ठा के साथ, अयोध्या में भव्य राम मंदिर खुल गया है। बेशक, यह मंदिर विशाल और भव्य है, हालांकि उसे और विशाल तथा भव्य बनाए जाने का काम, अभी कई बरस और जारी रह सकता है। बेशक, यह अयोध्या के राम से जुड़े सभी मंदिरों का ही सिरमौर नहीं है, अयोध्या का ही सिरमौर होगा और देश भर में सबसे बड़ा और सबसे महत्वपूर्ण राम मंदिर होगा। जाहिर है कि इस मंदिर की भव्यता में, जिस धूम-धड़ाके के साथ इसका उद्घाटन हुआ है, उससे चार-चांद लग गए हैं। और इस धूम-धड़ाके के केंद्र में है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का इस उद्घाटन का मुख्य कर्ता होना। यह सवाल करने वाले बहुत गलत भी नहीं हैं कि यह मंदिर राम का है, मोदी का है। मंदिर मोदी का न सही, पर मोदी के राम का जरूर है! यह मंदिर कौशल्या नंदन का या दशरथ सुत का नहीं है, यह मंदिर लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न के भ्राता का नहीं है, यह मंदिर सीतापति या मर्यादा पुरुषोत्तम का हर्गिज नहीं है, यह सबसे बढ़कर मोदी के राम का मंदिर है। मोदी के राम का अर्थ नरेंद्र दामोदार दास मोदी नाम के व्यक्ति के ही राम का नहीं है, वह व्यक्ति भले ही देश के सबसे शक्तिशाली पद पर बैठा हुआ और इसलिए, मंदिर समेत किसी भी चीज के उद्घाटन शिलापट्ट पर अपना नाम नक्श कराने की हैसियत में ही क्यों नहीं हो। मोदी के राम यानी उस पूरी प्रक्रिया के राम, जिसने खुद मोदी को देश में सत्ता के सर्वोच्च पद पर भी पहुंचाया है और उनके माध्यम से अंततरू अभूतपूर्व धूम-धड़ाके तथा मान्यता के साथ, इस मंदिर को शब्द के सभी अर्थों में एक वास्तविकता बनाया है। इस पूरी प्रक्रिया का बीज शब्द है, मंदिर का वहीं बनना। इस मंदिर की असली महत्ता इसके राम के जन्म स्थान पर बना मंदिर होने आस्था या राम के बाल रूप का मंदिर होने आदि, आदि में नहीं है। इसकी सबसे ज्यादा महत्ता इस मंदिर के वहीं बनाए जाने के दावे में निहित है। वहीं यानी वहां, जहां बाबरी मस्जिद चार सौ साल से ज्यादा से खड़ी थी, जिसे सबने देखा था। यह दूसरी बात है कि वहां और भी पहले राम जन्म स्थल रहने के दावे छुट-पुट तौर पर ब्रिटिश हुकूमत के दौर में भी किए गए थे और इन दावों ने तब से और जोर पकड़ लिया था, जब 1949 के दिसंबर में एक मध्यरात्रि में मस्जिद का दरवाजा तोड़कर, उसके अंदर रामलला की मूर्ति प्रकट करा दी गई। इसके बावजूद, यह विवाद करीब ढाई दशक तक, मुख्यतः स्थानीय या ज्यादा से ज्यादा इलाकाई तथा कानूनी विवाद ही बना रहा, सिवा इसके कि मस्जिद पर अतिक्रमणकारी हिंदू आस्था का कब्जा बना रहा, हालांकि मस्जिद में जबरन बना दिया गया कथित मंदिर भी, पुजारी के सिवा आम श्रद्धालुओं के लिए बंद ही रहाय उन्हें जंगले के पार दूर से ही दर्शन करना उपलब्ध था। दूसरी ओर, मुसलमानों के लिए मस्जिद में प्रवेश की पूरी तरह से मनाही कर दी गई। यह स्थिति तब तक चली, जब तक कि 1984 में भाजपा के दो सीटों पर सिमट जाने के बाद, गांधीवादी समाजवाद के उसके नये-नये अपनाए गए मुखौटे को पूरी तरह से दफन ही नहीं कर दिया गया। अब आरएसएस से जुड़े मंचों संगठनों ने अयोध्या राम मंदिर के मुद्दे को हवा देने के लिए, यात्राएं निकालनी शुरू कर दीं और अदालती लड़ाई में नयी तेजी आ गई। इसी के सामने और संभवतः इसे जोर पकड़ने से पहले ही निपटा देने की तत्कालीन सत्ताधारी कांग्रेस पार्टी की सवा-चतुराई में, 1986 में मजिस्ट्रेटी आदेश से मस्जिद में बने कथित मंदिर के दरवाजे लोगों के लिए खुलवा दिए गए।

# आर्थिक केन्द्र भी है श्रीराम मंदिर

**इससे न केवल शहर में और इसके आसपास पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि यह शहर एक क्षेत्रीय विकास केंद्र में बदल जाएगा, जिससे बेहतर कनेक्टिविटी के कारण व्यापक क्षेत्र में व्यापार और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। वैश्विक मानकों का एक मेगा पर्यटक शहर, जो प्रतिदिन लाखों पर्यटकों को आकर्षित करेगा, पड़ोसी जिलों की अर्थव्यवस्था में भी क्रांति का स्रोत बन सकता है। अयोध्या के लोग इस बात को लेकर उत्साहित हैं कि पर्यटन का विकास अयोध्या के आर्थिक विकास के नए रास्ते खोलेगा। राम मंदिर में रामलला की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद लगभग 3 लाख की दैनिक उपस्थिति की आवश्यकता को पूरा करने के लिए पवित्र शहर को उन्नत करने हेतु मास्टर प्लान 2031 के अनुसार अयोध्या का पुनर्विकास 85000 करोड़ रुपए से अधिक के निवेश के साथ 10 वर्षों में पूरा किया जाएगा।**

डा. अश्विनी महाजन



**अयोध्या स्थित श्रीराम मंदिर, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग के लिए महाकाल लोक, काशी विश्वेश्वर के लिए काशी कोरिडोर, केदारनाथ में मंदिर जीर्णोद्धार एवं शंकराचार्य स्थल, ओम्कारेश्वर में एकात्म धाम, कश्मीर में शारदा पीठ का जीर्णोद्धार, उत्तराखंड में कैलाश दर्शन का विकास उसी दिशा में कदम हैं। हम देखते हैं कि आज भी भारत में कई शहरों और कस्बों की एक बड़ी आबादी तो अपनी आजीविका के लिए सिर्फ मंदिरों एवं तीर्थ स्थानों पर ही निर्भर करती है।**

बाईस जनवरी 2024 को अयोध्या के राम मंदिर में रामलला की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा हो गई है। देश भर में एक उत्साह का वातावरण अभी भी है। हर व्यक्ति प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर अयोध्या में जाना चाहता था। यह समझते हुए कि सभी का एक ही समय में अयोध्या में होना संभव नहीं, आने वाले कुछ महीनों में करोड़ों लोग अयोध्या में रामलला के दर्शन करने की योजना बना रहे हैं। अयोध्या में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा तो बन ही रहा है, दर्शनार्थियों की सुविधा हेतु होटल और अन्य प्रकार के इंफ्रास्ट्रक्चर का भी निर्माण तेजी से हो रहा है।

इससे न केवल शहर में और इसके आसपास पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि यह शहर एक क्षेत्रीय विकास केंद्र में बदल जाएगा, जिससे बेहतर कनेक्टिविटी के कारण व्यापक क्षेत्र में व्यापार और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। वैश्विक मानकों का एक मेगा पर्यटक शहर, जो प्रतिदिन लाखों पर्यटकों को आकर्षित करेगा, पड़ोसी जिलों की अर्थव्यवस्था में भी क्रांति का स्रोत बन सकता है। अयोध्या के लोग इस बात को लेकर उत्साहित हैं कि पर्यटन का विकास अयोध्या के आर्थिक विकास के नए रास्ते खोलेगा। राम मंदिर में रामलला की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद लगभग 3 लाख की दैनिक उपस्थिति की आवश्यकता को पूरा करने के लिए पवित्र शहर को उन्नत करने हेतु मास्टर प्लान 2031 के अनुसार अयोध्या का पुनर्विकास 85000 करोड़ रुपए से अधिक के निवेश के साथ 10 वर्षों में पूरा किया जाएगा। जब अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के लिए आंदोलन चल रहा था, देश में कुछ लोग यह सुझाव दे रहे थे कि मंदिर के स्थान पर यदि अस्पताल या शिक्षण संस्थान खोल दिए जाएं तो लोगों को फायदा होगा।

कांग्रेस शासन के दौरान सरकार के काफी निकट और हाल ही में राहुल गांधी की अमरीका यात्रा में उनके साथ गए एक टेक्नोक्रेट सैम पित्रोदा ने कहा कि मंदिर रोजगार पैदा नहीं करते। स्वाभाविक तौर पर वर्तमान में मंदिरों के प्रति आग्रह के संदर्भ में उनकी यह टिप्पणी रही होगी। सैम पित्रोदा चाहे कुछ भी कहें, मंदिरों का अर्थशास्त्र भी समझने की आज बहुत जरूरत है। यह सही है कि कृषि, उद्योग और सेवाओं का अपना-अपना अर्थशास्त्र होता है, जिसके आधार पर हम देश के विकास की रूपरेखा तैयार करते हैं। लेकिन मंदिरों के विरुद्ध बोलने वाले लोग भूल जाते हैं कि धार्मिक सेवाओं और मंदिरों का भी अपना एक अर्थशास्त्र होता है। जहां मंदिर होते हैं, उसके आसपास विकास कार्य स्वतः ही हो जाते हैं, प्राचीन भारत में हर क्षेत्र को धन लाभ इन्हीं तीर्थस्थलों से होता था। हर मंदिर में आकर्षक शिल्पकला, भव्यता, अलौकिक विग्रहों के कारण यह आध्यात्मिक होने के साथ-साथ पर्यटन स्थल भी थे। यह व्यवस्था सम्पूर्ण भारत में थी।

आज जब मंदिर निर्माण पूर्णता की ओर है और प्राण-प्रतिष्ठा का कार्यक्रम होने जा रहा है, तो हमें यह समझने की जरूरत है कि मंदिर, धार्मिक एवं आध्यात्मिक पर्यटन हमारे देश और और जनता के लिए कितने लाभकारी हो सकते हैं। मंदिरों से भी भारी रोजगार सृजन होता है। मंदिरों के आसपास असंख्य लोग अपना जीवनयापन करते हैं और मंदिरों में भी आधुनिकीकरण एवं इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास के माध्यम से न केवल उन सेवाओं के स्तर को बढ़ाया जा सकता है, बल्कि जीडीपी में भी उनके योगदान में वृद्धि की जा सकती है। इसलिए अर्थव्यवस्था के अन्य क्षेत्रों की ही भांति मंदिर अर्थव्यवस्था के बारे में भी चिंतन और विचार करना जरूरी है। 20 लाख से भी अधिक मंदिरों वाले भारत देश में 4 करोड़ लोग पर्यटन और यात्रा के उद्योग से सीधे जुड़े हुए हैं। धार्मिक और मंदिर पर्यटन उसका एक बड़ा हिस्सा हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की सरकार भी योजनाबद्ध रूप से इस मंदिर अर्थव्यवस्था को और अधिक पुष्ट करने का कार्य कर रही है।

अयोध्या स्थित श्रीराम मंदिर, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग के लिए महाकाल लोक, काशी विश्वेश्वर के लिए काशी कोरिडोर, केदारनाथ में मंदिर जीर्णोद्धार एवं शंकराचार्य स्थल, ओम्कारेश्वर में एकात्म धाम, कश्मीर में शारदा पीठ का जीर्णोद्धार, उत्तराखंड में कैलाश दर्शन का विकास उसी दिशा में कदम हैं। हम देखते हैं कि आज भी भारत में कई शहरों और कस्बों की एक बड़ी आबादी तो अपनी आजीविका के लिए सिर्फ मंदिरों एवं तीर्थ स्थानों पर ही निर्भर करती है। उत्तर प्रदेश में वाराणसी, मथुरा-वृंदावन, अयोध्या, कुशीनगर, उत्तराखंड में हरिद्वार, ऋषिकेश, केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री मंदिर प्रसिद्ध हैं। यदि हम देखें तो लगभग सभी राज्यों में एक या एक से अधिक बड़े धार्मिक केंद्र हैं। तमिलनाडु में मीनाक्षी मंदिर (मदुरै), रामेश्वरम मंदिर और कई अन्य मंदिर हैं। उड़ीसा में जगन्नाथ पुरी मंदिर, गुजरात में सोमनाथ और द्वारका, पंजाब में स्वर्ण मंदिर आस्था के प्रमुख केंद्र हैं। झारखंड के देवघर में बैद्यनाथ मंदिर और रांची में जगन्नाथ मंदिर विश्व प्रसिद्ध हैं।

मध्य प्रदेश में उज्जैन का महाकाल मंदिर और भारत के कई शहरों-कस्बों में कई मंदिर हैं, जो आस्था के केंद्र हैं। जिन शहरों में ऐसे मंदिर स्थित हैं, वहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और सैलानियों का आना होता है। कई स्थान तो ऐसे हैं, जहां एक ही दिन में लाखों श्रद्धालु जुटते हैं। जम्मू के कटरा में स्थित अकेले वैष्णो देवी मंदिर में ही वर्ष 2022 के दौरान 36.4 लाख श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। आंध्र प्रदेश में स्थित तिरुपति बालाजी मंदिर में वर्ष 2022 के दौरान 3 करोड़ श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। इसी प्रकार से अलग-अलग मंदिरों में करोड़ों लोग हर साल दर्शन करने जाते हैं।

## राम पर आम चुनाव

बार-बार आंखें भीग जाती हैं। मन सुबकने लगता है। चेहरा दीवार की ओर करना पड़ता है, ताकि आंसू सार्वजनिक न हो जाएं। आज तीनों लोक आनंदित होंगे, चराचर में उत्साह और उल्लास होगा, असीम आसमान तक हरेक मंजर आह्लादित होगा। सनातन के 'प्राण' श्रीराम का प्राण-प्रतिष्ठा समारोह हुआ है, तो भावुक होना स्वाभाविक है। भीतर आत्मा से सवाल उभरते हैं कि भारत के 'प्राण' की प्राण-प्रतिष्ठा की नौबत ही क्यों आई? इस सवाल के साथ पुरानी स्मृतियां भी ताजा हो गई हैं, जब एक-एक 'रामशिला' के साथ सवा रुपया भी देने का संकल्प निभाया जा रहा था। विहिप के मुताबिक, ऐसा करीब 68 करोड़ भारतीयों ने किया था।

हम सौभाग्यशाली हैं कि शिला और पनपते आंदोलन के भी साक्षी बने और अब कमोबेश टीवी चैनल के जरिए प्राण-प्रतिष्ठा का अलौकिक-सा दौर भी देख रहे हैं। सवाल ये भी मौजू लगते हैं कि प्रधानमंत्री के तौर पर वीपी सिंह ने 'राम मंदिर' के लिए जगह देने का वायदा किया था और तत्कालीन प्रधानमंत्री पीवी नरसिंह राव ने कथित बाबरी मस्जिद के पुनर्निर्माण का ऐलान किया था। यह दीगर है कि राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक हालात के दबावों के कारण कोई भी प्रधानमंत्री मस्जिद को दोबारा खड़ा नहीं कर सका। हमने राम मंदिर आंदोलन के स्वतः स्फूर्त उभार और उफान को भी देखा है। उस दौर में कितने किशोर, युवा और उम्रदराज भारतीय मारे गए, उसका रिकॉर्ड भारत और उप्र सरकारों के किसी भी मंत्रालय में दर्ज नहीं किया गया। क्या इसे राजनीतिक निर्णय नहीं मानेंगे? राम मंदिर के जरिए सांस्कृतिक पुनरोत्थान का पूरा आंदोलन भाजपा, विहिप और आरएसएस ने चलाया था। उन्हें 'संघ परिवार' भी कह सकते हैं। दिसंबर, 1992 में विवादित ढांचा ध्वस्त किए जाने के बाद तत्कालीन राव सरकार ने भाजपा की उप्र, मध्यप्रदेश, राजस्थान और हिमाचल की राज्य सरकारों को बर्खास्त कर दिया था।

वह निर्णय भी विशुद्ध रूप से राजनीतिक था। 'कारसेवक' उप्र तक ही सीमित थे, हालांकि देश के विभिन्न इलाकों से 'रामसेवक' और 'रामभक्त' अयोध्या की तरफ बढ़ रहे थे। सरकारें बर्खास्त करने के बावजूद जन-सैलाब नहीं थमा था। उन्हें मुलायम सिंह यादव की सरकार ने गोलियों से भुनवा दिया। 'राम भक्तों' की लाशें भी उनके परिजनों को नहीं सौंपी गई। न जाने उनके अंतिम संस्कार कैसे किए गए? बहरहाल अब श्रीराम के भव्य, नव्य और महलनुमा मंदिर में जो 'प्राण-प्रतिष्ठा' की गई है, वह आध्यात्मिक और सांस्कृतिक है। वह भारतीय है, क्योंकि हम प्रभु राम को ही विधि, विधान और अध्यात्मक का संविधान मानते रहे हैं। अलबत्ता राम मंदिर का प्रदाय राजनीतिक भी जरूर होगा। वह राम मंदिर के मौजूदा आयोजनों और 'राममय' देश के शुरुआती मूड से स्पष्ट होता है। बेशक संघ परिवार की आस्था और अस्मिता श्रीराम में निहित रही है, लेकिन भाजपा प्रत्येक चुनाव घोषणा-पत्र में राम मंदिर निर्माण का वायदा देश के साथ साझा करती रही है। अब वह वायदा पूरा हो रहा है। यदि अब उसे इसका श्रेय मिलता है, तो उसमें छद्म और छलावा नहीं आंक सकते। प्राण-प्रतिष्ठा से 1-2 दिन पहले ही जनता का मूड भांपने के लिए सर्वे किया गया।

हम ऐसे सर्वेक्षणों की पुष्टि नहीं करते, लेकिन लोगों की प्रतिक्रिया के अंश सामने आने लगते हैं। करीब 43 फीसदी लोगों ने राम की प्राण-प्रतिष्ठा को 'राष्ट्रोत्सव' माना है, जबकि 23 फीसदी ने इसे भाजपा-संघ का कार्यक्रम करार दिया है। देखा जाए, तो ये 66 फीसदी लोग एक ही दिशा में सोच रहे हैं। अधूरे मंदिर से यह समारोह करने से कोई फर्क नहीं पड़ता, यह सोचने और मानने वाले करीब 56 फीसदी लोग थे। इसी संदर्भ में 54 फीसदी की सोच यह है कि इस समारोह में शामिल न होकर विपक्ष ने राष्ट्रीय स्तर पर 'गलती' की है, क्योंकि प्रभु राम राष्ट्रीय नायक ही नहीं, बल्कि आराध्य हैं। आराध्य नायक से बहुत ऊपर होता है। यदि तय समय पर आम चुनाव होते हैं, राम मंदिर और प्राण-प्रतिष्ठा सबसे अहम चुनावी मुद्दा होंगे। संघ परिवार 'राम लहर' को बरकरार रखने के लिए व्यापक स्तर पर समर्थकों को राम मंदिर दर्शन के लिए अयोध्या लाता रहेगा।

**विचार**

# बालिकाओं की सुरक्षा के लिए हों गम्भीर प्रयास

**(24 जनवरी राष्ट्रीय बालिका दिवस पर विशेष)**

**भारत में आज हर क्षेत्र में बालिकाओं के आगे बढ़ने के बावजूद भी वह अनेक कुरीतियों की शिकार हैं। ये कुरीतियों उसके आगे बढ़ने में बाधाएं उत्पन्न करती हैं। पढ़े-लिखे लोग और जागरूक समाज भी इस समस्या से अछूता नहीं है। आज हजारों लड़कियों को जन्म लेने से पहले ही मार दिया जाता है। आज भी समाज के अनेक घरों में बेटा, बेटी में भेद किया जाता है। बेटियों को बेटों की तरह अच्छा खाना और अच्छी शिक्षा नहीं दी जाती है।**

रमेश सर्राफ धमोरा

लड़कियों को सशक्त बनाने और समाज में उनके सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने के महत्व को उजागर करने के लिए भारत में हर साल 24 जनवरी को राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाता है। यह लड़कियों के अधिकारों और अवसरों को बढ़ावा देते हुए उनकी ताकत और क्षमता का जश्न मनाने का दिन है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा 2008 में पहली बार राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाना शुरू किया गया था। देश में लड़कियों द्वारा सामना की जाने वाली सभी असमानताओं के बारे में लोगों के बीच जागरुकता फैलाना व बालिकाओं के अधिकारों के बारे में जागरुकता को बढ़ावा देना इसको मनाने का मुख्य उद्देश्य है। 24 जनवरी 1966 को पहली बार बतौर प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अपना कार्यभार संभाला था। उस दिन की याद में राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाने लगा। राष्ट्रीय बालिका दिवस 2024 का विषय है आइए हम अपनी लड़कियों को मजबूत, स्वतंत्र और निडर बनाएं।

भारत में आज हर क्षेत्र में बालिकाओं के आगे बढ़ने के बावजूद भी वह अनेक कुरीतियों की शिकार हैं। ये कुरीतियों उसके आगे बढ़ने में बाधाएं उत्पन्न करती हैं। पढ़े-लिखे लोग और जागरूक समाज भी इस समस्या से अछूता नहीं है। आज हजारों लड़कियों को जन्म लेने से पहले ही मार दिया जाता है। आज भी समाज के अनेक घरों में बेटा, बेटी में भेद किया जाता है। बेटियों को बेटों की तरह अच्छा खाना और अच्छी शिक्षा नहीं दी जाती है। समाज में आज भी बेटियों को बोझ समझा जाता है। हमारे यहां आज भी बेटी पैदा होते ही उसकी परवरिश से ज्यादा उसकी शादी की चिन्ता होने लगती है। आज महंगी होती शादियों के कारण बेटी का बाप हर समय इस बात को लेकर चिंतित नजर आता है कि उसकी बेटी की शादी की व्यवस्था कैसे होगी। समाज में व्याप्त इसी सोच के चलते कन्या भ्रूण हत्या पर रोक नहीं लग पायी है। कोख में कन्याओं को मार देने के कारण समाज में आज लड़कियों की काफी कमी हो गयी है।

देश में यह बड़ी विडंबना है कि हम बालिका का पूजन तो करते हैं, लेकिन जब हमारे खुद के घर बालिका जन्म लेती है तो हम दुखी हो जाते हैं। देश में सभी जगह ऐसा देखा जा सकता है। देश के कई प्रदेशों में तो बालिकाओं के जन्म को अभिशाप तक माना जाता है। लेकिन बालिकाओं को अभिशाप मानने वाले लोग यह क्यों भूल जाते हैं कि वह उस देश के नागरिक हैं, जहां रानी लक्ष्मीबाई जैसी वीरांगनाओं ने देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए थे।पिछले कुछ वर्षों में देश में जन्म के समय लिंगानुपात में बढ़ोतरी होना शुभ संकेत हैं।

संसद में एक सवाल का जवाब में महिला एवं बाल विकास मंत्री ने कहा था कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना ने बालिकाओं के अधिकारों को स्वीकार करने के लिए जनता की मानसिकता को बदलने की दिशा में सामूहिक चेतना जगाई है। इस योजना ने भारत में सीएसआर (बाल लिंग अनुपात) में गिरावट के मुद्दे पर चिंता जताई है। यह राष्ट्रीय स्तर पर जन्म के समय लिंग अनुपात (एसआरबी) में 15 अंकों के सुधार के रूप में परिलक्षित होता है, जो कि 2014 में 918 था। जबकि 2022-23 में 15 अंक बढ़कर 933 हो गया। देखा जाए तो अगर समाज में बेटियों को भी उचित शिक्षा और सम्मान मिले तो वह किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं रहेंगी। इसलिए यदि यह कहा जाय की बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना नही हम सबकी एक जिम्मेदारी है। तो इसमें कोई गलत नहीं है।

यदि हम सभी एक अच्छे समाज का निर्माण करना चाहते है तो हम सबका यही फर्ज बनता है हम इन बेटियों को भी भयमुक्त वातावरण में पढ़ाएं। उन्हें इतना सशक्त बनाएं कि खुद गर्व से कह सकें की देखो वह हमारी बेटी है जो इतना बड़ा काम कर रही है। भारत में हर साल तीन से सात लाख कन्या भ्रूण नष्ट कर दिए जाते हैं। इसलिए यहां महिलाओं से पुरुषों की संख्या 5 करोड़ ज्यादा है। समाज में निरंतर परिवर्तन और कार्य बल में महिलाओं की बढ़ती भूमिका के बावजूद रूढ़िवादी विचारधारा के लोग मानते हैं कि बेटा बुढ़ापे का सहारा होगा और बेटी हुई तो वह अपने घर चली जाएगी। बेटा अगर मुखाग्नि नहीं देगा तो कर्मकांड पूरा नहीं होगा। आज लड़किया लड़कों से किसी भी क्षेत्र में कमतर नहीं हैं। दुश्कर से दुश्कर कार्य लड़कियां सफलतापूर्वक कर रही हैं। देश में हर क्षेत्र में महिला शक्ति को पूरी हिम्मत से काम करते देखा जा सकता है। समाज के पढ़े लिखे लोगों को आगे आकर कन्या भ्रूण हत्या जैसे घिनौने कार्य को रोकने का माहौल बनाना होगा।

ऐसा करने वाले लोगों को समझा कर उनकी सोच में बदलाव लाना होगा। लोगों को इस बात का संकल्प लेना होगा कि ना तो गर्भ में कन्या की हत्या करेंगे ना ही किसी को करने देगें तभी देश में कन्या भ्रूण हत्या पर रोक लग पाना संभव हो पायेगा। एक तरफ जहां बेटी को जन्मते ही मरने के लिये लावारिश छोड़ दिया जाता है। वहीं झुंझुनू जिले की मोहना सिंह जैसी बालिकायें भी है जो आज देश में फाइटर प्लेन उड़ा कर जिले का पूरे देश में मान बढ़ा रही हैं। समाज में सभी को मिलकर राष्ट्रीय बालिका दिवस के दिन हमें लड़का-लड़की में भेद नहीं करने व समाज के लोगों को लिंग समानता के बारे में जागरूक करने की प्रतिज्ञा लेनी चाहिए। बालिकाओं का कोख में तो कत्ल कर उन्हें धरती पर आने से पहले ही मारा जा रहा है। उससे भी घिनौना काम जिन्दा बालिकाओं के साथ किया जा रहा है। देश में बालिकाओं के साथ हर दिन बलात्कार, प्रताड़ना की घटनायें अखबारों की सुर्खियां बनती हैं। बालिकायें कही भी अपने को सुरक्षित नहीं समझती हैं। चाहे घर हो या स्कूल अथवा कार्य स्थल।



## राशिफल

**मेषः**- विचारों की अस्थिरता आपको उलझनपूर्ण परिस्थिति में डालेगी। नौकरी-व्यवसाय के क्षेत्र में स्पर्धायुक्त वातावरण रहेगा। नए कार्य करने के लिए प्रेरित होंगे। प्रवास की संभावना है।

**वृषभः**- मन की दुविधा ठोस निर्णय पर आने से रोकेगी जिससे हाथ आए अवसर आप खो देंगे। झक्की व्यवहार के कारण संघर्ष में उतरने की संभावना है। नए कार्य के लिए दिन अच्छा नहीं है।

**मिथुनः**- आज का दिन लाभदायक साबित होने की आशा रख सकते हैं। सुबह से ताजगी और प्रसन्नता का अनुभव होगा। आर्थिक लाभ मिलने के साथ-साथ कहीं से गिफ्ट प्राप्त हो सकता है।

**कर्कः**- शरीर और मन में बेचैनी और अस्वस्थता का अनुभव होगा। मन की संदिग्धता और दुविधा आपकी निर्णयशक्ति को कसौटी के शिखर पर चढ़ाएंगे।

**सिंहः**- आज के दिन आपको विविध लाभ मिलने की संभावना है। ऐसे समय में मन का ढीलापन आपको लाभ से वंचित न कर दे, इसका ख्याल रखें।

**कन्याः**- नए कार्य शुरू करने के लिए निर्मित योजनाओं को अमल में लाने का आज उत्तम समय है। व्यापार में लाभ होगा। बकाया वसूली के पैसे वापस मिलेंगे।

**तुलाः**- लंबी दूरी की यात्रा या धार्मिक स्थान की मुलाकात होगी। विदेश यात्रा के लिए अनुकूलता रहेगी। फिर भी आपको संतान और स्वास्थ्य के सम्बंध में चिंता रहेगी। धन का खर्च होगा।

**वृश्चिकः**- आज का दिन सावधानीपूर्वक बिताएं। नए कार्य शुरू न करें। क्रोध, आवेश और अनैतिक आचरण आपको कठिनाई में डाल सकते हैं।

**धनु :**- बौद्धिक, तार्किक, विचार-विनिमय और लेखन कार्य के लिए शुभ दिन है। भागीदारी में लाभ होगा। जीवनसाथी के साथ के सम्बंधों में अधिक घनिष्ठता रहेगी। मान-सम्मान मिलेगा।

**मकरः**- आज से आपके व्यापार-धंधे का विकास होगा। आर्थिक रूप से लाभदायक दिन होने से पैसे की लेन-देन में सरलता रहेगी।

**कुंभः**- आज आप संतान और अपने स्वास्थ्य के सम्बंध में चिंतित रहेंगे। अपच, पेट-दर्द से परेशान होंगे। विचारों में तेजी से परिवर्तन मानसिक स्थिरता में खलल पहुंचाएगा।

**मीनः**- शारीरिक- मानसिक भय रहेगा। कुटुंबीजनों के साथ वाद-विवाद होगा। माताजी का स्वास्थ्य खराब होगा। अनचाही घटनाओं से आपके उत्साह में कमी आएगी।

# भाजपा ने बनाया राम मंदिर को राजनीतिक मुद्दा

के रवीन्द्रन

**इससे पहले राजीव गांधी की सरकार ने 1985 में बाबरी मस्जिद के ताले खोलने का फैसला किया था, इस फैसले से कांग्रेस पार्टी की भूमिका और इरादों को लेकर बड़ा विवाद हुआ था। जाहिर है, भाजपा इस बात से भली-भांति परिचित है कि राम भारतीय संस्कृति में गहराई से रचे-बसे हैं और इसलिए वह प्रतिष्ठा समारोह से मिले इस अनूठे अवसर को हाथ से जाने नहीं देना चाहती। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस आयोजन को लेकर जिस तरह से रुख अपनाया है, उससे इसके धार्मिक और राजनीतिक पहलुओं के बीच अंतर करना बेहद मुश्किल हो गया है। स्थिति की जटिलता ने विपक्षी दलों के पास कोई आसान विकल्प नहीं छोड़ा है**

1996 के बाद से प्रत्येक भाजपा घोषणापत्र में, अयोध्या में एक भव्य राम मंदिर के निर्माण का वादा किया गया था। इसलिए यह उम्मीद करना नादानी होगी कि पार्टी 22 जनवरी को भव्यता वाले बिल्कुल नये राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का राजनीतिक लाभ नहीं उठायेगी, खासकर उस समय जब कुछ ही महीने दूर अप्रैल-मई 2024 में महत्वपूर्ण संसदीय चुनाव होंगे। इसके बारे में कोई कुछ नहीं कर सकता है और यह विपक्षी दलों के सामने आने वाली दुविधा को अच्छी तरह से समझाता है। अयोध्या में जन्मस्थान पर भव्य श्री राम मंदिरश् का पहला संदर्भ 1996 में पार्टी के घोषणापत्र में किया गया था, जिसमें भारत माता को श्रद्धांजलि के रूप में मंदिर के निर्माण की सुविधा देने का वायदा किया गया था।

यह सपना हमारे देश के लाखों लोगों को प्रेरित करता है- घोषणापत्र में कहा गया यह जोड़ते हुए कि राम की अवधारणा उनकी चेतना के मूल में है। 1998 में, पार्टी ने यह वायदा दोहराते हुए घोषणा की कि पार्टी मंदिर के निर्माण की सुविधा के लिए सभी सहमतिपूर्ण, कानूनी और संवैधानिक तरीकों का पता लगायेगी, और



इस बात पर बल देकर कहा गया कि श्रीराम भारतीय चेतना के मूल में हैं। हालांकि, कुछ अजीब कारणों से, 1999 में जारी एनडीए घोषणापत्र में अयोध्या मुद्दे का कोई संदर्भ नहीं था। 2004 के घोषणापत्र ने मंदिर निर्माण के लिए पार्टी की प्रतिबद्धता की पुष्टि की गई और इस बात पर जोर दिया गया कि कैसे राम भारत के एक प्रेरणादायक सांस्कृतिक प्रतीक हैं और अयोध्या करोड़ों हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं से जुड़ा है।

2009 में, भाजपा ने मंदिर के निर्माण को सुविधाजनक बनाने के लिए बातचीत और न्यायिक कार्रवाई सहित सभी संभावनाओं का पता लगाने का फिर वायदा किया था और कहा था कि रामजी के जन्म स्थान पर एक भव्य मंदिर बनाने के लिए भारत और विदेशों में लोगों की जबरदस्त इच्छा है। अयोध्या में श्री राम के मंदिर के बारे में 2014 और 2019 के घोषणापत्रों में भी यही बातें कही गई थीं, लेकिन उस समय तक ऐसे संकेत मिल चुके थे कि राम मंदिर का मुद्दा राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्रों में अभूतपूर्व रूप से तूल पकड़ रहा है।

भाजपा की तरह, भारत का हर राजनीतिक दल इस तथ्य से अवगत है कि राम भारतीय मानस और संस्कृति में गहराई से बसे हुए हैं और उन्होंने इसका उपयोग राजनीतिक पूंजी बनाने के लिए करने की कोशिश की है। प्रधानमंत्री के रूप में दिवंगत पी वीनरसिम्हा राव को अयोध्या में बाबरी मस्जिद के विवादास्पद विध्वंस के बाद राम मंदिर के निर्माण का समर्थन करने के लिए जाना जाता है। राव ने मंदिर के निर्माण के लिए संतों के एक पैनल, तथाकथित रामालयम ट्रस्ट के गठन की पहल की थी। उन्होंने ट्रस्ट की परिकल्पना की थी कि इसमें पुरी, श्रृंगेरी, कांची, द्वारका और बद्रीनाथ के शंकराचार्य, रामानुजाचार्य संप्रदाय के अनुयायी तमिलनाडु और आंध्र के जीयर, उत्तर के श्री वैष्णव संत, द्वैत संप्रदाय के उडुपी और उत्तरादिमठ के संत, वल्लभाचार्य सम्प्रदाय के गुरुजी आदि शामिल होंगे। गौड़ीय और श्री चौतन्य परंपरा और अयोध्या के हनुमान गढ़ी और लक्ष्मण गढ़ी के महंत भी उसमें शामिल होंगे। लेकिन यह योजना असामयिक रूप से समाप्त हो गई क्योंकि राव चुनाव के बाद सत्ता में वापस आने में विफल रहे। यह भी ध्यान देने योग्य है कि राम मंदिर का शिलान्यास, हालांकि आरएसएस और भाजपा तत्वों द्वारा किया गया था, जब राजीव गांधी प्रधानमंत्री थे।

इससे पहले राजीव गांधी की सरकार ने 1985 में बाबरी मस्जिद के ताले खोलने का फैसला किया था, इस फैसले से कांग्रेस पार्टी की भूमिका और इरादों को लेकर बड़ा विवाद हुआ था। जाहिर है, भाजपा इस बात से भली-भांति परिचित है कि राम भारतीय संस्कृति में गहराई से रचे-बसे हैं और इसलिए वह प्रतिष्ठा समारोह से मिले इस अनूठे अवसर को हाथ से जाने नहीं देना चाहती। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस आयोजन को लेकर जिस तरह से रुख अपनाया है, उससे इसके धार्मिक और राजनीतिक पहलुओं के बीच अंतर करना बेहद मुश्किल हो गया है। स्थिति की जटिलता ने विपक्षी दलों के पास कोई आसान विकल्प नहीं छोड़ा है। वे राम मंदिर को अस्वीकार नहीं कर सकते क्योंकि यह एक धार्मिक मुद्दे से कहीं अधिक है, और साथ ही वे इसके अभिषेक से जुड़े हुए नहीं दिखना चाहते हैं, जिसका मतलब होगा भाजपा को सारी महिमा और राजनीतिक पूंजी एक थाली में सजाकर पेश करना। यह कांग्रेस सहित प्रमुख विपक्षी दलों के सामने आने वाली वास्तविक दुविधा को स्पष्ट करता है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887, Email : samradhinews@gmail.com,
**संपादकीय कार्यालय : 201, 202 द्वितीय तल रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9451244788 फोन नं. 0522-4077632, 3083627**

# बच्चों को सड़क सुरक्षा व पंचप्रण की दिलाई जाए शपथ

- डीएम की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई बैठक

**महोबा। समृद्धि न्यूज**



बैठक में मौजूद डीएम व एसपी सहित अन्य अधिकारी।

गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मृदुल चौधरी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक/ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि आजादी के महापुरुषों के बारे में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर सभी स्कूलों में बताएं व सभी स्कूलों के कार्यालयों में महापुरुषों के चित्रों को भेजकर स्थापित कराया जाएं। उन्होंने कहा कि 25 जनवरी को सभी सरकारी भवनों की बेहतरीन तरीके से सजावट की जाए तथा डीपीआरओ को सभी पंचायत भवन, प्रधान कार्यालयों की सजावट करवाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा की सभी चिकित्सालयों में साफ-सफाई एवं सजावट की जाए तथा विद्युत विभाग को निर्देशित किया कि 25 व 26 जनवरी को 24 घंटे विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी विद्यालयों में बच्चों को मतदाता दिवस, सड़क सुरक्षा एवं पंचप्रण की शपथ दिलाई जाए।

उप कारागार में बंदियों को तथा अनाथालय, वृद्धा आश्रम में फल वितरण कराया जाएगा। स्कूलों के बच्चों के द्वारा नगर में प्रभात फेरी व महापुरुषों की झांकी निकाली जाएगी। उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देश दिए कि सभी पार्कों में साफ-सफाई व पेंट कराया जाए तथा सभी सरकारी भवनों की साफ सफाई कराई जाए एवं मलिन बस्तियों में 24 व 25 जनवरी को साफ-सफाई कराएं। और कहा की नगर पालिका/नगर पंचायत विद्युत् पोलों में लगे तिरंगा लाइट के ऊपर लगे बैनरों को तत्काल हटवाएं।

बैठक में पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता, एडीएम वित्त/राजस्व रामप्रकाश, मुख्य विकास अधिकारी चित्रसेन सिंह, सीएमओ डॉ आशाराम, अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम, समाजसेवी शिवकुमार गोस्वामी, राम जी गुप्ता, दाऊ तिवारी सहित समस्त अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## गाड़ी चलाते समय न करें मोबाइल फोन का उपयोग: प्राचार्य

**हमीरपुर।** राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.राजकुमार के संरक्षण में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम की कार्यक्रम अधिकारी डॉ.शालिनी तथा राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वितीय के कार्यक्रम अधिकारी लवकुश कुमार के निर्देशन में सड़क सुरक्षा अभियान की अंतर्गत मानव श्रृंखला बनाई गई तथा शपथ दिलाई गई। जिसमें दोनों इकाइयों की स्वयं सेविकाओं ने उत्साह के साथ प्रतिभाग किया गया प्राचार्य डॉ.राजकुमार ने छात्राओं को बताया कि यातायात नियमों का पालन कर आप अपने जीवन की सुरक्षा कर सकते हैं। मोबाइल फोन का उपयोग करते समय गाड़ी न चलाएं, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाएं, दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग जरूर करें।

# ऊदल चौक में आयोजित हुआ दीपोत्सव कार्यक्रम

- बुंदेलखंड यूथ फाउंडेशन ने द्वारा कराया गया कार्यक्रम

**महोबा। समृद्धि न्यूज**



दीपोत्सव कार्यक्रम में मौजूद लोग

अयोध्या में श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के संदिर्भित बुंदेलखंड यूथ फाउंडेशन के संस्थापक प्रवीण सिंह के आवाहन पर महोबा टीम इकाई द्वारा भव्य दीपोत्सव कार्यक्रम व आतिशबाजी, प्रसाद वितरण कार्यक्रम कराया गया। संस्थापक प्रवीण सिंह ने कहा कि श्रीराम जन्मभूमि मंदिर की स्थापना भारत के सांस्कृतिक, पुनर्जागरण का आध्यात्मिक अनुष्ठान है और यह राष्ट्र मंदिर है। निस्संदेह श्री रामलला विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा राष्ट्रीय गौरव का ऐतिहासिक अवसर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में जो संकल्प हमारे पूर्वजों ने लिया था उसकी सिद्धि आज पूर्ण हुई है। बुंदेलखंड यूथ फाउंडेशन बांदा इकाई के सदस्यों ने भी बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। इस मौके पर राजुल मिश्रा, ऋषभ गुप्ता, पंकज सोनी, प्रशांत धुरिया, तनुज परिहार, गौरव सोनी, अर्जुन मिश्रा सहित सैकड़ों की संख्या में सदस्य मौजूद रहे। दीपोत्सव कार्यक्रम को लेकर रामभक्तों में उत्साह नजर आया। जिले के अन्य जगहों पर भी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया और भगवान राम के प्रति भक्तों ने अपनी आस्था अर्पित की।

# छह दुकानों व एक घर से लाखों का सामान चोरी

- पुलिस ने पीड़ितों की तहरीर पर दर्ज की रिपोर्ट

**हमीरपुर। समृद्धि न्यूज**

सोमवार रात चोरों ने बिवांर कस्बे में सात स्थानों पर चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया। इसमें गैस एजेंसी समेत छह दुकानों और एक घर को निशाना बनाया है। इन दिनों पड़ रही भीषण ठंड को देखते जहां लोग शाम ढलते बिस्तर में लेट जाते हैं। वहीं सड़कों पर सन्नाटा पसरते ही चोर सक्रिय हो जाते हैं। बिवांर कस्बे में सोमवार की रात चोरों ने छह दुकानों और एक घर में चोरी की। सभी चोरियों में लगभग 10 लाख का सामान व नगदी पार कर दी। यह सभी वारदातें जलालपुर मुख्य रोड़ पर स्थित दुकानों और एक घर में हुई हैं। सभी दुकानों के शटर का ताला तोड़ा गया। इस संबंध में पुलिस का कहना है कि मनोज वर्मा उर्फ बबलू पुत्र बरेला ने सूचना दी कि उसकी कस्बे में बांधुर रोड़ पर इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकान है। यहां उनकी व उनके दो अन्य पड़ोसी दुकानदार महेश गुप्ता पुत्र कपूर चंद, नीलू गुप्ता पुत्री रामसेवक की दुकानों में चोरों ने रात में ताला तोड़कर सामान व लगभग कुल 2200 रुपये चोरी कर लिया हैं। सूचना पर थाना पुलिस ने मौके का जायजा लिया। पीड़ितों से तहरीर प्राप्त कर धारा 457/380 बनाम अज्ञात चोरों के विरुद्ध पंजीकृत किया गया है। साक्ष्य संकलन एवं सीसीटीवी कैमरे खंगाला शुरू कर दिया है।

# बुंदेली समाज ने उठाई नेताजी की खंडित मूर्ति बदलने की मांग

- नेताजी का 127वां जन्मोत्सव मनाने सुभाष चौक पहुंचे बुंदेले
- खंडित मूर्ति को लेकर स्थानीय नागरिकों में आक्रोश

**महोबा। समृद्धि न्यूज**



जयंती मनाते बुंदेली समाज के लोग।

बुंदेली समाज के सदस्यों ने आज सुभाष चौक पहुंच कर नेताजी सुभाषचंद्र बोस की 127वां जन्मोत्सव बनाया एवं चौराहे पर स्थापित नेताजी की खंडित मूर्ति को तत्काल बदलने की मांग उठाई। बुंदेली समाज के संयोजक तारा पाटकर ने कहा कि खंडित मूर्ति नेताजी की कुर्बानियों को मुंह चिढ़ा रही हैं। उन्होंने बताया कि एक तरफ पूरा देश आजाद हिंद फौज के संस्थापक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मना रहा है, वहीं महोबा के प्रमुख चौराहे सुभाष चौक पर 24 साल पहले स्थापित उनकी खंडित मूर्ति के प्रति प्रशासन बेखबर है। हम पिछले दो वर्ष से नगरपालिका प्रशासन से नेताजी की इस खंडित मूर्ति को बदलने की मांग कर रहे हैं लेकिन अब तक प्रशासन ने ध्यान नहीं दिया। मूर्ति के ऊपर के आधे हिस्सा में बड़ी दरार दूर से नजर आती है। कुछ वर्ष पहले सीमेंट भरकर ये दरार भरने का प्रयास भी हुआ लेकिन इससे मूर्ति की खूबसूरती पर ग्रहण लग गया। पाटकर ने बताया कि नेताजी की यह मूर्ति 5 सितंबर 2000 को तत्कालीन नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती मुन्नी चौरसिया के कार्यकाल में स्थापित हुई थी और तत्कालीन जिलाधिकारी आलोक कुमार ने इसका लोकार्पण किया था।

तभी पुलिस चौकी चौराहे का नाम सुभाष चौक रखा गया। खंडित मूर्ति को अब तक न बदले जाने के कारण स्थानीय लोगों में भी काफी आक्रोश है। इस मौके पर नरेन्द्र गोयल, गया प्रसाद, राम किशन सेन, गोलू साहू, श्रीकांत चौरसिया, साहिल, सुहेल, महेश व ओम प्रकाश समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# किसान ने खेतों में बनी झोपड़ी में फांसी लगाकर की आत्महत्या

**कुरारा, हमीरपुर। समृद्धि न्यूज**

थाना क्षेत्र के जल्ला गांव में मानसिक रूप से परेशान अधेड़ किसान ने मंगलवार को खेतों में बनी झोपड़ी में गमछा से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस में शव को पंचनामा भर पीएम के लिए भेजा है। जल्ला गांव निवासी किसान कालका प्रसाद (44) पुत्र स्व.रामनारायण मंगलवार को सुबह 7 बजे खेतों को देखने के लिए गया था। जहां उसने खेत में बनी झोपड़ी में लगी बल्ली से अपने गमछे से फंदा बनाकर फांसी लगा ली। मृतक का पुत्र अपने पिता को देखने खेत गया तो उसने झोपड़ी में देखा उसका पिता फंदे में लटक रहा था तो उसने घर आकर जानकारी दी। मौके में पहुंचे परिजनों ने थाना पुलिस को सूचना दी। कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को नीचे उतार कर पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया है। साथ ही डॉग स्कॉट टीम ने घटनास्थल जाकर जांच की। गांव के पूर्व प्रधान सुखदेव प्रसाद ने बताया कि मृतक कालका प्रसाद दिल्ली में रहकर मेहनत मजदूरी करता था।

एक माह पूर्व पिता रामनारायण प्रजापति की अटैक पड़ने से मौत हो गई थी। जबकि बड़े पुत्र की पहले ही मौत हो चुकी थी। घर में हुई दो मौतों से वह मानसिक रूप से परेशान रहता था। दिल्ली से लौटने के बाद अपनी खेती किसानी का काम देखने लगा था। मृतक अपने पीछे दो पुत्र एक पुत्री व पत्नी को रोते बिलखते छोड़ गया है।

## खबरें एक नजर में

### नमो एप जुड़ने से सरकार की योजनाओं की मिलेगी पूर्ण जानकारी: एमएलसी जितेन्द्र सेंगर



**चरखारी।** ग्रामीण भारतीय जनता पार्टी केन्द्रीय नेतृत्व के द्वारा नमो एप से जोड़ने के लिए चलाए जा रहे कार्यक्रम के तहत एम एल सी जितेंद्र सिंह ने राजकीय इंटर कॉलेज रिवई ब्लॉक चरखारी में नमो ऐप कैंप लगाया छात्र-छात्राओं से एंड्रॉयड फोन में नरेंद्र मोदी एप डाउनलोड कराया जिससे आम जनमानस प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से जुड़कर सरकार की योजनाएं एवं विभिन्न कार्यक्रमों के संबंध में जानकारी प्राप्त कर सकें साथ ही चरखारी ब्लॉक के ग्राम जतोरा में भी नमो ऐप कैंप लगाया गया।

### कोहरे व ठण्ड से बिगड़ रही मटर, मसूर की फसलें

**हमीरपुर।** पिछले एक माह से लगातार पड़ रहे कोहरे ने मटर, मसूर, अरहर की फसल की सेहत को बिगाड़ दिया है। इससे किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें बढ़ गई है। मौसम साफ होने के बाद इन फसलों में हुए नुकसान का अंदाजा लग सकता है। पिछले एक माह से कोहरे के साथ पड़ रही भीषड़ ठंड का विपरीत असर दलहनी फसलों में स्पष्ट दिखने लगा है। धूप के नदारत रहने से इन फसलों का फूल पूरी तरह से गायब हो गया है। किसानों का आशंका है कि इससे मटर, मसूर, अरहर में नुकसान हो सकता है। किसान परशुराम, सुरेश यादव, इंद्रपाल सिंह, उदयभान, राजू यादव, रामेश्वर वर्मा, नरेंद्र सिंह, चंद्रजीत सिंह, मनीराम प्रजापति, लल्लू धुरिया आदि ने बताया कि लगातार कोहरे के साथ भीषण ठंड ने मटर, मसूर, अरहर की फसलों पर विपरीत असर डाला है।

### जमीन में गड़े जेवरात खोद ले गए चोर

**सुमेरपुर।** बीती रात क्षेत्र के ग्राम बांक में अज्ञात चोरों ने सेंध लगाकर कमरे के अंदर जमीन में गड़े जेवरात लेकर रफूचक्कर हो गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बांक निवासी योगेंद्र प्रजापति ने पुलिस को अवगत कराया है कि जिस कमरे में मेरी वृद्ध मां हल्की देवी सो रही थी। उस कमरे की दीवार में सेंध लगाकर अज्ञात चोर कमरे में घुस आए और जमीन पर गड़े जेवरात खोदकर चोरी करके फरार हो गए। थानाध्यक्ष रामआसरे सरोज ने बताया कि मामले की जांच कराई रही है।

### करंट से वृद्ध गंभीर रूप से झुलसा

**राठ,हमीरपुर।** कोतवाली क्षेत्र के ददरी गांव में 70 वर्षीय एक वृद्ध व्यक्ति घरेलू कार्य करते करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। परिजनों ने सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया है। ददरी निवासी 70 वर्षीय स्वामी पुत्र फत्ते अपने घर में घरेलू कार्य कर रहा था। तभी अचानक उसी दौरान वहां पर लगे विद्युत वायर में आ रहे करंट की चपेट में आने से झुलसकर वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

# लोडर वाहन की टक्कर से दिव्यांग बीएलओ घायल

- न्यायालय के आदेश पर लोडर वाहन पर मुकदमा दर्ज

**महोबा। समृद्धि न्यूज**

लोडर वाहन ने दिव्यांग बीएलओ को टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गया। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने अज्ञात लोडर वाहन के विरुद्ध धारा 279, 338 व 177 के तहत मामला दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार महोबा मुख्यालय के सुभाषनगर लवकुशनगर तिराहा निवासी लखन लाल अहिरवार ने न्यायालय में दायर किए वाद में बताया कि वह दिव्यांग है और सरकारी बीएलओ है। 10 नवंबर 2023 को गांव में मतदाता सूची की पर्ची बांटकर लवकुशनगर रोड की ओर से अपने घर जा रहा था। रास्ते में पीली कोठी के पास तेज रफ्तार आ रहे लोडर वाहन चालक ने तेजी और लापरवाही से उसके विकलांग साइकिल रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और उसका दाहिना पैर भी टूट गया। उसने मेडिकल कालेज झांसी में अपना उपचार कराया। पुलिस को सूचना देने के बाद भी मुकदमा नहीं लिखा गया। पुलिस अधीक्षक को रजिस्टर्ड डाक से सूचना देने के बाद भी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। परेशान होकर उसने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने अज्ञात लोडर वाहन के विरुद्ध धारा 279, 338 व 177 के तहत मामला दर्ज किया है।

## युग पुरुष बने रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के साक्षी

**सुमेरपुर।** रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में कस्बे के तीन संतों को भी मौजूद रहने का अवसर प्राप्त हुआ। अखंड परमधाम संस्था के संस्थापक युगपुरुष स्वामी परमानंद जी गिरी महाराज देश की जानी-मानी हस्तियों के साथ गर्भग्रह में मौजूद रहकर इस रामोत्सव के गवाह बने इनके साथ संस्था के मुख्य संरक्षक महामंडलेश्वर स्वामी ज्योतिर्मयानंद महाराज भी मौजूद रहे। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए कस्बे के तीन संतों अखंड परमधाम संस्था के संस्थापक युगपुरुष स्वामी परमानंद जी महाराज, संस्था के मुख्य संरक्षक महामंडलेश्वर स्वामी ज्योतिर्मयानंद महाराज, ठडेश्वरी आश्रम के व्यवस्थापक स्वामी सत्यप्रकाश महाराज को निमंत्रण प्राप्त हुआ था। राम मंदिर न्यास निर्माण न्यास समिति के सदस्य युग पुरुष स्वामी परमानंद महाराज का बुंदेलखंड से बेहद लगाव रहा।

# पुलिस अधीक्षक ने थाने का किया निरीक्षण

**एसपी ने मैस का उद्घाटन करके साफ-सफाई पर थाना प्रभारी निरीक्षक की तारीफ की**

**पनवाड़ी, महोबा। समृद्धि न्यूज**



एसपी अर्पणा गुप्ता ने थाने का वार्षिक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान सभी दस्तावेजो का निरीक्षण किया जो सही पाये जाने पर सन्तोष व्यक्त किया। पुलिस अधीक्षक अर्पणा गुप्ता ने थाने मे एकत्रित कस्बे के प्रधान एव पत्रकारो को सम्बोधित कर जन समस्याओ एव अपराध से सम्बन्धित जानकारी मे कहा कि आप लोगो से सहयोग मिलता रहे तब सारे अपराधी जेल मे होगें।

उन्होने थाना परिसर की युद्ध स्तर पर स्वच्छ मिशन के तहत करायी सफायी से आकर्षित होकर थाना प्रभारी निरीक्षक की मुक्त कंठ से भूरि भूरि प्रशंसा की। सम्वोधन मे चौकी दारो से कहा कि गाँव मे लगन से कार्य करे और छोटी सी समस्या पर थाने मे सूचना दे। इसी के साथ पुलिस अधीक्षक ने तीन कान्सटेविल प्रमोद कुमार पवन कौशल को प्रशस्ति पत्र एव रिवाड देकर सम्मानित किया। साथ ही चौकीदारो को कम्बल वितरणकिये इसी के साथ पुलिस अधीक्षक अर्पणा गुप्ता ने थाने मे वने मैस का उदघाटन किया। इस मौके पर क्राइम इन्सपेक्टर यशवन्त सिह व्लाक प्रमुख प्रतिनिधि श्री प्रकाश अनुरागी प्रधान संगठन जिला अध्यक्ष संजय द्विवेदी ववलू रावत राजू नगाइच मंगल महान डॉ. सतीश गुप्ता श्री प्रकाश मिश्रा निवर्तमान मंडल अध्यक्ष सन्तोष विश्वकर्मा समस्त मीडिया कर्मी उपस्थित रहे।

# भीषण सर्दी और कोहरे के चलते लोग घरों में दुबके

**मौदहा,हमीरपुर। समृद्धि न्यूज**

सोमवार को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जहां कस्बे की सडकों और गलियों में रौनक रही तो वहीं सोमवार रात से पड़ा भीषण कोहरा और मंगलवार पड़ी भीषण सर्दी के चलते सड़कों में सन्नाटा छाया रहा और लोग घरों में दुबकने के लिए मजबूर रहे और नेशनल हाईवे पर भी कम विजिबिलिटी के कारण बड़े वाहन रेंगते नजर आए। मंगलवार इस सीजन का सबसे ठंडा दिन रहा और 65 प्रतिशत आर्द्रता के साथ ही आठ किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से बह रही हवा ने लोगों को घरों के अंदर दुबकने के लिए मजबूर कर दिया।जबकि जगह जगह लोग आग तापकर समय गुजारते देखे गए। वहीं मौसम विभाग ने अगले कुछ दिन और सर्दी पड़ने की बात कही है जिसके चलते बेसिक शिक्षा विभाग ने अपने अधीन सभी बोर्डों के स्कूलों को बुधवार तक बंद करने का आदेश दिया है। मौजूदा समय में पूरा प्रदेश भयंकर शीतलहर की चपेट में आ गया है और भयंकर कोहरे और पक्षुवा विक्षोभ के कारण चल रही ठण्डी हवाओं के कारण आमजन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है।और ठण्ड के चलते बाजारों में सन्नाटा पसरा हुआ है और लोग घरों पर दुबकने या आग आग का सहारा लेने के लिए मजबूर हैं।हालांकि नगरपालिका द्वारा कस्बे के मुख्य मार्गों और भीड़ भाड़ वाले इलाकों जैसे बड़ा चौराहा, सरकारी अस्पताल, कोतवाली चौराहा, मलीकुआं चौराहा सहित अन्य स्थानों पर अलाव जलाए जा रहे हैं जबकि कस्बे के अंदर अलाव जलाने के लिए सभासदों को लकड़ियां बांट दी गई हैं जो नाकाफी है और कस्बे में सभासदों द्वारा अपने चहेतों को लकड़ी देने की बातें भी सामने आ रही हैं।इस शीतलहर का सबसे अधिक प्रभाव बच्चों और अन्ना पशुओं पर पड़ रहा है और बच्चे निमोनिया, खांसी, जुकाम बुखार से पीड़ित हो रहे हैं।हालांकि अगर मौसम के मिजाज की माने तो अगले कुछ दिन अभी और ठिठुरना पड़ सकता है।

## शीत लहर से दम तोड़ रहें पशु पक्षी



**सुमेरपुर।** एक माह से अधिक का समय बीत जाने के बाद भी सर्दी से निजात न मिल पाने से आम जनमानस बेहाल हो गया है। भीषण सर्दी के चलते पशुपक्षी भी दम तोड़ने लगे हैं। किसानों की फसलें कमजोर होती जा रही है। सर्दी से कब तक राहत मिलेगी। कब धूप खिलेगी यही चर्चा चारो ओर सुनाई दे रही है। गौरतलब है कि करीब एक माह से कोहरा,शीत लहर का प्रकोप जारी है। बीच बीच में थोड़ा बहुत धूप निकलने के अलावा आम जनमानस सर्दी से जूझता ही चला आ रहा है। भीषण सर्दी से बचाव के लिए लोग आग और गर्म कपड़ों का सहारा ले रहे हैं। फिर भी राहत नहीं मिल रही है। ग्रामीणों ने बताया कि लगातार पड़ रही भीषण सर्दी से पशुओं के बच्चे बीमार होकर दम तोड रहें हैं। वही खेत खलिहानों में वृक्षों के नीचे मरे पक्षी भी दिखाई देने लगे हैं। भीषण सर्दी से चिंतित किसानो ने बताया कि धूप न मिलने से दलहन तिलहन आदि फसलों का नुक़सान हो रहा है।

# चोरी की घटना में कार्रवाई नहीं होने से विधवा परेशान

- कोतवाली पुलिस ने तहरीर पर कोई भी कार्रवाई नहीं की

**राठ,हमीरपुर। समृद्धि न्यूज**

कस्बे के लुधियातपुरा इलाके में हुई चोरी के मामले में कार्रवाई न होने से परेशान महिला ने अधिकारियों को शिकायती पत्र भेजा है। राठ कस्बे के लुधियातपुरा निवासी ललती पत्नी स्वर्गीय केशव प्रसाद ने तहसील परिसर में पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को शिकायती पत्र देकर बताया कि बीते माह की 29 दिसंबर को उसके पति केशव प्रसाद का बीमारी के चलते निधन हो गया था। जिसके बाद वह अपनी मानसिक विक्षिप्त पुत्री के साथ राठ कस्बे के गुलाब नगर इलाके में रहने वाले अपने पुत्र के पास चली गई थी। बताया लगभग 15 दिन बीतने के बाद जब वह अपने मकान में गई तो मोहल्ले के एक आवारा किस्म के शराबी युवक ने मकान के अंदर रख बक्सों का ताला तोड़कर सोने चांदी के जेवरात सहित 12 हजार रुपये की नगदी चोरी कर वारदात को अंजाम दे डाला। कोतवाली पुलिस ने उसकी तहरीर पर कोई भी कार्रवाई नहीं की। बताया उसने राठ तहसील परिसर में पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

# नारायन कॉलेज में मनायी गयी सुभाष चन्द्र बोस की जयन्ती

**इटावा। समृद्धि न्यूज**



नारायन कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड आर्ट्स के विशाल प्रांगण में नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की 127 वीं जयन्ती मनायी मनायी गयी। इस अबसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ0 धर्मेन्द्र शर्मा ने नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। विद्यालय प्रधानाचार्य डॉ. धर्मेन्द्र शर्मा ने छात्र/छात्राओं को सम्बोधित करते हुये कहा कि नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की जयन्ती वर्ष 2021 से पराक्रम दिवस के रूप में मनायी जाती है। नेता जी सुभाष चन्द्र बोस भारत के महान क्रांतिकारी थे। उन्होने भारत की आजादी के लिये कई आन्दोलनों में भाग लिया और साथ ही आजाद हिन्द फौज की स्थापना की। नेता जी भारत की आजादी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और युवाओं में आजादी के लिये लड़ने का जज़्बा पैदा किया। नेता जी ने आजादी के लिये जय हिन्द, तुम मुझे खून दो मैं तुम्हे आजादी दूंगा व चलो दिल्ली जैसे नारे दिये जिन्होने युवाओं में आजादी के लिये प्रेरणा का काम किया। आजादी के लिये उनके द्वारा किये गये संघर्ष को नमन करने के लिये उनकी जयन्ती को प्रतिवर्ष मनाया जाता है।इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक/शिक्षिकायें उपस्थित रहे।

**निशाना** | कांग्रेसियों ने असम सरकार पर बोला हमला

# राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में व्यवधान डालने का आरोप

**हमीरपुर। समृद्धि न्यूज**



कांग्रेसियों ने राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा पर असम सरकार द्वारा व्यवधान डालने के विरोध में प्रांतीय अध्यक्ष अजय राज के निर्देश पर कलेक्ट्रेट के गोल चबूतरे में धरना प्रदर्शन किया।

जिलाध्यक्ष हिमांशु सैनी के नेतृत्व में पीसीसी सदस्य नीलम निषाद, अनीता निषाद, ज्ञान प्रताप, मो अरसद अंसारी, संतोष निषाद, लक्ष्मी कांत त्रिपाठी, अजीत साहू, देवेंद्र मोहन चौबे आदि धरने में मौजूद रहे। कहा कि असम के मुख्यमंत्री हिम्मत बिस्वा सरमा उनके नेता राहुल गांधी द्वारा की जा रही भारत जोड़ो यात्रा में व्यवधान उत्पन्न कर रहे हैं। पिछले दो दिनों में उनके काफिलों पर योजनाबद्ध हमले उपद्रवियों द्वारा किए जा रहे हैं। यात्रा के पोस्टरों को फाड़ने की घटनाएं देखी हैं। 21 जनवरी को भाजपा कार्यकर्ताओं की भीड़ ने हमला किया, जिसके परिणामस्वरूप असम प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सहित पार्टी के कई नेता घायल हो गए। उसी दिन शाम को भाजपा समर्थित इन गुंडों द्वारा न्याय यात्रा पर ताजा हमला किया गया। कहा असम के मुख्यमंत्री और केंद्र की भाजपा सरकार की प्रशासनिक विफलताओं और भ्रष्टाचार को छिपाने का एक हताश प्रयास है। हमारे मुद्दे को दबाने के ऐसे जबरदस्त प्रयासों के सामने यह जरूरी है कि हम दृढ़ और एकजुट रहे। हमारा सामूहिक प्रतिरोध केवल इन हमलों की प्रतिक्रिया नहीं है।

यह न्याय के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता की घोषणा है। कुछ लोगों की हताशा भरी हरकतों से हम अपने मिशन को डिगाने की इजाजत नहीं दे सकते। बताया कि मंगलवार को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर इन घटनाओं के खिलाफ राज्य एवं जिला मुख्यालयों पर बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन आयोजित किए गए।

# युवा पीढ़ी अनुशासन एवं जिम्मेदारी के साथ करे सुरक्षित ड्राइविंग: डीएम

- नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती पर डीएम ने उनके चित्र पर किया माल्यार्पण, दिलाई सड़क सुरक्षा की शपथ

बलरामपुर। समृद्धि न्यूज




**नेताजी सुभाष** चन्द्र बोस जी की 127 वी जयंती पर स्पोर्ट स्टेडियम में सड़क सुरक्षा पर आयोजित मानव श्रृंखला एवं शपथ कार्यक्रम का शुभारंभ डीएम अरविंद कुमार द्वारा नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं नमन कर किया गया। इस अवसर पर डीएम श्रीसिंह ने कहा की जैसे सार्वजनिक जीवन में अनुशासन एवं जिम्मेदारी अति आवश्यक है वैसे ही यातायात एक ऐसा महत्वपूर्ण बिंदु है जिसमे अनुसाशन एवं जिम्मेदारी अति महत्वपूर्ण है। युवा पीढ़ी यातायात नियमों का पालन करे एवं सुरक्षित ड्राइविंग करें। इस अवसर पर उन्होंने सड़क सुरक्षा की शपथ दिलवाई। सड़क सुरक्षा कार्यक्रम में एमएलके,एमपीपी,सिटी मांटेसरी,सुंदर दास राम लाल कॉलेज सहित विभिन्न विद्यालयों के छात्र/छात्राओं द्वारा स्पोर्ट स्टेडियम से पीपल तिराहा तक मानव श्रृंखला बनाकर यातायात नियमों का पालन किए जाने को जागरूक किया गया। इस अवसर पर एसडीएम सदर राजेंद्र बहादुर,सीओ सिटी, एआरटीओ,डीआईओएस,युवा कल्याण अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### रामभक्तों ने जमकर की आतिशबाजी, दीपक जलाकर मनायी दीपावली

**जालौन (उरई)।** अयोध्या में प्रभु श्रीराम के आगमन पर नगर व ग्रामीण क्षेत्र में दीपावली मनाई गई। रात में जहां लोगों ने जमकर आतिशबाजी की तो घरों और मंदिरों के बाहर दीये जलाए गए। सोमवार को अयोध्या में प्रभू श्रीराम के मंदिर में रामलला की मूर्ति की प्राठ प्रतिष्ठा कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में संपन्न हुआ। प्राठ प्रतिष्ठा कार्यक्रम के बाद नगर व ग्रामीण क्षेत्र में अयोध्या में प्रभू श्रीराम के आगमन को दीपावली उत्सव की तरह मनाया। देर शामें नगर क्षेत्र सतरंगी अतिशबाजी से नहा उठा। मोहल्लें में पटाखे, लड़ियां आदि छुड़ाकर प्रभू श्रीराम के आगमन की खुशी मनाई। इसके बाद घरों और मंदिरों के बाहर दीये प्रज्वलित किए गए। नगर के द्वारिकाधीश मंदिर, बड़ी माता मंदिर, छोटी माता मंदिर, बंबई वाला मंदिर, नाना महाराज मंदिर, श्रीवीर बालाजी हनुमान मंदिर, 21 फुटा हनुमान मंदिर, महंतजी मंदिर, कोतवाली स्थित रक्षिकेश्वर मंदिर पर दीये की श्रृंखला देखकर लोग भक्ति भाव में डूब गए।

# सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान में सुरक्षा संबंधी शपथ दिलायी

उरई (जालौन)। समृद्धि न्यूज


सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाते डीएम, एसपी समृद्धि न्यूज

**जिलाधिकारी राजेश** कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक ईरज राजा ने मंगलवार को नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती के अवसर पर पुलिस लाइन के प्रांगण में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर सड़क सुरक्षा संबंधी शपथ दिलाई गई। जिलाधिकारी ने कहा कि जीवन बहुत अनमोल है इसलिए हमें यातायात नियमों का पालन अवश्य करना चाहिए, हमे नशे की हालत में वाहन नहीं चलाना चाहिए, वाहन चलाते समय दोपहिया वाहन में हेलमेट व चारपहिया वाहन में सीटबेल्ट अवश्य लगाए।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सड़क सुरक्षा के नियमों का खुद भी पालन करे और दूसरों को भी नियमो के पालन हेतु प्रेरित करे, नगर के चौराहों पर रेड लाइट का पालन अवश्य करे, उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा का पालन अवश्य करे जिससे दुर्घटना न हो क्योंकि जीवन बहुमूल्य है। अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी भीमजी उपाध्याय, परियोजना निदेशक शिवाकांत द्विवेदी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेंद्र देव शर्मा, संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन सौरव कुमार, प्रवर्तन विनय पाण्डेय, सुरेश, राजेश, जिला विद्यालय निरीक्षक राजकुमार पंडित आदि मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### नगर अध्यक्ष व वरिष्ठ सपा नेता हाजी मोहम्मद शमीम के निधन पर सपाईयों में शोक की लहर



**उतरौला (बलरामपुर)।** समाजवादी पार्टी के नगर अध्यक्ष व वरिष्ठ सपा नेता हाजी मोहम्मद शमीम के निधन पर सपाईयों में शोक की लहर दौड़ गई। सपाईयों में उनके हक में दुआ कर के खिराजे अकीदत पेश किया। उनका निधन सोमवार रात लखनऊ में इलाज के दौरान एक निजी अस्पताल में हुआ। वह लंबे समय तक समाजवादी पार्टी के सपा नगर अध्यक्ष रहे। सेहत खराब रहने के कारण कुछ माह पूर्व उन्होंने नगर अध्यक्ष का पद छोड़ दिया था। उनके मृत्यु की खबर मिलते ही उनके आवास पर उन्हें देखने वालों का तांता लगा रहा। सपा प्रदेश सचिव सैयद तवक्कल हुसैन रिजवी ने कहा कि वह जीवन भर जरूरतमंदों की हरसंभव मदद करते रहे। इसलिए इनको हर वर्ग के लोग पसंद करते थे। समाजसेवी डॉक्टर एहसान खान ने कहा कि उन्होंने नगर में समाजवादी पार्टी को बहुत मजबूती प्रदान किया। हमने बहुत ही कर्मठ और संघर्षील कार्यकर्ता खो दिया है जिसकी कमी को पूरा नहीं किया जा सकता। उनकी मृत्यु पर मोहम्मद फिरोज, समीर रिजवी, पूर्व सभासद फणीन्द्र गुप्ता, देवानंद गुप्ता, अबरार खान, उमर खान, मोहम्मद शमी, सभासद आफरीन रिजवी, सादिक अली, सल्लू राईनी, अशफाक अंसारी, लल्लू, सलाहुद्दीन, मोहम्मद रिजवान,ऐमन रिज़वी, अल्ताफ अहमद, अबू तुराब शाह, हैदर कुरैशी आदि ने शोक जताया।

### डीएम के आदेश पर वायरल आडियो मामले में राजस्व निरीक्षक एवं लेखपाल के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**बलरामपुर।** विगत दिनों तहसील उतरौला सादुल्लानगर अन्तर्गत रिश्वत मांगने सम्बन्धी वायरल आडियो मामले में राजस्व निरीक्षक एवं लेखपाल के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है। बताते चलें कि बीते 18 जनवरी को तहसील उतरौला अन्तर्गत सादुल्लानगर के ग्राम मानापारा बेहेरिया में रिश्वत मांगने के वायरल ऑडियो का त्वरित संज्ञान लेते हुए डीएम अरविन्द सिंह के आदेश पर राजस्व निरीक्षक राम श्रीवास्तव व लेखपाल अखिलेश को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया गया था तथा मामले की जांच अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रमोद कुमार को सौंपी गई थी। डीएम के आदेश के क्रम में अपर जिलाधिकारी न्यायिक द्वारा गोपनीय रूप से ग्राम मानापारा बेहेरिया में पहुंचकर जांच की गई तथा प्रकरण में शिकायतकर्ता का भी पक्ष सुना गया जिसमें राजस्व निरीक्षक व लेखपाल द्वारा कदाचार एवं अनैतिक कृत्य के आरोप प्रारम्भिक रूप से सही पाये गये जिसके आधार पर दोनों कर्मचारियों के विरूद्ध कर्मचारी आचरण नियमावली के तहत विभागीय कार्यवाही संस्थित की गई है वहीं कानूनी जांच में दोषी मिलने के आधार पर दोनों कर्मचारियों के विरूद्ध थाना रेहरा बाजार में एफआईआर दर्ज कराई गई है। गौरतलब है कि कानूनी जांच रिपोर्ट के आधार पर कर्मचारियों के विरूद्ध कर्मचारी आचरण नियमावली के तहत कठोर कार्यवाही संभव है जिसमें सेवा से बर्खास्त करने की कार्यवाही भी सम्मिलित है।

### परीक्षा पर चर्चा के लिए आयोजित की गई पेंटिंग

**चोपन /सोनभद्र।** बोर्ड परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों का तनाव दूर करने के लिए 29 जनवरी 2024 को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी विद्यार्थियों के साथ परीक्षा पर चर्चा करेंगे इससे पहले छात्र-छात्राओं को परीक्षा के डर से मुक्त करने के लिए 23 जनवरी को पराक्रम दिवस के अवसर पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय चोपन ने बताया कि इस पेंटिंग प्रतियोगिता में शामिल होने वाले सीबीएसई तथा यूपी बोर्ड द्वारा संचालित 12 विद्यालयों मे पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय चोपन केंद्रीय विद्यालय एनटीपीसी शक्तिनगर केंद्रीय विद्यालय एनटीपीसी रिहंद नगर जवाहर नवोदय विद्यालय सोनभद्र सेंट जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल रावटसगंज सोनभद्र सीक्रेट हार्ट का कान्वेंट स्कूल ओबरा मॉडर्न कान्वेंट स्कूल ओबरा स्वामी सत्यानंद सरस्वती स्कूल ओबरा रेल कर्मचारी इंटर कॉलेज चोपन गुरुद्वारा इंटर कॉलेज चोपन स्वामी हरसेवानंद चुर्क संत कीनाराम रावटसगंज के कुल 100 छात्र छात्राएं शामिल हुए। निर्णायक मंडल के सदस्य के रूप में डॉक्टर महेंद्र प्रकाश एसोसिएट्स प्रोफेसर तथा महेश कुमार असिस्टेंट प्रोफेसर द्वारा पीजी कॉलेज ओबरा तथा जयेंद्र शंकर मिश्रा प्रवक्ता सोनभद्र ने विद्यार्थियों के द्वारा बनाई गई पेंटिंग का आंकलन किया और सभी पेंटिंग में से पांच विद्यार्थियों की पेंटिंग का चयन किया गया श्रेष्ठ पेंटिंग बनाने वाले पांच विद्यार्थियों संजीवनी यादव, संजीव कुमार, ईशा, संजू कुमारी तथा तुषा सिंह को प्रमाण पत्र व पुस्तक देकर सम्मानित किया गया शेष प्रतिभागियों को माननीय प्रधानमंत्री द्वारा लिखित पुस्तक परीक्षा योद्धा एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

### जल जीवन मिशन एलईडी वाहन प्रचार- प्रसार के लिए वीडियो व एडीओ पंचायत ने दिखायी हरी झंडी

**चोपन सोनभद्र।** चोपन ब्लॉक परिसर में मंगलवार को जल जीवन मिशन परियोजना हर घर नल जल योजना का प्रचार प्रसार के हेतु एलईडी वाहन को विकास खण्ड अधिकारी शुभम बर्नलवाल एवं सहायक विकास पंचायत अधिकारी सुनील पॉल ने हरी झण्डी दिखाकर वाहनों को रवाना किया। वही नीलेश कुमार पाठक के देखरेख एलईडी वाहन के द्वारा प्रचार प्रसार को लेकर बताया गया कि ग्रामीणों को जागरूक करने हेतु ब्लॉक से ग्रामीण क्षेत्रों के लिए वाहन को रवाना किया गया है।एलईडी वाहन के माध्यम से लोगो को शुद्ध पानी के उपयोग और उसे संचय संरक्षित करने सहित दूषित पानी पीने से बचने हेतु जागरूक किया जायेगा की दूषित पानी को कैसे शुद्ध किया जा सके और पानी से होने वाले बीमारियों से आमजन को बचाया जा सके। विकास खण्ड अधिकारी शुभम बर्नलवाल ने कहा कि चोपन ब्लॉक के क्षेत्र के हर परिवार को शुद्ध जल मिले जिनके लिये केन्द्र व राज्य सरकार निरन्तर प्रयासरत है,और प्रयास भी कर रही हैं। साथ मे इफोटेग सॉल्यूशन नोएडा सोनभद्र यूनिट जिला उप समन्वयक आशुतोष तिवारी टीम लीडर के साथ लोगों को जागरूक करने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में जल नल योजनाओं के बारे में लोग को शुद्ध पानी का उपयोग करने के लिये बताया जा रहा है और साथ ही साथ पानी का सही इस्तेमाल करने के लिए भी बताया जा रहा है।

### सर्दी से बचने के लिये अलाव तापते मकान हुआ आग से खाक

**जालौन (उरई)।** सर्दी बचाव के लिए वृद्ध के विस्तर के पास परिजनों ने तसले में आग जला दी थी। रजाई के आग के सम्पर्क में आने के आग विकराल हो गयी। आग की चपेट में आने से वृद्ध बुरी तरह झुलस गया। पिता को बचाने के चक्कर में बेटा भी झुलस गया है। हाड़ कपाऊ ठंड से सामान्य जनजीवन प्रभावित है। ठंड से हर व्यक्ति परेशान हैं तथा अपने अपने ढंग से बचाव का प्रयास कर रहा है।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

उतरौला (बलरामपुर)। समृद्धि न्यूज





**मंगलवार को** ब्लॉक संसाधन केंद्र उतरौला के सभागार में प्राथमिक विद्यालयों में को लोकेटेड आंगनबाड़ी केन्द्रो पर कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।प्रशिक्षण का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी उतरौला सतीश कुमार ने किया। प्रशिक्षण में आंगनबाड़ी केंद्र पर नामांकित 3 से 6 आयु वर्ग के बच्चों के लिए 52 सप्ताह की गतिविधियों पर आधारित विभाग से उपलब्ध कराई गई सीखने सिखाने की सामग्री के बेहतर प्रयोग की जानकारी दी गई।

उपलब्ध कराई गई सामग्री का बेहतर प्रयोग पर प्रभारी बाल विकास परियोजना अधिकारी उतरौला सरोज यादव ने विस्तार से चर्चा किया। गतिविधि कैलेंडर, वंडर बॉक्स, परिकलन एवं गतिविधि पुस्तिका और एनबीटी की पुस्तिका को कैसे प्रभावी एवं बेहतर प्रयोग किया जाए इसके बारे में ब्लॉक स्तरीय संदर्भ दाता शबाना इसराइल, महजबी बेगम, रविकांत व परमेन्द्र कुमार सिंह ने विस्तार से बताया।

कार्यशाला में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी सतीश कुमार ने कहा कि पूर्व प्राथमिक शिक्षा बच्चों की बुनियादी शिक्षा के क्षेत्र में सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है। यदि बच्चा यहां अपने आयु अनुसार दक्षताओं को प्राप्त कर लेता है तो आगे की कक्षाओं में बच्चा अपनी कक्षा अनुरूप दक्षताओं को आसानी से हासिल कर पाता है। अतः आवश्यक है कि आंगनबाड़ी केंद्रों में आने वाले शत प्रतिशत बच्चों को उनके आयु वर्ग के हिसाब से संसाधन उपलब्ध कराते हुए उन्हें खेल-खेल में शिक्षा दी जाए। ब्लॉक स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स को निर्देशित करते हुए कहा कि ब्लॉक स्तर पर यह प्रशिक्षण गुणवत्तापूर्ण संचालित हो। जिससे विद्यालय परिसर में संचालित आंगनबाड़ी और बालवाटिका को इसका पूरा लाभ मिल सके।

प्रशिक्षण में मुनिता देवी,सुषमा देवी, राधा देवी, सरोजिनी मिश्रा समेत अन्य आंगनवाड़ी उपस्थित रहे।

## चारों विधानसभा में आठ स्थानों पर भाजपा करेगी नव मतदाता सम्मेलन

उतरौला(बलरामपुर)। समृद्धि न्यूज



**लोकसभा** चुनाव में युवा मतदाताओं को अपने पाले में लाने के लिए भाजपा ने अभी से तैयारी शुरू कर दी हैं। 25 जनवरी को भाजपा युवा मोर्चा द्वारा जनपद के चारों विधानसभा में आठ स्थानों पर नव मतदाता सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। सदर विधानसभा क्षेत्र के डीएवी इंटर कॉलेज व कुबेरमाती पांडे इंटर कॉलेज श्रीदत्तगंज, उतरौला विधानसभा के राम तीरथ चौधरी इंटर कॉलेज व रामानंद इंटर कॉलेज रामपुर अरना, गैसड़ी विधानसभा के मनसा मैरिज हॉल पचपेड़वा एवं दुर्गा माता मंदिर परिसर भोजपुर, तुलसीपुर विधानसभा क्षेत्र के स्वतंत्र भारत इंटर कॉलेज व राम शंकर भारतीय इंटर कॉलेज मथुरा बाजार में नव मतदाता सम्मेलन आयोजित होगा। उक्त जानकारी भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष संदीप कुमार वर्मा ने देते हुए बताया कि सभी कार्यक्रमों के सफल आयोजन के लिए कार्यक्रम संयोजक नियुक्त कर दिया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्र के विधायक, ब्लॉक प्रमुख व अन्य जनप्रतिनिधि अथवा पदाधिकारी होंगे। कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले नव मतदाताओं से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संवाद करेंगे। भाजयुमो जिला अध्यक्ष संदीप वर्मा ने जनपद के सभी युवा मतदाताओं से अपने निकटतम आयोजन स्थल पर पहुंच कर प्रधानमंत्री के संवाद को जरूर सुनने का अपील किया है।

## उतरौला विधायक रामप्रताप वर्मा ने फीता काटकर किया प्रांतीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन

उतरौला (बलरामपुर)। समृद्धि न्यूज

**मंगलवार स्टार** वालीबॉल क्लब अचलपुर चौधरी प्रांतीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ। स्थानीय कस्बे में स्थित राम जानकी मंदिर के खेल मैदान में आयोजित प्रांतीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन उतरौला विधायक रामप्रताप वर्मा ने फीता काटकर किया। मुख्य अतिथि विधायक शशिकान्त उर्फ राम प्रताप वर्मा व समाजसेवी संन्तराम मिश्र व विष्णु गुप्ता ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साह वर्धन किया उन्होने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में खेल आयोजन से ग्रामीण प्रतिभाओ को भी प्रतिभा प्रदर्शन का अवसर मिलता है। खेल से समाज में आपसी भाईचारा बढ़ती है। किया आज सुबह से ही अचलपुर चौधरी में प्रदेश के अनेको जिलों से आए हुए वॉलीबॉल खिलाड़ियों को देखने के लिए भीड़ इकट्ठा रही आकर्षण का आजमगढ़ ,मुजफ्फरनगर ,एन ई आर गोरखपुर, साई हास्टल, डी एल डब्लू बनारस,उत्तराखंड, स्पोर्ट्स कालेज गोरखपुर, नंदुरा केंद्र स्पोर्ट्स कॉलेज प्रमुख रहे। उद्घाटन मैच व सहजना व महुआ चार सेट मे खेला गया महुआ विज ई दौलतपुर व गौरा चौकी बीच खेला गया गौरा चौकी की टीम ने दो सीधे सेटों में मैच अपने नाम कर लिया। सबरापुर व अचलपुर चौधरी के मैच में सबरापुर ने दो मैच जीत लिया। इस अवसर पर आयोजक बनवारी लाल वर्मा, असगर अली मिर्जा, संतराम मिश्र, रमेश जायसवाल, विष्णु गुप्ता सुनील कुमार वर्मा, राम सवारे प्रधान प्रतिनिधि फैजान, भगवापूजन पटेल, राजेश वर्मा, गनेश मिश्र, अरविंद मिश्रा, संदीप कुमार, मो रईस अहमद, प्रदीप गुप्ता , मनीष कुमार, वंशराम वर्मा, प्रधान प्रमोद वर्मा, राजू व संतोष कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सादुल्लाह नगर क्षेत्र के लोगों में रहा हर्ष का माहौल

उतरौला (बलरामपुर)। समृद्धि न्यूज

**अयोध्या में** सोमवार को आयोजित श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा /मूर्ति प्रतिष्ठा को लेकर सादुल्लाह नगर क्षेत्र के लोगों में अपार हर्ष का माहोल रहा

क्षेत्र की मंदिरो में विशेष पूजा अर्चना हुई विविध रूपों में लोग अपनी राम भक्ति में विभोर दिखे।गूमा फातिमा जोत के प्रधान रमेश गुप्ता ने अपनी कार को चारों तरफ राम नाम,राम चित्र व राममंदिर चित्र से पेंटिंग करवा दिया है जो लोगों के आकर्षण का केंद्र रहा उक्त प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के क्रम में सादुल्लाह नगर के ग्राम पंचायत गूमा फातिमा जोत में पंचायत भवन के सामने खेल मैदान में बहरैची प्रसाद गुप्ता भाजपा जिला संयोजक सहकारिता व रमेश गुप्ता प्रधान गूमा फातिमा जोत के संयोजन श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का लाईव प्रसारण एल इस डी वाल पर लोगों ने देखा , हवन, दीपोत्सव कार्यक्रम, व आसमानी आतिशबाजी हुई आचार्य दुर्गेश शुक्ल जी महाराज एवं पूज्या देवी कनकेश्वरी श्रीधाम अवध की संगीत मयी कथा एवं भजन संध्या का आयोजन हुआ जिसमे राम भजन सुन भक्त भाव विभोर हो गये इसी तरह मददौ घाट के श्री आदि शक्ति दुर्गा मंदिर ,रामपुर अरना हनुमान गढी मंदिर,सादुल्लाह नगर हनुमान गढी मंदिर, सादुल्लाह नगर के श्री सिद्धेश्वर नाथ मंदिर, गोकुला बुजुर्ग के हनुमानगढी मंदिर ,नयानगर स्थित तूफानी दास बाबा मंदिर पर विशेष पूजा अर्चना व भंडारे का आयोजन हुआ।

वैभव सिंह राष्ट्रीय महामंत्री भाजयुमों, महेंद्र पाँडेय भाजयुमों जिला उपाध्यक्ष बलरामपुर ने क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों में आयोजित भंडारे में शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया वैभव सिंह ने कहा कि भारत राम का है राम का रहेगा भारत के भाषा, व्यवहार, गाँव शहर सब राम मय पहले से ही था। कई पीढीयों के सपने आज साकार हुआ है इस अवसर पर महेंद्र पांडेय,सुमित सिंह ,रमेश चौहान, देवानंद तिवारी, भारत नरेश सिंह,अखंड प्रताप सिंह, अतुल कुमार उपाध्याय,दीपचंद जायसवाल अरविंद मिश्र, विष्णु गुप्ता ,डाक्टर विवेक श्रीवास्तव,रमेश गुप्ता प्रधान, श्याम जी वर्मा, अभय वर्मा ,संदीप, रमेश जायसवाल,विष्णु गुप्ता , हनुमान प्रसाद, गुलाब गुप्ता, विजय गुप्ता,ज्ञान चंद सोनी,रमाकांत गुप्ता,कमलेश कुमार गुप्ता ,राधेश्याम गुप्ता,आशीष गुप्ता व राम बहोर वर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### कागजों में जालसाजी कर परिवहन करते डीसीएम को पुलिस ने पकड़ा

**जालौन (उरई)।** हरी मटर की लदाई के दौरान डीसीएम पर फर्जी नंबर प्लेट लगी होने की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने डीसीएम को सीज कर कोतवाली में खड़ा कराया। सोमवार की रात मंडी में हरी मटर की लदाई की जा रही थी। इसी दौरान ट्रांसपोर्टर के पास एक डीसीएम चालक आया और उसने हरी मटर लादने के लिए कहा। जब ट्रांसपोर्टर को शक हुआ तो उसने डीसीएम चालक से कागज मांगे। जिस पर उसने दिखाने में आनाकानी की। जिसके बाद ट्रांसपोर्टर ने इसकी सूचना डायल 112 को दे दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने जब कागजात चेक किए तो कागजात दूसरी गाड़ी के थे और उसी गाड़ी की नंबर प्लेट लगी थी।

### ग्राम प्रधान पर भूमि कब्जा करने का आरोप

**दुद्धी, सोनभद्र।** दुद्धी ब्लॉक क्षेत्र के बघाडू गाँव में बंजर भूमि पर आम सहमति से बन रहा खेल मैदान समतलीकरण के बाद ही विवादों में आ गया।उक्त बंजर भूमि पर खेती बाड़ी कर रहें आदिवासियों ने प्रधान पर भूमि कब्जा करने का आरोप लगाया तो वहीं अधिकांश आदिवासियों ने बंजर भूमि पर खेल मैदान की निर्माण के लिए आगे आ गए और ग्राम पंचायत की बंजर भूमि पर खेल मैदान की निर्माण की मांग उठाई। ग्राम पंचायत के सदस्यों तथा अमजन ने बताया कि कई सालों से गाँव में खेल मैदान निर्माण की मांग चल रहीं थी। ग्राम पंचायत ने बंजर भूमि की संबंधित लेखपाल से जाँच पड़ताल करायी गई और उक्त भूमि का चिन्हिकरण भी कराया गया तथा वन विभाग से भी प्रमाण पत्र लिया गया। इसके अलावा ग्राम पंचायत के प्रधान के अलावा बीडीसी तथा ग्राम पंचायत के सदस्यों सहित अन्य गणमान्य नागरिकों से सहमति ली गई। आम सहमति के बाद जैसे ही उक्त बंजर भूमि की समतलीकरण करने की चर्चा हुई तो कुछ लोगों ने उक्त भूमि के कुछ हिस्सों में फ़सल लगे होने की बात बतायी गई। बताया गया कि फ़सल स्वामियों को भी कुछ मुआवजा देने की वायदा कर राजी कर लिया गया।आरोप हैं कि इसी बीच एक परिवार द्वारा कथित रूप से कुछ केला का पौधा रोप दिया गया और इसी को आधार बनाकर एक पक्ष द्वारा प्रधान पर आदिवासियों की भूमि कब्जा करने से अन्य आरोपों के साथ उप जिलाधिकारी के यहां शिकायत कर दी गई। हालांकि अधिकांश ग्रामीणों ने गाँव में खेल मैदान बनाने की मांग दुहराते हुए कहा कि बघाडू गाँव में करीब 30 बीघे के आसपास बंजर भूमि हैं जिस कुछ लोगों का अवैध कब्जा हैं।

**कार्यक्रम** | छात्रों ने दीप प्रज्ज्वलित कर मनाई दिपावली, कहा इससे बड़ी खुशी नहीं हो सकती

# रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर मेडिकल कॉलेज में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

- वार्डों में मरीजों को फल और मिठाई बांटी की वितरित

उरई (जालौन)। समृद्धि न्यूज



**अयोध्या** में श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर सोमवार को राजकीय मेडिकल कालेज उरई में रामोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य आर के मौर्या नें किया। जिसमें प्राण प्रतिष्ठा का लाइव सजीव प्रसारण मेडिकल आडिटोरियम में दिखाया गया। प्रांगण में बने मंदिर की साफ सफई पूजा अर्चना के साथ साथ मरीजों को फ्ल एवं प्रसाद वितरण किया गया। शाम के समय मेडिकल कालेज की छात्र छात्राओं ने दीप जलाकर आतिशबाजी चलाई। सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अयोध्या में भगवान श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा की। जिसको लेकर देश व प्रदेश में रामोत्सव मनाया गया। राजकीय मेडिकल कालेज में सर्व प्रथम कालेज परिसर में बने शिव मंदिर की साफ सफई की गई। प्रधानाचार्य डॉ. आर के मौर्य व सीएमएस डॉ. प्रशांत निरंजन ने पूजा अर्चना की। इसके बाद मेडिकल कालेज के आडिटोरियम हाल में अयोध्या कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया। जिसमें पहले दीप प्रज्वलित किया गया। इसके बाद कालेज की छात्र-छात्राओं समेत चिकित्सकों व स्टाफ नर्स ने सजीव प्रसारण देखा। इसके बाद आडिटोरियम हाल में रामनृत्य नाटिका का डॉ. सुमिती श्रीवास्तव एवं फैकल्टी के नन्हें मुन्ने बच्चों नें मंचन किया गया। बच्चों एवं वार्डो में भर्ती मरीजों को मिष्ठान प्रसाद व फ्ल वितरित किए गए। बच्चों पुरुस्कृत भी किया गया। शाम के समय छात्र छात्राओं ने मेडिकल परिसर में दीप जलाए और आतिशबाजी कर रामोत्सव मनाया। कार्यक्रम का संचालक डॉ नेहा नें किया। इस अवसर पर सीएमएस डॉ. प्रशांत निरंजन, डॉ. शैलेन्द्र प्रताप सिंह, डॉ. विशाल अग्रवाल, डॉ. जितेन्द्र मिश्रा, डॉ. चरक सांगवान डॉ. अरुण अहिरवार, डॉ. शैलेश वर्मा, डॉ. रविंद्र राजपूत, डॉ. उमा महेश्वरी उपप्रधानाचार्य नर्सिंग, निशा दुबे मैट्न, छात्र छात्राओं, फैकल्टी सदस्य, पैरामेडिकल के छात्र छात्राऐं मौजूद रही।


## कार्यालय ग्राम पंचायत सीगौन वि.ख. जैतपुर जिला महोबा

पत्रांकः/मेमो/वर्ष 2023-24 दिनांकः 23.01.2024

**अल्पकालिक निविदा प्रकाशन**

विधायक निधि योजना वर्ष 2023-24 के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य कराने जाने हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु विभागों के पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 24.01.2024 से से 29.01.2024 में सीलबंद निविदाएं 12 बजे तक आमंत्रित की जायेगी एवं उसी दिन अपरान्ह 3 बजे उपस्थित निविदादाताओं/ प्रतिनिधियों व समिति के समक्ष उसी दिन सीलबंद निविदाएं खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनु.लागत लाख में | सामग्री विवरण | अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | ग्राम पंचायत सीगौन विकास खण्ड- जैतपुर में चंगू अहिरवार के मकान से धवैया तिराहा तक 100 मीटर सी.सी. रोड का निर्माण कार्य। | 5.00 | सीमेन्ट, बालू, ईंटा, डस्ट,मौरंग, ग्रिट-20 एमएम, 40 एमएम आदि | 1 माह |

**नियम व शर्तेः-** 1. ठेकेदारों, आपूर्तिकर्ताओं बिक्रीकर विभागों के साथ-साथ किसी राजकीय विभागों में पंजीकृत होना चाहिए। 2. निविदा प्रपत्र के साथ 100 रुपये के स्टाम्प पेपर रसीदी टिकट हस्ताक्षर संलग्न करना होगा। 3. निविदा दाता धरोहर राशि के एवज में एनएससी/एफडीआर संलग्न करना होगा।4. निविदा स्वीकृत अस्वीकृत एवं निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा शासकीय टैक्स नियमानुसार काटा जायेगा। 5. आपूर्तिकर्ता जीएसटी में पंजीकृत होना आवश्यक है।

**ग्राम प्रधान** **ग्राम पंचायत अधिकारी**

**ग्राम पंचायत सीगौन, विकास खण्ड-जैतपुर, जिला महोबा**

# दावे और आपत्तियों के निस्तारण के बाद मतदाता सूची का हुआ अन्तिम प्रकाशन

कन्नौज,समृद्धि न्यूज

**मतदाता सूची** के अंतिम प्रकाशन के संबंध मे मंगलवार को कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में डीएम शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने प्रेस वार्ता के दौरान पत्रकारों से मुखातिब होते हुए बताया कि कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी 2024 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के अन्तर्गत जनपद की तीनों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 27 अक्टूबर .2023 से 09 दिसम्बर 23 तक ऑनलाइन एवं आफलाइन माध्यम से दावे व आपत्तियां प्राप्त की गई। प्राप्त दावे और आपत्तियों के निस्तारण के उपरान्त मतदाता सूची का अन्तिम प्रकाशन आज 23 जनवरी 2024 को जनपद के समस्त पदाभिहित/मतदेय स्थलों पर कर दिया

- कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में डीएम शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने प्रेस वार्ता के दौरान दी जानकारी
- मतदेय स्थलों के सम्भाजन के उपरान्त वर्तमान समय में जनपद में कुल 1519 मतदेय स्थल एवं 1052 मतदान केन्द्र स्थापित हैं

गया है। डीएम ने बताया कि इस पूरे अभियान के तहत मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के साथ समय-समय पर बैठकों का आयोजन कर महत्वपूर्ण सुझाव लिए गए एवं सभी राजनैतिक दल हमारे सहयोगी रहें। उन्होंने बताया कि जनपद के समस्त मान्यता प्राप्त



राजनैतिक दलों को आलेख्य मतदाता सूची उपलब्ध कराई गई तथा आज अन्तिम प्रकाशित मतदाता सूची उपलब्ध कराई जा रही है। बताया कि मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता (स्वीप) के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार कराया गया। पूर्व में पंजीकृत मतदाताओं द्वारा अपना नाम चेक करने और मतदाता सूची में अपने से सम्बन्धित विवरण के पुष्टि करने के लिए 'मैं हूँ ना' अभियान चलाया गया। उन्होने बताया कि अर्ह एवं छूटे हुए दिव्यांग, बेघर, सेक्स वर्कर तथा महिलाओं के नाम मतदाता सूची में सम्मिलित करने हेतु समावेशी अभियान के रूप में मनाया गया। श्री शुक्ल ने कहा कि मतदेय स्थलों के सम्भाजन के उपरान्त वर्तमान समय में जनपद में कुल 1519 मतदेय स्थल एवं 1052 मतदान केन्द्र स्थापित है। आलेख्य प्रकाशन के समय मतदाताओं की संख्या 1270730 थी जो 23. जनवरी 2024 को अन्तिम रूप से प्रकाशित मतदाता सूची में बढ़कर 1286784 हो गई है। जिसमें 16054 की वृद्धि हुई है। बताया कि पुनरीक्षण के दौरान 43222 मतदाताओं के नाम जोड़े गए, 30117 अनर्ह मतदाताओं के नाम विलोपित किए गए एवं 11761 मतदाताओं ने विभिन्न श्रेणी की त्रुटियों में संशोधन कराया।

डीएम ने बताया कि आलेख्य प्रकाशन के समय जेण्डर रेशियों 864 था जो अन्तिम प्रकाशन में बढ़कर 878 हो गया है अर्थात जेण्डर रेशियों में 14 अंको की वृद्धि हुई है। आलेख्य प्रकाशन के समय ई0पी0 रेशियों 62.93 प्रतिशत था जो अन्तिम प्रकाशन के समय में 63.73 प्रतिशत हो गया है। उन्होंने बताया कि 18-19 आयु वर्ग के नए मतदाताओं के कुल 11600 नाम जोड़े गए। वर्तमान में युवा मतदाताओं की संख्या 15977 है। आलेख्य प्रकाशन के समय सेक्स वर्कर की संख्या शून्य थी जो अन्तिम प्रकाशन के समय बढ़कर 69 हो गई है। आलेख्य प्रकाशन के समय 12407 दिव्यांग मतदाता चिन्हित थे जो अन्तिम प्रकाशन में बढ़कर 12559 हो गए है। जो वोटर 80 वर्ष की पूर्ण कर चुके हैं उनका अंतिम प्रकाशन 22590 है। डीएम ने जनपद वासियों से अपील करते हुए कहा है कि बीएलओ के माध्यम से वोटर लिस्ट में अपना नाम चेक कर ले, जिन्होंने पहचान पत्र के लिए आवेदन किया था उनके पोस्ट ऑफिस के माध्यम से पहचान पत्र भेज दिए गए हैं।

# राम यात्रा के साथ मंदिरों में पूजा अर्चना कर उत्सव मनाया गया




**छिबरामऊ कन्नौज।** सुभाष सिकंदरपुर में श्री अयोध्या धाम रामलीला मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के बाद राम यात्रा के साथ मंदिरों में पूजा अर्चना कर उत्सव मनाया गया। श्री राम जन्मभूमि मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर ग्राम शाहजहांपुर नगर सिकंदरपुर में श्री राम यात्रा की ग्राम के सभी देवस्थानों की पूजा अर्चना करते हुए हर मोहल्ले में यात्रा निकल गई जिसका राम भक्तों ने स्वागत किया नीरज द्विवेदी पत्नी गोपाल दत्त, मीनू द्विवेदी पत्नी शैलेंद्र द्विवेदी एवं भास्कर सिंह तथा सभी राम भक्तों ने स्वागत किया तत्पश्चात प्राचीन शिव मंदिर पीपल के पास समाप्त करके हवन पूजन किया सभी भक्तों ने सभी ग्राम वासियों को प्रसाद वितरित किया गया कार्य सेवक प्रखर द्विवेदी ,देवदत्त द्विवेदी मगन सिंह, शिव सिंह, कौशलेंद्र सिंह, शिवपाल सिंह, ललित सिंह प्रदीप सविता (फौजी)दिनेश सविता, कौशल यादव ,बबलू बाथम ,सहयोग रहा।

# एडीजे ने की न्यायिक अधिकारियों के साथ बैठक

कन्नौज,समृद्धि न्यूज



**अपर जनपद** न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष लोकेश वरूण की अध्यक्षता मंगलवार को जनपद न्यायालय के मीटिंग हाल मे एक बैठकं आहूत की गयी। बैठक में अपर जनपद न्यायाधीश लोकेश वरूण ने पैन इण्डिया कैम्पेन 2024 के तहत कारागार में निरुद्ध ऐसे व्यक्तियों की पहचान करना जो अपराध होने के समय संभावित रूप से नाबालिग थे और ऐसे व्यक्तियों के किशोर होने के दावे के लिये सहायक दस्तावेजों के साथ आवश्यक आवेदन दाखिल करने में विधिक सहायता प्रदान किये जाने हेतु न्यायिक अधिकारीगणों से विचार विर्मश कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये

बैठक के उपरान्त प्रभारी जिला जज के निर्देशन में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीडन के निवारण के सबंध में जारी दिशा निर्देश के अनुपालन में राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी माड्यूल के दृष्टिगत अपर जिला जज एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव लवली जायसवाल ने वर्कशाप आयोजन कर उक्त अधिनियम पर चर्चा करते हुये बताया कि वर्क प्लेस पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न होने से रोकने के लिए 2013 में कानून बनाया गया था जिसे पोश एक्ट यानी प्रिवेंशन ऑफ सेक्सुअल हैरेसमेंट एक्ट कहा जाता है। कहा कि. हर कानून का उद्देश्य उसका जमीनी स्तर पर सही से पालन किया जाना है यदि ऐसा नहीं होता है तो उसका उद्देश्य भी अधूरा रह जाता है। सचिव ने कहा कि अधिनियम का उद्देश्य महिलाओं के लिये एक सुरक्षित और अनुकूल कार्य वातावरण बनाना तथा उन्हें यौन उत्पीड़न के खिलाफ सुरक्षा प्रदान करना है। अधिनियम यौन उत्पीड़न को परिभाषित करता है जिसमें शारीरिक संपर्क और यौन प्रस्ताव, यौन अनुग्रह के लिये मांग या अनुरोध, अश्लील टिप्पणी करना, अश्लील चित्र दिखाना तथा किसी भी अन्य अवांछित शारीरिक, मौखिक या गैर- मौखिक व्यवहार जैसे अवांछित कार्य शामिल है।

# सीसीटीवी कैमरा सहित उपकरण अज्ञात चोरों ने किए पार



छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज

**राजा अनजने** सिंह इंटर कॉलेज नथा नगला में अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर सीसीटीवी कैमरा सहित अन्य सामान अज्ञात चोरों किया पर नथा नगला स्थित राजा अनजाने सिंह इंटर कॉलेज मैं आगया चोरों ने एलइडी टीवी द्वार डी बी आर राईटर स्टेबलाइजर चार कमरों के सीसीटीवी कैमरा अज्ञात चोरों द्वारा रात में पर कर दिए गए घटना की सूचना छिबरामऊ कोतवाली में कॉलेज के प्रधानाचार्य मनोज कुमार पुत्र बाबूराम ने लिखित रूप से दी समाचार लिखे जाने तक अभियोग दर्ज नहीं हो सका।

# खबरें चलते-चलते

## संदिग्ध परिस्थितियों में रेडीमेड की दुकान में लगी आग

- मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, तिर्वा कोतवाली क्षेत्र का मामला

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।** थाना तिर्वा क्षेत्रान्तर्गतं बीती सोमवार की देर रात एक रेडीमेड की दुकान में आग लग गई। दुकान से धुंआ उठते देखकर आसपास के दुकानदारों ने तत्काल दुकान स्वामी और पुलिस व फायर बिग्रेड को घटना की सूचना दी। कुछ ही देर में फायर ब्रिगेड के साथ पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई। दमकल कर्मियों ने तत्काल आग बुझाने का कार्य शुरु कर दिया। दमकल कर्मियों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हांलाकि तब तक दुकान में रखे रेडीमेड के कपड़े जलकर राख हो गये। जानकारी के अनुसार तिर्वा नगर निवासी देशराज की ठठिया रोड पर एक मार्केट में रेडीमेड की दुकान है। देशराज रोज की तरह शाम को दुकान बंद कर अपने घर चले गए थे। इसके कुछ देर बाद आसपास के दुकानदारों ने उनकी दुकान के अंदर से धुआं उठता देखा तो तत्काल देशराज को घटना की जानकारी दी। इसके साथ ही दुकानदारों ने पुलिस व फायर बिग्रेड को घटना की सूचना दी। कुछ ही देर में दुकान स्वामी देशराज वहां पहुंच गया, आनन-फानन उसने दुकान का ताला खोला तो दुकान के अंदर भीषण आग जलती देखकर घबरा गया। इसी बीच स्थानीय थाना पुलिस और फायर ब्रिगेड घटनास्थल पर पहुंच गई। फायर बिग्रेड कर्मियों ने पानी का छिड़काव कर आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक दुकान में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया था। आग लगने का कारण खबर लिखे जाने तक स्पष्ट नहीं हो सका था। लोगों में चर्चा है कि विद्युत तारों में शार्ट सर्किट के कारण आग लगी होगी। पुलिस आग लगने के कारणों का पता लगाने में जुटी है।

## तेज रफ्तार डीसीएम ने ऑटो में मारी टक्कर

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।** गुरसहायगंज से सवारियां लेकर कन्नौज जा रहे यूपी 74 टी 6725 ऑटो को पीछे से आ रही डीसीएम ने ओवर टेक करते समय टक्कर मार दी। जिससे आटो पलट गया। दुर्घटना में करीब आधा दर्जन से अधिक सवारियां घायल हो गई। मंगलवार को सुबह लगभग ग्यारह बजे क्षेत्र के मिरगावां मोड़ पर गुरसहायगंज की ही तरफ से पीछे से आ रही तेज रफ्तार यूपी 78 सीटी 3564 डीसीएम चालक ने ओवरटेक किया। अनियंत्रित हुए चालक ने आटो में टक्कर दी। दुर्घटना हुई देख ग्रामीण घटना स्थल पर पहुंच गए और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुँची मझपुरवा चौकी पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी गुरसहायगंज में उपचार के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार दुर्घटना में आटो चालक 28 वर्षीय अनुज सविता पुत्र अप्पू सविता निवासी जलालाबाद, सियाराम पुत्र माधौराम, गोविंद पुत्र रामशंकर, रचना पुत्री रामशंकर, निवासी तेरारब्बू, कालीचरण पुत्र रामनाथ निवासी चित्तरपुरवा घायल हो गए।

## शादी का झांसा देकर महिला से किया दुष्कर्म

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** युवक ने अपने दोस्तों के सहयोग से महिला को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया। शादी न करने पर पीड़ित महिला ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पीड़ित महिला ने बताया है कि तरपुर्वा निवासी प्रशांत पुत्र राजकमल ने उसे शादी का झांसा देते हुए 02 वर्षो तक दुष्कर्म किया। जब उसने शादी करने की बात कही तो प्रशांत और उसके दोस्त बबलू और पिंटू ने उसके साथ गाली गलौज की और उसे जान से मारने की धमकी दी। वहीं कोतवाली पुलिस ने पीड़ित महिला की तहरीर पर तीन आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# 31 जनवरी तक करें छात्रवृत्ति का आवेदन

गुरसहायगंज, कन्नौज। समृद्धि न्यूज

**शासन के** निर्देशानुसार उत्तर प्रदेश के बीड़ी श्रमिकों के अध्यनरत पुत्र एवं पुत्री को शैक्षिक सत्र 2023-24 मे छात्रवृत्ति के लिए आवेदन करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। बीड़ी श्रमिक चिकित्सालय के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार गोला ने बताया कि कक्षा 01 से 12 व स्नातक, स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम व व्यवसायिक पाठ्यक्रमों मे शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्र एवं छात्राएं ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उपरोक्त जानकारी देते हुए डॉक्टर मुकेश कुमार गोला ने कहा कि यह जानकारी श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के अंतर्गत श्रम कल्याण संगठन लखनऊ परिक्षेत्र के सहायक कल्याण आयुक्त अरुण कुमार के द्वारा दी गई है। उन्होंने बताया कि बीड़ी श्रमिकों के



डॉ. मुकेश गोला

अध्यनरत बच्चे छात्रवृत्ति के लिए 31 जनवरी तक आवेदन कर सकेंगे। इसके अलावा उन्होंने बताया कि आवेदन करने वाले समस्त छात्र एवं छात्राएं बीड़ी श्रमिक चिकित्सालय मे अपनी ऑनलाइन की गई स्लिप को जमा कर सकते हैं।

# भारतीय किसान यूनियन (अवधेश) संगठन का किया गया विस्तार

छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज

**तहसील** रोड स्थित भारतीय किसान यूनियन के कार्यालय में हुई बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित अवधेश कुमार त्रिपाठी ने कहा हमारा संगठन अन्नदाता के लिए समर्पित है। इस मौके पर संगठन का विस्तार भी किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा हमारा संगठन देश का सबसे लोकप्रिय संगठन है। हम किसी भी पदाधिकारी से एक रुपया भी नहीं लेते हैं। संगठन को अपनी मेहनत की कमाई से चलाते हैं। किसान हित के लिए हमारा संगठन सदैव तत्पर रहेगा और उनकी लड़ाई में कंधे से कंधा मिलाकर साथ देगा। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को 10 दिन के अंदर अपनी कमेटियां गठित करने का निर्देश दिया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विवेक गुप्ता, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आनंद गुप्ता, राष्ट्रीय संरक्षक अटल




प्रकाश चतुर्वेदी व राजपाल सिंह चौहान के सुझाव पर गोलू यादव को युवा प्रकोष्ठ का मंडल उपाध्यक्ष, शिवकांत शुक्ला को जिला संगठन मंत्री, शैलेंद्र लोधी को जिला युवा महासचिव व राहुल शाक्य को जिला संयुक्त सचिव मनोनीत किया गया। इसके अलावा पवन तिवारी को जिला उपाध्यक्ष से प्रदेश उपाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ व शिवराम सिंह सेंगर को जिला मंत्री से मंडल मंत्री पद पर प्रोन्नत किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय महामंत्री अविनाश सक्सेना, राष्ट्रीय सचिव शुभम उर्फ पल्ली पांडेय व सनी खान, प्रदेश संयुक्त सचिव ज्ञान प्रकाश वर्मा, प्रदेश सचिव राम तिवारी, मंडल उपाध्यक्ष गोपाल दुबे, जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह पाल, जिला उपाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ नवी मुकुंद, तहसील उपाध्यक्ष मनीष कमल, तहसील उपाध्यक्ष सर्वेश मिश्रा व ब्लॉक उपाध्यक्ष जयदीप कश्यप सहित सभी ने माल्यार्पण करके नए पदाधिकारियों का स्वागत किया।

# टीयूसीसी ने मनाया सुभाष चन्द्र बोस का जन्मदिन




सुभाष चन्द्र बोस का जन्मदिन मनाते पदाधिकारी व कार्यकर्ता — समृद्धि न्यूज

गुरसहायगंज, कन्नौज। समृद्धि न्यूज

**टीयूसीसी के** राष्ट्रीय अध्यक्ष हंसराज अकेला ने कहा कि देश को आज नेता जी के बताएं रास्ते पर चलना चाहिए। क्योकि इसी से असली समाजवाद की परिकल्पना की जा सकती हैं। देश के युवाओं को आगे आकर देश को नेता जी एवम् देश के लिए कुर्बानी देने वाले महापुरुषों के बलिदानों को व्यर्थ में नहीं जानें दे।

- पराक्रम दिवस पर व्यक्त किए अपने विचार

मंगलवार को नगर के ट्रेड यूनियन को-आर्डिनेशन सेंटर (टीयूसीसी) के तत्वाधान में मोहल्ला रामगंज स्थित स्थानीय कार्यालय में कार्यकर्ताओं द्वारा आजाद हिन्द फौज के सेनानायक, भारत की प्रथम आजाद हिन्द सरकार के राष्ट्रपति, आजाद हिन्द बैंक के संस्थापक, देश के महान नेता जी सुभाष चन्द्र बोस क्रांतिकारी का आज 127 वां जन्म दिन पराक्रम दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर उपस्थिति पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने नेता जी के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में हंसराज अकेला, कृष्ण कुमार राठौर, बाबा राम चंद्र दोहरे, प्रेम सिंह, डॉ. राज नारायण, दविरुल हसन, मो कयूम खान, मो नौशाद प्रहलाद सिंह, आयुष आदि लोग उपस्थित रहे।

## शिक्षकों की प्रत्येक समस्या का प्राथमिकता से होगा समाधानः चंद्रपाल सिंह

**जालौन (उरई)।** शिक्षकों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया जाएगा और उनका निराकरण कराया जा जाएगा। यह बात माध्यमिक शिक्षक संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह गुर्जर ने स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज में आयोजित स्वागत समारोह में कही। माध्यमिक शिक्षक संघ के नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह गुर्जर एवं जिला मंत्री रामहेत सिंह का स्वागत समारोह स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज ईगुई में किया गया। जिसमें माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश मंत्री डॉ. राकेश निरंजन, निवर्तमान जिला अध्यक्ष प्रतापसिंह राजा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अजीत सक्सेना, व प्रधानाचार्य धर्मेंद्र मिश्रा, राधेश्याम सिंह गुर्जर, मनीष दुबे आदि मौजूद रहे। इस दौरान जिलाध्यक्ष ने कहा कि शिक्षकों की कोई समस्या हो तो उसे उन्हें लिखित रूप से अवगत कराएं। शिक्षकों का शोषण किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष उठाया जाएगा।

दुर्घटना — घायल दस तीर्थयात्रियों को सीएचसी में कराया गया भर्ती

# तीर्थयात्रियों से भरी बस घने कोहरे में डंफर से टकराकर हुई दुर्घटनाग्रस्त

- गंभीर यात्रियों को जिला अस्पताल करवाया रैफर
- ग्राम प्रधान के सहयोग से एसडीएम ने सभी यात्रियों को कराया भोजन

जालौन (उरई)। समृद्धि न्यूज



बस हादसे के बाद श्रद्धालुओं को हालचाल लेते एसडीएम सुशील कुमार — समृद्धि न्यूज

**घने** कोहरे के बीच आगे चल रहे डंपर के ब्रेक लगाने से चित्रकूट से मथुरा जा रही बस डंपर से टकराई। हादसे में बस सवार 10 लोग घायल हुए। घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी लाया गया। जहां एक व्यक्ति की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया। मंगलवार की सुबह करीब चार एक बस में 67 श्रद्धालु चित्रकूट से दर्शन कर मथुरा लौट रहे थे। रात में घने कोहरे के चलते चलना मुश्किल हो रहा था। लगभग चार बजे बस बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे के किमी संख्या 208 पर पहुंची। तभी बस के आगे जा रहे डंपर ने अचानक से ब्रेक लगा दिए। डंपर के ब्रेंक लगाए जाने से उसके पीछे चल रही बस के चालक बंस को नियंत्रित नहीं कर सके और बस डंपर से जा टकराई। सुबह के समय श्रद्धालु बस में नींद ले रहे थे। अचानक से टक्कर लगने से बस में सवार श्रद्धालुओं के बीच चीख पुकार मच गई। बस की स्पीड अधिक न होने की वजह से बस में पीछे की ओर सवार लोग तो बच गए। लेकिन आगे की ओर बैठे 10 लोग घायल हो गए। किसी ने हादसे की सूचना डायल 112 को दे दी। सूचना पर मौके पर पहुंची एंबुलेंस घायल शंकरलाल निवासी बूंदी राजस्थान बबुरीबाई, सुनीता, सुरेशचंद्र, ब्रह्मदीन निवासीगण कोटा राजस्थान, चालक पप्पूलाल सवाई माधौपुर राजस्थान, परिचालक प्रेमराज जीवद, सवाई माधौपुर, वाहन स्वामी मकसूद खां, पवन कुमार शर्मा, एजेंट कौशल निवासीगण लाखेटी जिला बूंदी राजस्थान को सीएचसी लेकर आई। जहां गंभीर रूप से घायल शंकर को प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया गया। उधर, एसडीएम सुशील कुमार, छिरिया प्रधान प्रतिनिधि आशू तिवारी, चौकी प्रभारी राजकुमार पांडेय मौके पर पहुंचे और श्रद्धालुओं को ढाढस बंधाया और प्रधान ने श्रद्धालुओं के लिए भोजन, पानी, अलाव की व्यवस्था कराई।

समृद्धि न्यूज़
लखनऊ, बुधवार, 24 जनवरी, 2024
मेजर एस.डी.सिंह पी.जी.आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एण्ड हास्पिटल-फतेहगढ़







# भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में हुए भजन कीर्तन

- लोगों ने घरों में मनायी दीवाली, चलायी जमकर आतिशबाजी

**कंपिल. समृद्धि न्यूज**

**अयोध्या में** भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा होने के साथ ही तीर्थनगरी कंपिल भी राममय हो गई। जगह - जगह श्रद्धालु भगवान राम की भक्ति में डूबे नजर आये। लोगो ने भजन कीर्तन, सुंदरकांड से लेकर हनुमान चालीसा का पाठ कर मिठाई बांटी। लोगों ने अपने घरों को सजा कर दिये जलाएं और आतिशबाजी चलाई। मंदिरों में साज-सज्जा देखकर सभी अभिभूत हो गए।

ऐतिहासिक तीर्थनगरी कंपिल के लोगों को अयोध्या में रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की शुभ घड़ी का काफी दिनों से इंतजार था। उन्होंने खुशियां मनाने की तैयारियां पहले से ही शुरू कर दी थी। प्राण प्रतिष्ठा के दिन मन को पुलकित कर देने वाली लाइट्स, केसरिया व भगवा ध्वज पताकाओं व गुब्बारों आदि से गलीए चौराहों को सजाया गया। मंदिरों में भव्य सजावट की गई। जैसे ही अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा पूजन शुरू हुआ। मंदिरों में पूजन, आरती होने लगी। घंटे.घड़ियाल व शंख की ध्वनि गुंजायमान हो गई। रामेश्वरनाथ मंदिर, कालेश्वरनाथ मंदिर आदि स्थानों पर प्राण प्रतिष्ठा समारोह को टीवी, मोबाइल इत्यादि पर देख रहे लोग सपना साकार होते भावुक हो गए। रामलीला मंचन स्थल पर श्रीराम दरबार की झांकी सजाई गई। दीपावली की तरह पूजन व आरती के बाद लोगों ने पटाखे फोड़े। फिर सभी ने मिलकर घर के बाहर प्रसाद के रूप में मिठाई आदि वितरित की। कंपिल थाने के पास गोल चक्कर पर समाजसेवी पुखराज डागा, भाजपा नेता किशनू चतुर्वेदी आदि ने मिष्ठान वितरण किया। वहीं कंपिल बाईपास पर गौशाला के निकट भाजपा नेता निशांत गुप्ता, फषभ गुप्ता, सुरेंद्र सैनी, भूरे श्रीवास्तव, अवनीश शाक्य आदि ने मिठाई बांट खुशियां मनाई।



भगवान राम के स्वरुपों की पूजा अर्चना करते पुखराज डागा व अन्य समृद्धि न्यूज

# ओवरब्रिज से कूदकर आत्महत्या करने पहुंची महिला को पुलिस ने बचाया

- महिला का आरोप पति ने जान से मारने के लिए चाकू से किया हमला

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**ओवरब्रिज के** पुल से कूदकर आत्महत्या करने पहुंची महिला को लोगों ने देख लिया और शोर मचाकर पुलिस को बुलाया और कोतवाली फतेहगढ़ भेजा। जानकारी के अनुसार मंगलवार को कोतवाली फतेहगढ़ के मोहल्ला मक्खन वाली गली निवासी पूजा यादव अपनी स्कूटी संख्या-यू.पी.76एफ6910 से भोलेपुर स्थित ओवरब्रिज के ऊपर पहुंची और कूदने की फिराक में थी, तभी लोगों ने उसे देख लिया और शोर मचाकर कर्नलगंज चौकी से पुलिस को बुलाया। आनन-फानन में पुलिस ओवरब्रिज पुलिस के ऊपर पहुंची और महिला को समझा बुझाकर कोतवाली फतेहगढ़ भिजवाया। महिला ने बताया कि उसका पति से झगड़ा हो गया था। पुलिस ने उसे काफी मारापीटा और चाकू से प्रहार किये। जिससे उसके कई जगह टांके लगे हुये थे। उसने पुलिस को चाकू के निशान भी दिखाये। पुलिस ने फोन कर उसके पति व परिजनों को बुलाया। समाचार लिखे जाने तक उसका पति व परिजन कोतवाली नहीं पहुंचे थे। वहीं पुलिस का कहना है कि यदि महिला तहरीर देती है, तो उसके पति के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी।



महिला से पूछताछ करती पुलिस व मौजूद भीड़ समृद्धि न्यूज

# खबरें चलते-चलते

## रोजगार सेवकों पर रिकवरी की लटकी तलवार



बैठक के दौरान मौजूद रोजगार सेवक

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** रोजगार सेवकों की बैठक में ऑडिट टीम के अधिकारी ने ऑडिट रिपोर्ट के माध्यम से क्षेत्र की जानकारी लीं। जिसमें कई रोजगार सेवकों पर रिकवरी का आदेश किया गया। नवाबगंज विकासखंड कार्यालय पर मंगलवार को रोजगार सेवकों की एपीओ गौरव सिंह तथा मनरेगा सहायक आलोक पाठक ने बैठक ली। जिसमें सोशल आडिट टीम के प्रभारी अभिषेक मिश्रा भी रहे। सोशल रिपोर्ट में उन्होंने सभी रोजगार सेवकों से कड़ी कार्रवाई करने की बात कही। रिपोर्ट के अनुसार कई ग्राम पंचायत में रिकवरी निकाली गई। जिसमें सबसे अधिक ग्राम पंचायत नगला खेल के रोजगार सेवक पर मनरेगा में धांधली करने में 1,26000/- की रिकवरी तय की गई। जिसमें आदेशित किया गया कि जल्द से जल्द जिन रोजगार सेवकों, ग्राम प्रधानों पर रिकवरी का पैसा निकाला है वह तत्काल प्रभाव से खाते में जमा कर दें, नहीं तो उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वही दर्जनों रोजगार सेवक ऐसे हैं जिन्होंने पैसे के बल पर अपनी रिकवरी रूकवाई है। उनले जल्द खाते में पैसा जमा करने की बात कही गई है। मनरेगा की बैठक में लगातार पूरा दिन वसूली का कार्यक्रम चला रहा। इस मौके पर मनरेगा के ऑडिट प्रभारी अभिषेक मिश्रा, एपीओ गौरव दिवाकर, मनरेगा सहायक आलोक पाठक तथा सभी क्षेत्र के रोजगार सेवक मौजूद रहे।

## अपहरण व दुष्कर्म के मामले में युवक को दस वर्ष का कारावास

- एक लाख रुपए के अर्थदंड से किया गया दंडित
- अर्थदंड की कुल धनराशि का आधा पीड़िता को दिया जायेगा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपर जिला जज विशेष पाक्सो एक्ट न्यायाधीश सुमित प्रेमी ने अतुल पुत्र रामबाबू निवासी प्रतिपालपुर हरपालपुर हरदोई को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर दस वर्ष कारावास व एक लाख रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। जानकारी के अनुसार बीते 9 वर्षो पूर्व शहर कोतवाली क्षेत्र की निवासी युवती ने पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि मेरी 16 वर्षीय पुत्री अर्चना उर्फ विटोली निवासी बड़ागॉव हरपालपुर, घनश्याम पुत्र गप्पू शादी का झांसा देकर मेरी लड़की को बहला फुसलाकर ले गए। उस समय मैं घर पर नही थी। उक्त लोगो का घर आना जाना था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य के आधार अर्चना व अतुल के विरुद्ध न्यायालाय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता प्रदीप सिंह की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश सुमित प्रेमी ने अतुल को दोषी करार देते हुए दस वर्ष का कारावास व एक लाख रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। साक्ष्य के अभाव से अर्चना उर्फ विटोली को दोष मुक्त किया गया।

## झोलाछाप के इलाज से बिगड़ी महिला की हालत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रिटौल निवासी अन्जू खटिक उम्र 22 वर्षीय के पैर मे दर्द होने पर वह पत्नी सन्जू के साथ गाँव के अमित क्लीनिक से दवा लेकर घर आई और उसने एक खुराक दवा खायी। दवा खाने के कुछ देर बाद उसकी हालत बिगड़ने लगी। आनन-फानन मे पति अपनी पत्नी को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आया। जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रफर कर दिया। वही पति ने झोलाछाप पर गलत दवा देने का आरोप लगाया है।

# रोजगार मेले में 194 अभ्यर्थियों को मिला रोजगार

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज**

**विकास खंड** कार्यालय परिसर में शासनादेश के अनुसार रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें 200 से अधिक अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया।

नवाबगंज थाना क्षेत्र के कस्बा नवाबगंज स्थित क्षेत्र पंचायत विकास खंड कार्यालय पर मंगलवार को शासनादेश के अनुसार रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में सांसद मुकेश राजपूत तथा ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह गौर मौजूद रहे। वहीं रोजगार मेला प्रभारी रंजीत सिंह, सुमन तथा प्रधान राजवीर सिंह आदि ने भी भाग लिया जिसमें 267 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग कर योजना का लाभ उठाया। वहीं 26 छात्र-छात्राएं जो आईटीआई किये थे, उन्हें सेलेक्ट किया गया। 168 प्रतिभागियों को विदेशी कंपनियों ने रोजगार का अवसर दिया। सांसद मुकेश राजपूत ने बताया कि सरकार हर हाल में बेरोजगारों के लिए वचनबद्ध है और उनको रोजगार उपलब्ध कराना उसका कर्तव्य है। ऐसे ही कई तरह की योजनाएं बताकर उन्होंने सरकार का गुणगान किया। वहीं ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह गौर ने भी मेले में अभ्यर्थियों को योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर मेला प्रभारी राजवीर सिंह, रणजीत सिंह, सुमन ने सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंटकर अभ्यर्थियों का उत्साहवर्धन किया। विकास खंड कार्यालय से अवनीश सक्सेना, आलोक पाठक, आलोक दीक्षित, सुरेश चंद्र, राहुल चंदेल, विवेक कुमार साहित्य सभी कर्मचारी मौजूद रहे।



नियुक्ति पत्र के साथ युवक व युवतियां तथा मौजूद सांसद व नगर पंचायत अध्यक्ष आदि

# नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर हुई संगोष्ठी

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय प्रगतिशील फोरम द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर कृष्ण प्रेस परिसर सधवाड़ा में आयोजित संगोष्ठी में वक्ताओं ने उन्हें विश्व का सर्वाधिक लोकप्रिय क्रांतिकारी बताया । वरिष्ठ साहित्यकार प्रो0 रामबाबू मिश्र रत्नेश ने कहा कि नेताजी क्रांति के इतिहास में सबसे तेजस्वी योद्धा थे। उनकी आजाद हिंद फौज की हैरतअंगेज बहादुरी के चर्चे लोगों की जुबान पर आज भी हैं, लेकिन राज्य सत्ताओं ने उनकी उपेक्षा की और इतिहासकारों ने राष्ट्र घाती मौन साध ली। प्रधानाचार्य शिवकांत शुक्ला ने कहा कि नेताजी की संदिग्ध मृत्यु पर आज भी रहस्य का पर्दा पड़ा हुआ है। यह हमारे लिए शर्म का विषय है। पूर्व प्रधानाचार्य अहिवरन सिंह गौर ने कहा कि जय हिंद का अभिवादन नेताजी से ही जुड़ा है। तुम हमें खून दो हम तुम्हें आजादी देंगे का नारा बहुत कारगर सिद्ध हुआ। गीतकार पवन बाथम ने कहा-क्रांति समर के सिंह से वीर सुभाष महान। उनकी इक हुंकार से जागा हिंदुस्तान।। युवा कवि अनुपम मिश्रा ने कहा-देशभक्ति का दर्पण नेताजी का चित्र, कहीं न ऐसा विश्व में चेहरा और चरित्र।। प्रोफेसर कुलदीप आर्य, डॉक्टर सुनीत सिद्धार्थ, मनीष गौड़ ने कहा कि भारतीय क्रांति के इतिहास को निरपेक्ष रूप से दोबारा लिखने की जरूरत है, ताकि शहीदों का सही मूल्यांकन हो सके। जेपी दुबे, वीएस तिवारी, शिवकुमार दुबे आदि ने कहा कि नेताजी के आदर्शों का भारत बने। यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। मंजू मिश्रा एवं निधि मिश्रा ने कहा कि आजाद हिंद फौज की महिला ब्रिगेड ने अपूर्व बलिदान दिए थे। जिनका अब जिक्र भी नहीं होता है।

# इलाज के दौरान प्रसूता की मौत, मायके वालों ने घर पहुंचकर किया हंगामा



मृतका का फाइल फोटो

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** बच्ची को जन्म देने के बाद महिला की हालत बिगड़ गयी। परिजन उसे लेकर कानपुर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं सूचना पाकर पहुंचे मायके वालों ने जमकर हंगामा किया और ससुरालीजनों से अभद्रता की।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम कुतुबुद्दीनपुर निवासी सोनू यादव की शादी तीन वर्ष पूर्व जनपद कन्नौज के ग्राम कटकैईया थाना गुरसहायगंज निवासी स्व0 दरबारी लाल की पुत्री गायत्री देवी के साथ हुआ था। शादी के बाद गायत्री ने एक पुत्री को जन्म दिया। इसके बाद एक दिन पूर्व माया हॉस्पिटल फर्रुखाबाद में सीजर ऑपरेशन से दूसरी पुत्री का जन्म हुआ। जन्म होने के बाद महिला की हालत बिगड़ गई। डॉक्टर ने हालत गंभीर देखकर मरीज को कानपुर ले जाने की सलाह दी। सोनू अपनी पत्नी को एंबुलेंस से कानपुर ले जा रहा था। कानपुर प्राइवेट हॉस्पिटल में डॉक्टर ने देखकर उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका का शव सुबह गांव कुतुबुद्दीनपुर पहुंचा। घटना की सूचना मायके वालों को दी गई। मायके वाले घटना पर स्थल पर पहुंचे और ससुरालीजनों को गाली-गलौज करने लगा। गांव वालों ने घटना की सूचना थाना पुलिस को दी। मौके पर थाना अध्यक्ष जेपी शर्मा ने पहुंचकर स्थिति को संभाला और तहरीर देने को कहा। फिलहाल अभी पुलिस को तहरीर नहीं मिली है। मृतका डेढ़ वर्ष की पुत्री शालू और एक नवजात बालिका को अपने पीछे छोड़ गई है।

# अंतिम प्रकाशित निर्वाचक नामावली के संबंध में एडीएम ने ली प्रतिनिधियों की बैठक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**अपर जिलाधिकारी** ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ अंतिम प्रकाशित निर्वाचक नामावली के सम्बन्ध में बैठक आहूत की। बैठक में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के रुप में भाजपा से मुकेश गुप्ता जिला संयोजक चुनाव प्रबंधक, बसपा से रामनरेश गौतम कोआर्डीनेटर, आम आदमी पार्टी से जितेंद्र सिंह एडवोकेट जिला सचिव, इंडियन नेशनल कांग्रेस पार्टी से शकुंतला जिलाध्यक्ष, समाजवादी पार्टी से सुभाषचंद्र शाक्य एडवोकेट जिला उपाध्यक्ष, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया से सुनील कुमार कटियार, अपना दल से मो0 साबिर खां एडवोकेट मौजूद रहे। उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा उपस्थित राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को अवगत कराया गया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित संशोधित कार्यक्रम के अनुसार दिनांक 23 जनवरी को विधानसभा निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन जनपद के सभी 1527 मतदेय स्थलों पर संबंधित निर्वाक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा कर दिया गया है। जो आम नागरिकों के लिए निरीक्षणार्थ एक सप्ताह के लिए उपलब्ध रहेगी। उक्त बैठक में इस जनपद से संबंधित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की दिनांक 23 जनवरी को अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची का सैट हार्ड एवं सॉफ्ट कॉपी में उपस्थित सभी सक्रिय 07 मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्जीय दलों को उपलब्ध कराया गया। उपस्थित सभी प्रतिनिधियों से अनुरोध किया गया कि उक्त मतदाता सूची की गहनता से जांच कर लें कि मतदाता सूची में किसी अर्ह व्यक्ति का नाम सम्मिलित होने से छूट तो नहीं गया है। यदि कोई अर्ह व्यक्ति 1 जनवरी 2024 को 18 वर्ष या उससे अधिक है, का नाम मतदाता सूची में शामिल होने से अभी भी रह गया है, तो फार्म-6 में आवेदन कराकर संबंधित बूथ लेबिल अधिकारी को तत्काल उपलब्ध करा दे। उक्त के अतिरिक्त राजनैतिक दलों के उपस्थित प्रतिनिधियों से स्पीड पोस्ट के माध्यम से मतदाताओं को भेजे जा रहे मतदाा फोटो पहचान पत्र प्राप्त होने के संबंध में भी जानकारी की गयी।



कांग्रेस जिलाध्यक्ष को हार्ड एवं सॉफ्ट कॉपी का सेट देते एडीएम

# मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज में मनाया गया दीपोत्सव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**अयोध्या** में श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल एवं हॉस्पिटल बेवर रोड में भावी चिकित्सकों ने आकर्षक रंगोली बनाकर दीपोत्सव मनाया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ0 वीएस यादव, कॉलेज कोआर्डिनेटर डॉ0 नीतूश्री एवं अन्य शैक्षिक व गैर शैक्षणिक स्टाफ भी मौजूद रहा।

मिली जानकारी के अनुसार मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल के केन्द्रीय मैदान में भावी चिकित्सकों ने श्रीराम सीता एवं लक्ष्मण जी की आकर्षक रंगोली बनाई एवं संध्या बेला में दीप जलाकर दीपोत्सव मनाया। दीपोत्सव के दौरान छात्र-छात्राओं ने श्रीराम के कीर्तन सुनाए एवं श्रीराम की मंगल आरती उतारी गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 वीएस यादव, कॉलेज कोआर्डिनेटर डॉ0 नीतूश्री, डॉ0 सुनील गुप्ता, डॉ0 अंजना दीक्षित, डॉ0 पंकज शुक्ला, डॉ0 मुकेश कुमार विश्वकर्मा, डॉ0 अंकिता, डॉ0 भाग्यश्री, डॉ0 श्वेता यादव, डॉ0 अमृता विजयन आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।



रंगोली बनाकर दीप जलाते भावी चिकित्सक व कालेज स्टॉफ

**शोभा यात्रा** | महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर लिया भाग, शोभायात्रा में जय श्रीराम के गूंजे नारे

# अखिल भारत हिन्दू महासभा ने नेताजी की जयंती पर निकाली वंदे मातरम् यात्रा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**अखिल भारत** हिन्दू महासभा के तत्वावधान में नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती पर वंदे मातरम् यात्रा धूमधाम से निकाली गयी। शहर के रेलवे रोड स्थित पांडेश्वरनाथ मंदिर से शुरु होकर यात्रा पल्ला, मठिया, चौक, घुमना होते हुए स्वराज कुटीर तक निकाली गयी। यात्रा में युवा केसरिया ध्वज लहराते हुए डीजे की धुन पर थिरकते हुए चल रहे थे। इस दौरान युवा जय श्रीराम के नारे लगा रहे थे। अखिल भारत हिन्दू महासभा के युवा प्रदेश अध्यक्ष विमलेश मिश्रा के साथ यात्रा प्रभारी जिलाध्यक्ष क्रांति पाठक, सौरभ मिश्रा, अजीत वर्मा, रामजी अग्निहोत्री, अजय दुबे, डॉ0 राघवेंद्र अग्निहोत्री, मीनू तिवारी ने व्यवस्था देखी। शोभायात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। यात्रा में भारत माता व नेताजी सुभाषचंद्र बोस की झांकी का भी गर्मजोशी से स्वागत हुआ। नारी शक्ति ने भी बढ़-चढ़कर शोभायात्रा में भाग लिया। महिला वीरांगना जिलाध्यक्ष प्रियंका ठाकुर के नेतृत्व में महिलायें भी यात्रा में पहुंचीं। इस मौके पर भइयन मिश्रा, विपिन अवस्थी, शिवम दीक्षित, वैभव सोमवंशी, राहुल वर्मा, कोमल पाण्डेय, लला अवस्थी, बबिता पाठक, चित्रा अग्निहोत्री, प्रमोद दीक्षित, सुरेंद्र पाण्डेय, आदेश अवस्थी, अनुज मिश्रा, सौरभ शुक्ला सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। नेहरु रोड पर व्यापारी नेता संजय गर्ग ने शोभायात्रा पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। जगह-जगह वंदे मातरम् व जय श्रीराम के नारों से शहर गुंजायमान हुआ। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



वंदे मातरम् यात्रा में शामिल महिलायें व युवा समृद्धि न्यूज

# गंगा समिति के तत्वावधान में छात्राओं को किया गया जागरुक

▸ प्रधानाचार्या ने नदियों के संरक्षण पर दिया बल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**जिला गंगा** समिति के तत्वाधान में नमामि गंगे परियोजना के अन्तर्गत अन्य नदियों के संरक्षण हेतु जन जागरुकता कार्यक्रम मदन मोहन कानोडिया बालिका इंटर कालेज में निहारिका पटेल के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। विद्यालय की प्रधानाचार्या सुमन त्रिपाठी ने कहा कि लोग स्वच्छता अपनाये, घाटों को स्वच्छ रखे। इस कार्यक्रम में नमामि गंगे भारत सरकार के अन्तर्गत संचालित की जा रही योजना में सभी लोग सहयोग प्रदान करें। हमारा कर्तव्य है कि नदियों का संरक्षण करें। सभी लोग गंगा तट पर पूजा सामिग्री व खंडित मूर्तियों को गंगा में न डाले। लोग गंगा तट पर भारी मात्रा में प्लास्टिक, पॉलीथिन, कचरा आदि छोड़ जाते है, इसको रोंके। निहारिका पटेल ने गंगा यात्रा का वर्णन करते हुए बताया कि गंगा अविरल रुप में बहती है। हमारे जीवन का आधार है। इसको स्वच्छ और साफ बनाये रखना मेरा कर्तव्य है। गंगा योद्धा विकास व नीशू ने भी विचार रखे। संचालन करते हुए पूनम शुक्ला ने कहा कि प्रशासन के साथ-साथ हम लोगों को नदियों का संरक्षण करना चाहिए। छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। इस मौके पर उप प्रधानाचार्य कुसुमलता, दर्शना शुक्ला, मंजू सिंह, राधा दीक्षित, अर्चना कपूर, जया सिंह, शबाना परवीन आदि शिक्षिकायें मौजूद रही।



कार्यक्रम में मौजूद शिक्षिकायें व छात्रायें — समृद्धि न्यूज

# रस्तोगी इंटर कालेज में मनायी गई सुभाष चन्द्र बोस की जयंती

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**तुम मुझे** खून दो मैं तुम्हे आजादी दूंगा का नारा देने वाले नेता सुभाष चन्द्र बोस की जयंती कन्हैया लाल रामशरण रस्तोगी इंटर कालेज में मनायी गई। भारतीय महानायक व साहसी क्रांतिकारी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती पर शिक्षकों ने प्रभारी प्रधानाचार्य राकेश प्रसाद के नेतृत्व में माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। प्रभारी प्रधानाचार्य राकेश प्रसाद ने सुभाष चन्द्र बोस के जीवन पर प्रकाश डाला। सभी शिक्षकों ने उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किये। इस मौके पर सुधाकर चतुर्वेदी, रामतीरथ अग्निहोत्री, विजेन्द्र मथुरिया, ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी, हिमांशु शुक्ला, रामवीर सिंह, डा0 यशवंत सिंह, महाराज सिंह, देवेन्द्र कुमार, गजेन्द्र सिंह, गौरी शंकर, राजेन्द्र सिंह, पारुल स्वर्णकार, सुनीता, दिनेश चन्द्र आदि लोग मौजूद रहे।



सुभाष चन्द्र बोस की जयंती मनाते शिक्षक — समृद्धि न्यूज

# मानव श्रृंखला बनाकर छात्र-छात्राओं को यातायात जागरुकता की दिलायी गई शपथ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**मंगलवार को** यातायात सड़क सुरक्षा जागरुकता को लेकर गंगापार महात्मा गांधी इंटर कॉलेज राजेपुर व राजकीय बालिका इंटर कॉलेज राजेपुर के छात्रों ने मानव श्रृंखला बनाई। प्रधानाचार्य अनिल सिंह ने छात्र-छात्राओं को शपथ दिलायी। जूनियर के छात्रों ने बैण्ड के साथ मार्च पास्ट किया। अनिल सिंह ने कहा कि जान है तो जहान है, लोग यातायात नियमों का पालन करें। कार चलाते समय सीट बेल्ट लगाये, मोबाइल फोन से बात न करें, हेलमेट का प्रयोग न करें आदि जानकारी दी। प्रधानाचार्य रिचा यादव ने सड़क सुरक्षा संबंधित विचार रखे। इस मौके पर पीडी कपिल गुप्ता, बीडीओ कौशल गुप्ता, एडीओ पंचायत अजीत कुमार, प्रधानाध्यापक महेश कुमार सिंह व विद्यालय के शिक्षक मौजूद रहे।



मानव श्रृंखला बनाते छात्र-छात्रायें — समृद्धि न्यूज

## अटेवा का पेंशन मार्च 25 जनवरी को

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुरानी पेंशन बहाली मंच के तत्वाधान में पेंशन जागरुकता मार्च 25 जनवरी को विकास भवन से कलेक्ट्रेट तक निकाला जायेगा। प्रदेश संयुक्त मंत्री ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी ने जानकारी देते हुए बताया कि पुरानी पेंशन बहाली की मुहीम को धार देने के लिए पेंशन जागरुकता मार्च निकाला जा रहा है। अटेवा के प्रदेश अध्यक्ष विजय बंधु के आवाह्न पर जनपद स्तर पर 25 जनवरी को पेंशन मार्च निकालकर मुख्यालय पर जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया जायेगा। जिसमें सभी अटेवा पदाधिकारियों को बुलाया गया है। जिलाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह जाटव ने बताया कि पुरानी पेंशन बहाली के आंदोलन का जनक है। अटेवा के संघर्षों की बदौलत पुरानी पेंशन कई राज्यों में बहाल हुई है। इस संघर्ष को गति देने के लिए समस्त अटेवा के पदाधिकारी, शिक्षक, कर्मचारी भाग लें।

# स्वतंत्रता के लिए नेता जी का योगदान भुलाया नहीं जा सकता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** महाराजा हरिश्चन्द्र महाविद्यालय में नेता सुभाष चन्द्र बोस की जयंती पराक्रम दिवस के रुप में मनायी गई। महाविद्यालय के प्राध्यापक ने नेता जी सुभाष चन्द्र बोस के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। विचार गोष्ठी में महाविद्यालय के शिक्षकों ने प्रकाश डाला और कहा कि भारत देश की स्वतंत्रता के लिए उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। उन्होंने कहा कि दिल्ली चलों, तुम हमें खून दो मैं तुम्हे आजादी देंगे का नारा दिया था। प्रत्येक युवा उनके जीवन से प्रेरणा लें। इस अवसर पर प्रवक्ता गजेन्द्र सिंह राजपूत, अनुराग गंगवार, टिंकू दुबे, सुभ्रा अग्निहोत्री, सोनम के अलावा छात्र-छात्रायें मौजूद रही।



सुभाष जयंती मनाते शिक्षक — समृद्धि न्यूज

## खबरें एक नजर में

### पदाभिहित अधिकारी ने ग्रामीणों को पढ़कर सुनाई मतदाता सूची



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कायमगंज के प्राथमिक विद्यालय मदारपुर के बूथ संख्या 111 पर पदाभिहित अधिकारी राजकिशोर शुक्ल मतदाता सूची पढ़कर सुनाई। मंगलवार को प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में बीएलओ समोद कुमार की उपस्थिति में ग्रामीणों को नवीन मतदाता सूची पढ़ कर सुनाई गई। राजकिशोर शुक्ल ने बताया कि जिन लोगों के वोट नहीं बनें हैं वे सभी लोग निर्वाचन आयोग की वेवसाईट पर आनलाईन पंजीयन करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है, लेकिन अवकाश होने के कारण एक दिन पूर्व 24 जनवरी को बच्चों द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली जायेगी और स्कूल बैठक आयोजित कर मतदाता जागरूकता शपथ दिलाई जाएगी तथा गणतंत्र दिवस की तैयारी पर चर्चा होगी। बैठक में खेतल सिंह, पेशकार, जयवीर, रामविलास, सुल्तान, उमेश, नन्हूं, आकाश पाल, कमलेश राजपूत, कामिनी, आशा, उमा, लक्ष्मण आदि उपस्थित रहे।

### पूर्व सैनिकों ने मनाई सुभाष चन्द्र बोस की जयंती

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने नेता सुभाष चन्द्र बोस के जन्मदिन पर फतेहगढ़ चौराहे से पद यात्रा कचहरी तक निकाली। नेता जी ने आजाद हिंद फौज का गठन किया और भारत भूमि के लिए अपने प्राणों को समर्पित कर दिया। उन्होंने प्रथम बार भारतीय ध्वज फहराकर अंग्रेजी हुकूमत को हिला दिया। सभी ने कचहरी के बाहर सुभाष प्रतिमा माल्यार्पकर उन्हें याद किया। इस मौके पर वीरेन्द्र सिंह राठौर, डीएस राठौर, रामकरन सिंह चौहान, सीपी सिंह परिहार, वीएस वर्मा, राकेश सिंह राठौर, मुनेश्वर सिंह चौहान, एनपी यादव, अहिवरन सिंह, वीरपाल सिंह, श्याम सिंह चौहान, रामप्रकाश चौहान, जवाहर सिंह, कप्तान सिंह आदि मौजूद रहे।

### भाजपा जिलाध्यक्ष ने भण्डारे का किया आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भाजपा जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता के निवास पर भण्डारे का आयोजन किया गया। नितगंजा स्थित आयोजित भण्डारे में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा से प्रसन्न होकर भण्डारे का आयोजन हुआ। इस मौके पर संजीव गुप्ता, हिमांश गुप्ता, कृष्ण मुरारी राजपूत, मुकेश गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

### पुलिस ने अभियुक्त को तमंचा व कारतूस सहित दबोचा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना शमसाबाद पुलिस द्वारा दिनांक 22 जनवरी को अभियुक्त गोपाल पुत्र शिवदत्त निवासी ग्राम उलियापुर (बलीपुर भगवन्त) थाना शमसाबाद को 01 तमंचा (अधिया) व 03 जिन्दा कारतूस 12 बोर के साथ गिरफ्तार किया है। बरामदगी के आधार पर अभियुक्त गोपाल उपरोक्त के विरूद्ध थाना शमसाबाद पर आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया। अभियुक्त को थानाध्यक्ष बलराज भाटी, उ0नि0 जितेन्द्र सिंह, हे0का0 रामजीत, का0 महकार सिंह, का0 गौरव शमिल रहे।

### जहरीला पदार्थ खाने से युवक की हालत बिगड़ी

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** जहरीला पदार्थ खाने से युवक की हालत बिगड़ गयी। परिजनों ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला चिलाकाँ निवासी अकरम उम्र 18 वर्षीय पुत्र शहाबुद्दीन की हालत बिगड़ने पर परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। वही परिजनों ने बताया कि मेरे पुत्र अकरम को मोहल्ले का प्रदीप पुत्र शीशराम अपनी बाइक पर बैठालकर कहीं ले गया और मेरे पुत्र को जहरीला पदार्थ पिला दिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गयी। परिजनों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। पुलिस का कहना है कि परिजनों की ओर से तहरीर नहीं दी गयी गयी। तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जायेगी।

### कोतवालेश्वर हनुमान मंदिर पर रामज्योति कार्यक्रम व भंडारा सम्पन्न

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कायमगंज कोतवाली स्थित कोतवालेश्वर हनुमान मन्दिर में श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष्य में आरती, विशाल भंडारा एवं रामज्योति का कार्यक्रम आयोजित किया गया। हवन के पश्चात् आरती कार्यक्रम में कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक राम अवतार व उनकी पत्नी, नगर पालिका अध्यक्ष शरद गंगवार, मन्दिर के पुजारी संगम शाक्य, बब्लू राठौर, सचिन मिश्रा, पूर्व सभासद रामप्रकाश शाक्य, गुरूदेव जी ने भाग लिया। आरती के पश्चात् आयोजित लंगर में हजारो लोगों ने प्रभु श्रीराम का प्रसाद ग्रहण किया। भाजपा के अल्पसंख्यक नेता डॉ अरशद मंसूरी ने रामभक्तों कों प्रसाद वितरित किया। कोतवालेश्वर हनुमान मन्दिर में कायमगंज के उपजिलाधिकारी यदुवंश कुमार वर्मा ने कार्यक्रम में सम्मिलित होते हुए दीपोत्सव की शुरुआत की। अपने हाथों से 05 दीपक प्रज्वलित करतें हुए राम ज्योति जलाई।

# मानव श्रृंखला बनाकर सड़क सुरक्षा के प्रति किया जागरुक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकरी संजय कुमार व जिला बेसिक शिक्षाधिकारी के निर्देशानुशर ब्लॉक गाइड कैप्टन ज्योति कुशवाहा, ब्लॉक स्काउट मास्टर योगेश कुमार ने कायमगंज ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय जेंदपुरा व उच्च प्राथमिक विद्यालय के स्टाफ व ग्रामीणों के साथ मानव श्रृंखला बनाकर सड़क सुरक्षा की शपथ दिलायी। उन्होंने कहा कि जो सड़क हादसा हो रहा है, उनको केसे कम किया जा सकता है, लोग 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को वाहन न दे। उन्होंने बताया कि दो पहिया वाहन चालक हेलमेट लगाकर ही चलाये। चार पहिया वाहन के मलिक चालक को सीट बेल्ट का प्रयोग करना चाहिए, वाहन चलाते समय फ़ोन का प्रयोग नहीं करना चाहिए। स्काउट मास्टर ने 18 वर्ष की आयु पुरी कर चुके लोगों को मतदान के प्रति जागरुक किया। 25 जनवरी को होने वाले राष्ट्रीय मतदाता दिवस के बारे में बच्चों को विद्यालय के स्टॉप व आन्य को जानकरी दी। सहायक अध्यापक संजीव कुमार ने धन्यवाद ज्ञापित किया।



मानव श्रृंखला बनाकर जागरुक करते शिक्षक

# विवेकानंद उद्यान वाटिका में मनायी गई सुभाष चन्द्र बोस की जयंती

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**अमर ज्योति** एसोसिएशन द्वारा पांचाल घाट स्थित स्वामी विवेकानंद उद्यान वाटिका में स्वतंत्रता महानायक नेता सुभाष चन्द्र बोस की जयंती मनायी गई। नेता जी के चित्र पर सभी ने पुष्प अर्पित कर जयंती मनायी। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन में नेता जी द्वारा देश की आजादी के लिए किये गये कार्यों पर प्रकाश डाला। बृजेश शरण शास्त्री ने कहा कि संत और सूर्य एवं सती किसी भी देश के नीव होते है। नेता जी सूर्यवीर एवं स्वतंत्रता के लिए किये गये उनके कार्यों से अंग्रेजी हुकूमत उनसे डरने लगी थी। उन्होंने अंतिम सांस तक देश के लिए काम किया और प्राणों को न्यौछावर कर दिया। प्रमोद तिवारी ने कहा कि स्वतंत्रता की वेदी पर नेता जी ने अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। देशवासी उनकी राष्ट्रभक्ति से सदैव प्रेरणा लेते रहेंगे। युवा नेता जी से प्रेरणा लेकर राष्ट्रहित में योग दें। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संत ब्रह्मचेतन गिरी ने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन के आकाश में नेता जी ध्रुव तारा की भांति चमकते रहेंगे। संचालन विधु शेखर मिश्रा ने किया। इस मौके पर अखिलेश, मनीष, रावेन्द्र मिश्रा, चन्द्रप्रकाश, आशुतोष तिवारी, सुभाष चन्द्र त्रिवेदी, सत्यप्रकाश आदि लोग मौजूद रहे।



सुभाष चन्द्र बोस की जयंती मनाते अमर ज्योति एसो0 के लोग — समृद्धि न्यूज

# सुभाष जयंती पर भाविप पांचाल शाखा द्वारा किया गया रक्तदान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**तुम मुझे** खून दो मैं तुम्हे आज़ादी दूंगा यह नारा देने वाले नेता जी सुभाष चन्द्र बोस जी की 125वी जयंती के अवसर पर (पांचाल प्रांत) भारत विकास परिषद पांचाल शाखा द्वारा मंगलवार को रक्तदान शिविर का आयोजन लोहिया अस्पताल में किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि डॉ0 आरके गुप्ता ने किया। शाखा अध्यक्ष आलोक गुप्ता, संस्थापक संरक्षक कन्हैया लाल जैन, अतुल रस्तोगी, जिला समन्वय समिति प्रवीण माथुर, इंजीनियर राजीव गोयल ने संयुक्त रूप से भारत माता, विवेकानंद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलन किया। रक्तदान करने वालों में पूनम जैन, शिखा गुप्ता, सरदार जगदीप सिंह, आलोक गुप्ता, शिवम गुप्ता, कन्हैया लाल अग्रवाल, अमर गुप्ता, विनभ अग्रवाल, गोविन्द वर्मा, चैतन्य रस्तोगी के नाम शामिल है। इस अवसर पर कन्हैया लाल जैन, अतुल रस्तोगी, सरदार जगदीप सिंह, शिविर संयोजक तुषार अग्रवाल, गोविन्द वर्मा ने व्यवस्था संभाली।




रक्तदान करते पांचाल शाखा के लोग — समृद्धि न्यूज

# 24 जनवरी को शिक्षक नवीन पेंशन को लेकर काली पट्टी बांधकर करेंगे विरोध

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** माध्यमिक शिक्षक संघ ने मांगों को लेकर काली पट्टी बांधकर विरोध किया। माध्यमिक शिक्षक संघ की जनपदीय कार्यकारिणी की बैठक रामानंद इंटर कालेज में सम्पन्न हुई। प्रांतीय नेतृत्व के निर्देशानुसार 24 जनवरी को सभी विद्यालयों के शिक्षक नवीन पेंशन के विरोध व तदर्थ शिक्षकों की सेवा समाप्ति के विरोध के कारण विद्यालय में उपस्थित होकर काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य का बहिष्कार करेंगे। साथ ही मुख्यमंत्री सम्बोधित ज्ञापन सौंपा जायेगा। सभी शिक्षकों को निर्देशित किया गया है कि वर्तमान शिक्षक-कर्मचारी विरोधी है। जिसके विरोध में काली पट्टी बांधकर अपने-अपने विद्यालयों में विरोध करेंगे। शिक्षक नेताओं ने जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में घोर भ्रष्टाचार की निंदा की। उन्होंने कहा कि शिक्षकों का कोई कार्य नहीं हो रहा है। भ्रष्टाचार का सहारा लिया जा रहा है। मांग की कि प्रशासन इसको संज्ञान में ले और कार्यवाही करें। सभी ने एक स्वर में कहा कि तदर्थ शिक्षकों के वेतन का भुगतान किया जाये। पुरानी पेंशन बहाल हो, निःशुल्क चिकित्सा सुविधा अनुमय हो, अवशेष भुगतान शीघ्र किया जाये। बैठक में जिलाध्यक्ष लालाराम दुबे, नरेन्द्र पाल सिंह सोलंकी, शैलेश दुबे, सतेन्द्र सिंह, संतोष दुबे, प्रदीप जायसवाल, प्रशांत कुमार मिश्रा, रजनीश शिवा, संजीव चौहान, सुधाकर चतुर्वेदी आदि लोग मौजूद रहे।

# असम में राहुल गांधी की न्याय यात्रा पर हुए हमले का कांग्रेसियों ने किया विरोध

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के आवाह्न पर जिलाध्यक्ष शकुंतला देवी व शहर अध्यक्ष पुन्नी शुक्ला व शहर कार्यवाहक अध्यक्ष अंकुर मिश्रा सहित आदि कार्यकर्ताओं ने अम्बेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण कर विरोध किया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की न्याय यात्रा जो असम में योजनाबद्ध तरीके से हमला किया, इसका कांग्रेसजन विरोध करती है। ऐसी घटनाओं से लोकतंत्र का गला घोटा जा रहा है। इन घटनाओं से कांग्रेस पीछे हटने वाली नहीं है। अम्बेडकर प्रतिमा पर कांग्रेसियों ने विरोध प्रदर्शन कर असम सरकार के खिलाफ भड़ास निकाली। इस मौके पर वरुण त्रिपाठी, आलोक कश्यप, डालचन्द्र कठेरिया, आशीष तिवारी, लकी, पप्पो, सुनीता, सबाना, अंकित पाठक, धर्मेन्द्र शाक्य, विकास, राकेश, हरीश, हिलाल सफीकी आदि लोग मौजूद रहे।



अम्बेडकर प्रतिमा पर विरोध प्रदर्शन करते कांग्रेसी

# प्रा.शि. संघ ने समस्याओं को लेकर बैठक कर बीएसए को सौंपा ज्ञापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**प्राथमिक शिक्षक** संघ ने तीन सूत्रीय समस्याओं को लेकर बीएसए को ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष लालाराम दुबे की अध्यक्षता में शिक्षक भवन फतेहगढ़ में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मांग की गई कि गूगल मीट में अनुपस्थित इंचार्ज प्रधानाध्यापक व प्रधानाध्यापक का वेतन रोकना बहुत ही अन्याय पूर्ण है। बहुत सी जगह नेटवर्क की समस्या बनी रहती है। जिस कारण कुछ लोग गूगल मीट से नहीं जुड़ पाते है। शीतकालीन समय में बिना स्पष्टीकरण वेतन रोकना शासनादेश के विपरीत है। संघ मांग करता है कि शीघ्र वेतन दिया जाये। इस माह इनकम टैक्स के फार्म भी भरे जा रहे है। जिन विद्यालयों में समस्त स्टाफ का वेतन 65 प्रतिशत से छात्र उपस्थित पर जाना भी सरासर अन्याय है। कन्वर्जन कास्ट की धनराशि व फलों की धनराशि समय पर नहीं दी जा रही है। जबकि औसतन 51 प्रतिशत छात्र उपस्थिति पर कन्वर्जन कास्ट दी जा रही है। इस आधार पर उपस्थिति वाले स्कूलों का वेतन रोंका गया है। स्कूलों में 90 प्रतिशत से अधिक छात्र उपस्थित है वहां के प्रधानाध्यापक किस आधार पर बच्चों को खाना खिलायेंगे। संगठन मांग करता है कि 65 प्रतिशत छात्र उपस्थिति वाले सभी स्कूलों को उपस्थिति बढ़ाने का मौका देते है और वेतन जारी किया जाये। अन्यथा संगठन अपने स्तर पर कोई निर्णय लेने के लिए बाध्य होगा। कन्वर्जन कास्ट की धनराशि सितम्बर माह से अब तक की बांकी है। अवशेष धनराशि तत्काल दी जाये। निर्दोष शिक्षक निर्देश गंगवार उच्च प्राथमिक विद्यालय झब्बूपुर बिना जांच के निलंबित किया गया है। 4 माह तक जांच अधिकारी द्वारा जांच नहीं करायी गई। जांच कराकर शिक्षक को बहाल किया जाये। इस मौके पर जिलामंत्री राजकिशोर शुक्ला, जितेन्द्र सिंह यादव, शकील खान, अमित मिश्रा, मुन्नालाल यादव आदि लोग मौजूद रहे।



बैठक में मौजूद प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारी — समृद्धि न्यूज





मंगलवार को फुल ड्रेस रिहर्सल के दौरान कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेते अर्द्धसैनिक बल के जवान

# नए भारत की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करेगी प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना

एजेंसी

**शिमला।** नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा'प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना' की शुरुआत की गई। यह योजना भारत की भविष्य की ऊर्जा ज़रूरतों को पूरा करेगा। इस योजना के तहत एक करोड़ घरों पर सोलर पैनल लगाया जाएगा। जिससे देश के एक करोड़ परिवारों की ऊर्जा ज़रूरतें पूरी हो सकें। इससे एक करोड़ परिवारों को बिजली का कोई बिल नहीं देना होगा। इससे बचने वाली बिजली अन्य व्यावसायिक गतिविधियों में इस्तेमाल होगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इस योजना से ग्रीन एनर्जी के क्षेत्र में भारत दुनिया के अग्रणी देशों में से एक होगा।नेता प्रतिपक्ष मंगलवार को कहा कि इतने व्यस्ततम कार्यक्रम के बाद भी 'प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना' जैसी महत्वाकांक्षी योजना देश के लोगों को समर्पित करने के लिए प्रधानमंत्री



महोदय के प्रति आभार प्रकट करते हुए समस्त देशवासियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की हर योजना देश व्यापक जनकल्याण और दीर्घकालीन लक्ष्यों को साधती है।

जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस सरकार अगर प्रदेश में सच में विकास के एक भी काम करती तो सबसे ज्यादा खुशी हमें ही होती लेकिन दुःख इस बात का है कि 14 महीनें की सरकार में कांग्रेस ने विकास का एक भी काम नहीं कर पाई है। कांग्रेस ने अपने पूरे कार्यकाल में एक जनहित का काम नहीं किया है। एक भी जनहितकारी योजना ज़मीन पर नहीं उतरी है। अब बातें बनाने का वक़्त नहीं है। ज़मीन पर काम करने का वक़्त है। लोगों में बहुत आक्रोश है। इसलिए पिछली सरकार पर आरोप लगाने के बजाए अपनी सरकार में किए गए कामों के बारे में बात करें। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि राहुल गांधी को यात्रा करने से कौन रोक रहा है लेकिन इस तरह से क़ानून की अवहेलना करके यात्रा करने का क्या औचित्य है। कहां, किस रूट पर जाना है, कहां नहीं जाना है यह सुरक्षा एजेंसियां तय करती हैं। सुरक्षा भी ऐसी यात्राओं में एक पक्ष होता है। सुरक्षा प्राथमिकताओं की उपेक्षा करने का क्या तुक है। उन्होंने कहा कि हैरानी की बात है कि राहुल गांधी असम में जाकर मंदिर जाने की ज़िद करते हैं लेकिन सदियों के संघर्ष के बाद बनने वाले राम मंदिर का विरोध करते हैं। पार्टी स्तर पर आदेश जारी करते हैं कि राम मंदिर में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा में कोई भी कांग्रेसी नेता नहीं जाएगा। बीजेपी का विरोध करते-करते कांग्रेस भगवान श्री राम का भी विरोध करने लगी है। यह दुःखद हैं।

### कल मिलेगी खुर्जा-दादरी-रेवाड़ी डबल लाइन विद्युतीकृत खंड की सौगात

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 25 जनवरी को न्यू खुर्जा (केआरजेएन) से न्यू दादरी (डीईआरएन) से न्यू रेवाड़ी (आरईजेएन) तक नव विद्युतीकृत डबल लाइन डीएफसीसीआईएल खंड राष्ट्र को समर्पित करेंगे। डीएफसी प्रवक्ता ने मंगलवार को बताया कि इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम को न्यू रेवाड़ी स्टेशन से एक मालगाड़ी को हरी झंडी दिखाकर शुरू किया जाएगा डीएफसी के न्यू खुर्जा, न्यू दादरी-न्यू रेवाड़ी जंक्शन तक का 173 किलोमीटर लम्बा विद्युतीकृत डबल लाइन सेक्शन पश्चिमी और पूर्वी डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (डीएफसी) के बीच महत्वपूर्ण कनेक्टिविटी स्थापित करने में विशेष महत्व रखता है। परियोजना की कुल लागत 10,141 करोड़ रुपये आई है। विद्युतीकृत डबल लाइन पर डीएफसी ने छह स्टेशन बनाए हैं। इनमें न्यू बोराकी, न्यू दादरी, न्यू फरीदाबाद, न्यू पृथला, न्यू ताउरू और न्यू धारूहेड़ा शामिल हैं।

# कंगना की फिल्म इमरजेंसी 14 जून को होगी रिलीज

एजेंसी

**मुंबई।** कई सुपरहिट फिल्मों में काम कर चुकीं अभिनेत्री कंगना रनौत अब अपनी फिल्म 'इमरजेंसी' को लेकर सुर्खियों में हैं। इस फिल्म में वह इंदिरा गांधी की भूमिका में नजर आएंगी। इस फिल्म का ट्रेलर कुछ दिनों पहले रिलीज किया गया था। ट्रेलर को दर्शकों का अच्छा रिस्पॉन्स मिला। तभी से दर्शक फिल्म 'इमरजेंसी' का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। अब इस फिल्म की रिलीज डेट सामने आ गई है। कंगना ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर कर फिल्म 'इमरजेंसी' की रिलीज डेट की घोषणा की है। पोस्ट में कंगना ने फिल्म 'इमरजेंसी' से अपने लुक की तस्वीर शेयर की है। इस फोटो को शेयर करते हुए उन्होंने लिखा, अब भारत के सबसे भयानक समय की कहानी से पर्दा खुलने वाला है। यह फिल्म 14 जून 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। सबसे निडर और प्रखर प्रधानमंत्री की कहानी के साक्षी बनें। कंगना की फिल्म 'इमरजेंसी' 14 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। कंगना का पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। इस बीच फिल्म 'इमरजेंसी' पिछले साल 24 नवंबर को रिलीज होने वाली थी, लेकिन उस दौरान कंगना की एक के बाद एक फिल्में आने की वजह से रिलीज की तारीख स्थगित कर दी।



## खबरें एक नजर में

### यूपी में निवेश के नए द्वार खोलेगा यूपीआईटीईएक्स



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश में आर्थिक विकास को गति देने और विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देने के एक ठोस प्रयास के तहत पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआई) का यूपी चैप्टर यूपी इंटरनेशनल ट्रेड एक्सपो (यूपीआईटीईएक्स) की मेजबानी के लिए तैयारी कर रहा है। यह पांच दिवसीय कार्यक्रम 25 जनवरी से 29 जनवरी तक लखनऊ के प्रतिष्ठित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में होगा। सह अध्यक्ष राजेश निगम ने कहा कि यूपी को निवेश चुंबक के रूप में स्थापित किया जा रहा है। ऐसे में यूपीआईटीईएक्स आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के हमारे लक्ष्य के अनुरूप है। पीएचडीसीसीआई के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ रंजीत मेहता ने कहा कि यूपीआईटीईएक्स दुनियाभर से 300 से अधिक एग्जीबीटर्स को एक साथ लाकर सहयोग के प्रमाण के तौर पर खड़ा है। यह मंच न केवल यूपी की क्षमता को उजागर करता है बल्कि आर्थिक विस्तार के लिए अहम अंतरराष्ट्रीय साझेदारी को भी बढ़ावा देता है। रीजनल डायरेक्टर श्री अतुल श्रीवास्तव ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि यूपीआईटीईएक्स में पर्याप्त भागीदारी इसके महत्व का प्रमाण है। हम पिछले 118 वर्षों में अपने सदस्यों के अटूट समर्थन के लिए उनका आभार व्यक्त करते हैं। हम मिलकर उद्योग की चुनौतियों का समाधान करेंगे और सुनिश्चित करेंगे कि यूपी नई आर्थिक ऊंचाइयों तक पहुंचे। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मौजूद अन्य प्रतिष्ठित हस्तियों में पीएचडीसीसीआई के असिस्टेंट सेक्रेटरी जनरल डॉ. जतिंदर सिंह और पीएचडीसीसीआई के स्टार सदस्य , शुभम गोल्डी मसाले प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक श्री सुदीप गोयनका शामिल रहे।

### छत्तीसगढ़ : दस किलो का कुकर बम बरामद

**कोण्डागांव।** थाना क्षेत्र बयानार के ग्राम जतरबेडा जाने वाले कच्ची सड़क पर दस किलो वजन का कुकर बम (आईईडी) बरामद हुआ, जिसे बम डिस्पोज टीम ने सुरक्षित ब्लास्ट कर दिया है। इस संबंध में डीएसपी नक्सल सतीश भार्गव से मिली जानकारी के मुताबिक मंगलवार 23 जनवरी को प्रातः करीबन 09:00 बजे ग्राम बयानार से जतरबेडा जाने वाली कच्ची सड़क में आईईडी लगे होने की सूचना मिली। पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार के निर्देश पर बीडीएस टीम कोण्डागांव के द्वारा जतरबेडा मार्ग का संघन सर्चिंग करने के दौरान पहाड़ी के किनारे कच्ची सड़क पर लगभग 10 किलो वजन का एक कुकर बम (आईईडी) बरामद किया गया। यह आईईडी अज्ञात माओवादियों द्वारा पुलिस बल व आम जनता को नुकसान पहुंचाने की नीयत से लगाया गया था। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए उक्त कुकर बम (आईईडी) को मौके पर बीडीएस टीम द्वारा निष्क्रिय किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना बयानार पुलिस, बीडीएस कोण्डागांव एवं डीआरजी बयानार टीम का विशेष योगदान रहा।

### भीड़ को उकसाने के लिए राहुल पर दर्ज होगा केस

**गुवाहाटी।** गुवाहाटी, 23 जनवरी (हि.स.)। मुख्यमंत्री डॉक्टर हेमंत विश्व शर्मा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी व जितेन्द्र सिंह के उकसावे पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं के पुलिस की बेरीकेडिंग तोड़ने पर मामला दर्ज करने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस के पास इसके पर्याप्त सबूत हैं। दरअसल, मंगलवार को राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को गुवाहाटी में प्रवेश करने से रोकने को लेकर कांग्रेस समर्थकों और असम पुलिस के बीच जोरदार झड़प हुई थी। इसके बाद तनाव बढ़ गया। स्थानीय प्रशासन ने राहुल गांधी की न्याय यात्रा को गुवाहाटी शहर में प्रवेश की अनुमति नहीं दी थी। इस पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने खानापाड़ा के कोईनाधारा में इसके विरोध में प्रदर्शन किया। इसके बाद तनाव बढ़ गया। असम के मुख्यमंत्री डॉ हिमंत बिस्व सरमा ने राज्य पुलिस को निर्देश दिया है कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच झड़प के बाद भीड़ को उकसाने के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज किया जाए।

### शुभमन गिल बने क्रिकेटर ऑफ द ईयर 2023

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेटर्स के लिए 23 जनवरी का दिन बेहद खास है। दरअसल, बीसीसीआई का सालाना अवॉर्ड्स प्रोग्राम मंगलवार को हैदराबाद में आयोजित होगा। इस समारोह में पूर्व भारतीय दिग्गज रवि शास्त्री और मौजूदा टीम के युवा स्टार ओपनर शुबमन गिल को सम्मानित किया जाएगा। बता दें कि, इस अवॉर्ड शो में रवि शास्त्री को बीसीसीआई लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से नवाजा जाएगा। वो भारतीय टीम के हेड कोच रह चुके हैं, उनके अलावा गिल को 2023 का क्रिकेटर ऑफ द ईयर चुना गया है। बीसीसीआई अवॉर्ड्स 2019 के बाद पहली बार आयोजित किए जा रहे हैं। बीसीसीआई के इस कार्यक्रम में इंग्लैंड की टेस्ट टीम भी शामिल रहेगी। इंग्लैंड टीम को भारत दौरे पर 5 मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है। जिसका पहला मुकाबला 25 जनवरी से हैदराबाद में ही खेला जाएगा। इस मामले में गिल ने विराट कोहली, रोहित शर्मा और मोहम्मद शमी को भी पछाड़ दिया है। तेज गेंदबाज शमी ने वनडे वर्ल्ड कप 2023 में सबसे ज्यादा 24 विकेट झटके थे। जबकि विराट कोहली और रोहित शर्मा ने भी शानदार प्रदर्शन किया था। लेकिन फिर गिल आगे हैं। वहीं साल 2023 गिल के लिए बेहतरीन रहा। वह वनडे के सबसे सफल क्रिकेटर भी रहे थे। इस एक कैलेंडर ईयर में गिल ने वनडे फॉर्मेट में 5 शतक जमाए। साथ ही इसी साल गिल ने वनडे में सबसे तेज 2 हजार रन बनाने का रिकॉर्ड भी अपने नाम किया है।

### राष्ट्रपति ने नेताजी को अर्पित की श्रद्धांजलि



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को राष्ट्रपति भवन में नेताजी सुभाष चंद्र बोस को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। नेताजी की जयंती को राष्ट्र पराक्रम दिवस के रूप में मनाता है। राष्ट्रपति मुर्मू ने इससे पहले सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा, पराक्रम दिवस के रूप में मनाई जा रही नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर मैं अपनी सादर श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं। नेताजी ने भारत की स्वतंत्रता के लक्ष्य के लिए असाधारण प्रतिबद्धता प्रदर्शित की थी। उनके अद्वितीय साहस और करिश्माई व्यक्तित्व ने भारतवासियों को औपनिवेशिक शासन के विरुद्ध निडरता से लड़ने के लिए प्रेरित किया। उनके ओजस्वी व्यक्तित्व का हमारे स्वतंत्रता संग्राम पर गहरा प्रभाव पड़ा।

## आईसीसी पुरुष वनडे टीम ऑफ द ईयर 2023 के कप्तान चुने गए रोहित

**नई दिल्ली।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को आईसीसी पुरुष वनडे टीम ऑफ द ईयर 2023 का कप्तान चुना गया है। टीम में विराट कोहली, बल्लेबाज शुभमन गिल, स्टार पेसर मोहम्मद सिराज, मोहम्मद शमी और स्पिनर कुलदीप यादव शामिल हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मंगलवार को एक आधिकारिक बयान में कहा, आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप के फाइनल में आमने-सामने हुए ऑस्ट्रेलिया और भारत के सितारे 2023 के लिए आईसीसी पुरुष वनडे टीम ऑफ द ईयर पर हावी हैं। भारत के कप्तान रोहित ने 2023 में सनसनीखेज प्रदर्शन करते हुए 52 की औसत से 1255 रन बनाए। हिटमैन पिछले साल वनडे विश्व कप में अफगानिस्तान के खिलाफ 131 रनों की शानदार पारी के साथ अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में थे। युवा खिलाड़ी शुबभन गिल ने कैलेंडर वर्ष के दौरान 1584 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड 2023 के अधिकांश समय में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर थे, उन्होंने ऑस्ट्रेलिया को भारत में छठा विश्व कप जीतने में मदद की।

# मेरी सफलता का पैमाना टेस्ट क्रिकेट : बुमराह

एजेंसी

**हैदराबाद।** भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने कहा कि उनके लिए हमेशा सफलता का पैमाना टेस्ट क्रिकेट ही रहेगा। बुमराह ने ब्रिटिश डेली समाचार पत्र द गार्डियन से बातचीत में यह बात कही। उन्होंने कहा, टेस्ट क्रिकेट में भाग्य का कोई खेल नहीं होता, यहां बेहतर टीम ही जीत हासिल करती है। आपको भाग्य के सहारे 20 विकेट नहीं मिल सकते। केवल व्हाइट बॉल क्रिकेट खेलकर मैं कभी भी संतुष्ट नहीं रहने वाला था, टेस्ट क्रिकेट का दर्जा मेरे लिए सबसे ऊपर है।÷

तेज गेंदबाज ने कहा, ÷मैं जिस दौर का हूं उस समय के लोगों के लिए टेस्ट क्रिकेट की अहमियत कही अधिक है और मैं हमेशा ही अपने प्रदर्शन को परखने के लिए टेस्ट क्रिकेट को ही आधार बनाऊंगा। हां, मैंने आईपीएल से शुरुआत की थी, लेकिन प्रथम श्रेणी क्रिकेट के जरिए ही मैंने गेंदबाजी सीखी। उन्होंने कहा, बैजबॉल की अवधारणा से मैं स्वयं को जोड़ नहीं पाता लेकिन वे इस समय इस तरह की क्रिकेट खेलकर अधिक सफल हैं और दुनिया को यह बता रहे हैं कि इस तरह से भी टेस्ट क्रिकेट खेली जा सकती है। लेकिन इसके साथ ही एक गेंदबाज के तौर पर मुझे यही लगता है कि इस शैली की क्रिकेट मुझे गेम में बनाए रखती है। एक गेंदबाज के तौर पर मैं हमेशा यही सोचता हूं कि कैसे किसी चीज का फायदा उठाया जाए। उन्हें शुभकामनाएं, लेकिन एक गेंदबाज के तौर पर आप गेम में बने रहते हैं। अनुभवी तेज गेंदबाज बुमराह 32 टेस्ट मैच खेले हैं। हालांकि 25 जनवरी को हैदराबाद में शुरु होने वाला टेस्ट मैच घर पर उनका पांचवां टेस्ट मैच ही होगा।



### इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में विकेटकीपर के तौर पर नहीं खेलेंगे केएल राहुल



**हैदराबाद।** भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने मंगलवार को कहा कि बल्लेबाज केएल राहुल इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला में विकेटकीपर के रूप में नहीं खेलेंगे। भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज गुरुवार से हैदराबाद में शुरू हो रही है और अगले चार मैच विजाग, राजकोट, रांची और धर्मशाला में खेले जाएंगे। भारत के मुख्य कोच ने कहा कि जहां राहुल स्टंप के पीछे उत्कृष्ट रहे हैं, वहीं टीम में दो कुशल विकेटकीपर हैं जिन्हें इस भूमिका के लिए चुना जाएगा। भारत ने राहुल के अलावा दो अन्य विकेटकीपर केएस भरत और ध्रुव जुरेल को टीम में शामिल किया है। द्रविड़ ने कहा कि यह निर्णय श्रृंखला की अवधि और मौसम की स्थिति को देखते हुए लिया गया। द्रविड़ ने मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, राहुल श्रृंखला में विकेटकीपर के रूप में नहीं खेलेंगे। मुझे लगता है कि हम चयन से ही इसके बारे में काफी स्पष्ट थे। हमने दो अन्य लोगों को चुना था जो हमारे लिए कीपिंग करेंगे। राहुल ने दक्षिण अफ्रीका में हमारे लिए शानदार काम किया और वास्तव में उन्होंने उस श्रृंखला को ड्रा कराने में बड़ी भूमिका निभाई।

# बच्चों में दिखे ऐसे लक्षण तो न करें अनदेखा

गलत खान-पान और खराब लाइफस्टाइल के चलते इन दिनों हार्ट अटैक के मामले काफी बढ़ रहे हैं। जहां पहले यह बीमारी लोगों को 60 के बाद होती थी वहीं आजकल युवा और छोटे बच्चे भी इसका शिकार हो रहे हैं। हाल ही में आई रिपोर्ट्स के अनुसार, रविवार को यूपी के अमरोहा जिले के हसनपुर कोतवाली के हथाईखेड़ा गांव में कामिनी नाम की 5 साल की लड़की की हार्ट अटैक से मौत हो गई है। यह लड़की अपने मोबाइल फोन पर कार्टून देख रही थी।

खबरों की मानें तो बच्ची बिस्तर पर मां के बगल में ही लेटकर कार्टून देख रही थी कि तभी वह अचानक से बेहोश होकर गिर पड़ी। इसके बाद जल्दबाजी में उसे अस्पताल में ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों ने बताया कि बच्ची की मौत हार्ट अटैक के कारण हुई है।



### लक्षण

हार्ट अटैक आने से पहले कुछ लक्षण भी दिख सकते हैं जैसे

1. सीने में दर्द या दबाव पड़ना
2. सांस लेने में तकलीफ
3. कंधे, गर्दन, जबड़े या पीठ में दर्द
3. चक्कर आना या बेहोशी
4. उल्टी या मतली

### कैसे करें बच्चों की देखभाल

हार्ट अटैक का मुख्य कारण स्ट्रेस, एंग्जाइटी और तनाव भी हो सकता है। ऐसे में बच्चों को किसी भी तरह का तनाव न लेने दें।

### अच्छी डाइट

स्वस्थ खान-पान के जरिए बच्चों में दिल की बीमारी का खतरा कम हो सकता है। ऐसे में आप बच्चों की डाइट में फ्ल, सब्जियां, साबुत अनात और कम फैट वाले प्रोटीन को शामिल करें। सर्दियों के इस मौसम में बच्चों की डाइट में गर्म चीजें जैसे सूप, शीरा और स्टू जैसी चीजें शामिल करें।

### नियमित एक्सरसाइज

बच्चों को नियमित एक्सरसाइज करने की आदत डालें। आउटडोर एक्टिविटीज के लिए बच्चों को प्रेरित करें।

### पर्याप्त मात्रा में पानी पिलाएं

ठंड के इस मौसम में भी बच्चों को हाइड्रेटेड रखें। डिहाइड्रेशन के कारण उनके हार्ट पर दबाव पड़ सकता है। ऐसे में उन्हें नियमित पानी पिलाने की आदत डालें।

# सर्दियों में लड्डू बनाते समय इन गलतियों से बचें

अगर आप घर पर ही एकदम परफेक्ट तरीके से लड्डू बनाना चाहते हैं तो आपको अपने शुगर सिरप की कंसिस्टेंसी पर खास ध्यान देना हो। यदि चाशनी बहुत अधिक गाढ़ी या पतली होती है, तो इससे लड्डू की शेप पर असर पड़ता है।

जब ठंड का मौसम आता है तो हम सभी की शुगर क्रेविंग्स बहुत ज्यादा बढ़ जाती हैं। इस मौसम में हम सभी तिल से लेकर नारियल आदि के लड्डू अपने घर पर बनाते ही हैं। वहीं कुछ लोग बाजार से लड्डू लाकर खाते हैं। दरअसल, जब वे घर पर लड्डू बनाते हैं तो वे उतनी अच्छे नहीं बनते हैं या फिर सही तरह से बन ही नहीं पाते हैं।

उन्हें समझ में नहीं आता है कि आखिरकार गड़बड़ कहां हो रही है।

दरअसल, लड्डू बनाते समय हम अक्सर कुछ गलतियां कर बैठते हैं, जिसके बारे में आज हम आपको इस लेख में बता रहे हैं- कुछ लोग सूखे मेवे और मसाले को भूनते नहीं हैं और उसे ऐसे ही रेसिपी में इस्तेमाल करते हैं। हालांकि, आपको ऐसा नहीं करना चाहिए। इससे वे सॉगी हो जाते हैं और स्वाद कम हो जाता है। वहीं, अगर आप इंग्रीडिएंट्स को भूनते हैं तो इससे लड्डू का टेस्ट कई गुना बढ़ जाता है।



यह तो हम जानते हैं कि लड्डू बनाने के लिए इंग्रीडिएंट्स को भूनना बहुत जरूरी है, लेकिन इस स्टेप को सही तरह से करना जरूरी है। कभी भी तेज आंच पर इंग्रीडिएंट्स को ना भूनें। कई बार हम जल्दी के चक्कर में ऐसा करते हैं, लेकिन इससे इंग्रीडिएंट जल जाते हैं। उदाहरण के लिए, बेसन या बूंदी को तेज आंच पर तलने से वे सूखे, बेस्वाद और सख्त हो सकते हैं।

### शुगर सिरप की कंसिस्टेंसी में गड़बड़ी

अगर आप घर पर ही एकदम परफेक्ट तरीके से लड्डू बनाना चाहते हैं तो आपको अपने शुगर सिरप की कंसिस्टेंसी पर खास ध्यान देना हो। यदि चाशनी बहुत अधिक गाढ़ी या पतली होती है, तो इससे लड्डू की शेप पर असर पड़ता है। ऐसे में वह या तो बहुत अधिक नरम या फिर एकदम सख्त हो जाता है। चाशनी एक तार की होनी चाहिए। यही लड्डू के लिए एकदम सही मानी जाती है।

### नमी को नजरअंदाज करना

लड्डू बनाते समय एक आम गलती यह है कि रेसिपी में या तो बहुत कम या बिल्कुल भी दूध नहीं डाला जाता है। कुछ लोग इसमें घी भी नहीं मिलाते हैं, जिससे आटा बाद में जम जाता है और फिर लड्डू बहुत सख्त बनते हैं। यहां तक कि वे खाने में बिल्कुल भी अच्छे नहीं लगते हैं।